FOR REFERENCE ONLY

विकेन्द्रीकृत जिला सेक्टर योजना

सप्तम पंचवर्षीय योजना

1985-90

तृतीय वर्ष

1987-88

कार्यालय जिला संख्याधिकारी
अर्थ एवं संख्या प्रभाग
राज्य नियोजन संस्थान

5424
309.2
UTT

जनपद-रायबरेली

विकेन्द्रीकृत जिला सेक्टर योजना

सप्तम पंच वर्षीय योजना

का

तृतीय वर्ष

1987-88

जनपद - रायबरेली ।

कार्यालय जिला संख्याधिकारी,
रायबरेली ।

54248
309.26
UTT

NIEPA DC
D03856

Sub. National Systems Unit,
National Institute of Educational
Planning and Aministration
17-B,Sri Aurbindo Marg,New Delhi-110016
DOC. No. 3856
Date 14/12/82

प्रस्तावना

विकेन्द्रित जिला योजना वर्ष 1987-88 सप्तम पंचवर्षीय योजना का तृतीय वर्ष है। वर्ष 1982-83 से नियोजन प्रक्रिया के विकेन्द्रीकरण के पश्चात् योजनाओं के त्वरित कार्यान्वयन से अवस्थापनाओं का सृजन कर अन्तर-क्षेत्रीय विषमताओं को दूर करके जनपद के विकास की गति को तीव्र किया जा सका है। वास्तव में सातवीं योजनाकाल में राष्ट्रीय विकास के उद्देश्योंको विकेन्द्रित योजना के माध्यम से प्राप्त करने में सफलता मिलेगी।

2- सातवी योजना काल में पूर्व निर्धारित मूल उद्देश्यो को दृष्टिगत रखते हुए आर्थिक विकास, रोजगार के अवसर का सृजन, गरीबी दूर करना तथा उत्पादकता मे वृद्धि हेतु योजनाओ की संरचना की गई है। वर्ष 1987-88 हेतु शासन द्वारा जनपद रायबरेली को 7-91 करोड़ रुपएका वित्तीय परिव्यय राज्य अंश के रुप में स्वीकृत किया गया हैजो कि वर्ष 1986-87 के वित्तीय परिव्यय से 13-45 प्रतिशत अधिक है। कुल स्वीकृत वित्तीय परिव्यय में से 81-33 लाख रुपए (10-28 प्रतिशत) वेतन आदि पर, 2-58 करोड़ रुपए (32-63 प्रतिशत) पूंजीगत तथा शेष अन्य मदो पर व्यय प्रस्तावित है। सभी व्यय चालू योजनाओ पर किया जाना है। इसी वर्ष 2-86 करोड़ रुपए (36-14 प्रति) न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम पर व्यय होने की सम्भावना है। विभिन्न विभागो द्वारा विशेष अंश योजनान्तर्गत 2-46 करोड़ रुपए (31-10 प्रतिशत) हरिजनो हेतु परिव्यय मात्राकृत की गई है।

3- जनपद को कुल आवंटित राज्य अंश कीधनराशि के अतिरिक्त लगभग 7-87 करोड़ रुपए का वित्त पोषण केन्द्र सरकार, संस्थागत वित्त, ग्राम पंचायते, व्यक्तिगत पूजी निवेश एवं अन्य श्रोतों द्वारा किया जाना सम्भावित है। इस अतिरिक्त धनराशि को शामिल करने पर वर्ष 1987-88 के लिए जिला सेक्टर, योजनान्तर्गत कुल 15-78 करोड़ रुपए का परिव्यय निर्धारितकिया गया है। इस प्रकार जिला योजना के अन्तर्गत वर्ष में 83-61 ~~करोड़~~ रुपए प्रति व्यक्ति व्यय का प्रस्ताव रखा गया है।

इस प्रकार राज्य अंश परिव्यय के अलावा अन्य स्रोतों से प्राप्त धन का भी अनुमान लगाया गया है ।

4- गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लक्ष्य-संवर्ग को, एकीकृत ग्राम्य विकास योजना, विशेष अंश योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम आदि द्वारा लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है ।

5- वर्ष 1987-88 में खाद्यान्न उत्पादन का लक्ष्य 6 लाख मी०टन प्रस्तावित किया गया है । सिंचन क्षमता में वृद्धि करके फसल सघनता में वृद्धि का प्रस्ताव है । रसायनिक उर्वरक, उन्नतिशील बीज, सघन कृषि रक्षा कार्यक्रम, भूमि संरक्षण तथा कृषि में उन्नतिशील विधियों में वृद्धि कर, उत्पादन-लक्ष्य प्राप्त किया जायगा ।

6- अति वृष्टि एवं बाढ़ के प्रकोप से जनपद के संचार साधन खराब हुए हैं। अत: आवागमन के साधनों को ठीक करने एवं अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने हेतु सड़क व पुल के अंतर्गत अधिक वित्तीय प्राविधान किया गया है । न्यूनतम आवश्यकता कार्य-पेयजल, चिकित्सा तथा शिक्षा के क्षेत्र में भी समुचित वित्तीय प्राविधान कर, जनता के सामाजिक, आर्थिक स्तर को उठाने का प्रयास किया गया है । युवकों तथा श्रमिकों के हेतु भी योजना में प्राविधान किया गया है ।

7- विकेन्द्रित योजना प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु यह आवश्यक प्रतीत होता है कि योजनाओं के मूल्यांकन एवं अनुश्रवण कार्य के लिए जिला स्तर पर अर्थ एवं संख्या प्रभाग की इकाई को और सुदृढ़ किया जाय तथा जिला प्रशासन को और अधिक वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार दिए जायं ।

8- सूझ बूझ व कठिन परिश्रम से जिला योजना की सफल व ससमय संरचना के लिए श्री जगदीश प्रसाद पाण्डेय, जिला अर्थ अधिकारी तथा श्री बृजकिशोर शुक्ल, सहायक अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रशंसा के पात्र हैं । इस कार्य में सहयोग देने वाले अन्य कर्मचारियों को भी साधुवाद दिया जाता है ।

(कालिका प्रसाद)
जिलाधिकारी,
रायबरेली ।

अनुक्रमणिका

विकेन्द्रित जिला योजना वर्ष 1987-88

अध्याय क्रमसं0	अध्याय का विवरण	पृष्ठ संख्या
1	2	3

भाग- एक

1-	भूमिका	1-5
2-	अवस्थापना	6-10
3-	प्रशासनिक एवं संस्थागत ढांचा	11-12
4-	आर्थिक कार्य कलाप	13-14
5-	सेवायोजन संबंधी समस्याएं	15-16
6-	पिछड़े समुदाय की समस्या	17-18
7-	जिला योजनाओं का समालोचनात्मक अध्ययन (विभागवार योजनाओं का विवरण)	19-87
8-	स्थानीय संसाधनों का वर्णन	88
9-	दीर्घकालीन विकास की रूपरेखा	89
10-	जिला योजना की पूर्वता	90
11-	राष्ट्रीय न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम	91-94
12-	पिछड़े समुदाय के कार्यक्रम	95
13-	जनपद के विकास कार्यक्रम, वेतन, पूंजीगत, न्यूनतम आवश्यकता, अवस्थापना निर्माण, प्रगति, राष्ट्रीय रोजगार कार्यक्रम, चयनित स्थल, प्रमुख सेक्टरवार विभाजन तथा पी0एल0ए0 की धनराशि	96-10[illegible]
13. 1-	जनपद के प्रस्तावित नए विकास कार्यक्रम	96-102
13. 2-	कुल परिव्यय का पूंजी गत, वेतन तथा न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम वार विभाजन	103-104

13. 3- स्थापना/निर्माण कार्यों के परिव्यय का मदवार विभागजन 105-106

13. 4- अब तक की वित्तीय प्रगति का विवरण 107-108

13. 5 राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम 109

13.6- वर्ष 1987-88 हेतु चयनित स्थलों की अस्थाई सूची 110-116

13. 7- जनपद के कुल परिव्यय का सेक्टरवार विभागजन 117

13. 8- विभिन्न विभागों के अंतर्गत पी०एल०ए० की धनराशि 118

14- योजनाओं का वित्त पोषण तथा
जिला सेक्टर एवं इसके अतिरिक्त अन्य
श्रोतों से प्राप्त धनराशि का श्रोत
वार एवं विभाग वार विवरण

14-1- योजनाओं के वित्त पोषण की व्यवस्था 119

14-2- श्रोत वार वित्त पोषण 120

14-3- श्रोतवार एवं विभाग वार वित्त पोषण 121-122

15- विशेष समन्वित योजना एवं हरिजनों
हेतु मात्राकृत धनराशि

15-1- विशेष समन्वित योजना 123-125

15-2- हरिजनो हेतु विभिन्न विभागों के अंतर्गत मात्राकृत धनराशि 126

भाग - दो

16- जिला सेक्टर योजना का विभाग वार वित्तीय परिव्यय ‖ जी०एन०-1 ‖ 127-130

17- जिला सेक्टर योजना का योजनावार वित्तीय परिव्यय ‖ जी०एन०-2 ‖ 131-158

18- प्रमुख भौतिक लक्ष्य/ उपलब्धियाँ ‖जी०एन०-3 ‖ 159-180

19- गत वर्षों के अधूरे निर्माण कार्यों तथा वर्ष 1986-87 हेतु प्रस्तावित निर्माण कार्यों का वित्तीय परिव्यय ‖ जी०एन०-4 ‖ 181-189

भाग - तीन

20- विकेन्द्रित नियोजन प्रणाली में संबंधित आधार भूत आंकड़े 190-295

21- विकेन्द्रित जिला योजना से संबंधित मानचित्र 296-300

बृज किशोर शोरु
सहायक अर्थ एवं संख्या अधिकारी,
रायबरेली ।

विकेन्द्रीकृत जिला सेक्टर योजना

सप्तम पंचवर्षीय योजना

तृतीय वर्ष - 1987-88

भाग - एक

जिला योजना के विवेचनात्मक अध्याय

जनपद- रायबरेली

कार्यालय जिला संख्याधिकारी,

रायबरेली।

अध्याय-1

भूमिका

1-1- स्थिति:-

रायबरेली जनपद उत्तर प्रदेश के मध्य में जनपद लखनऊ के दक्षिण पूर्व में स्थित है । इसकी स्थिति 25-49 उत्तरी अक्षांश तथा 80-41 और 81-34 पूर्वी देशान्तर के मध्य है । यह उत्तर में लखनऊ बाराबंकी से पूर्व में सुल्तानपुर व प्रतापगढ़ से दक्षिण में फतेहपुर तथा पश्चिम में उन्नाव जनपद से घिरा हुआ है । इसकी दक्षिणी सीमा पर गंगा नदी बहती है, जो इसे फतेहपुर जनपद से मिलाती है ।

1. 2-उप सम्भाग:-

जनपद की जलवायु, भूमि का प्रकार, भौगोलिक परिस्थिति एवं विकास के स्तर के आधार पर उसे तीन उप सम्भागों में विभाजित किया गया है । विकास खण्डों की उप सम्भागवार संख्या निम्न प्रकार है:-

1. 2-1- प्रथम उप सम्भाग:-

बछरांवा, हरचन्द्पुर, महराजगंज, सतांव, राही, शिवगढ़ तथा अमावां ।

1. 2-1- द्वितीय उप सम्भाग:-

खीरों, सरेनी, डलमऊ, जगतपुर, लालगंज ।

1. 2-1-तृतीय उप सम्भाग:-

सलोन, बहादुरपुर, सिंहपुर, तिलोई, ऊँचाहार, डीह तथा छतोह ।

1-3-उप सम्भागवार कुल क्षेत्र, वन क्षेत्र तथा बोया गया शुद्ध क्षेत्रफल:-

विभिन्न उप सम्भागों में कुल भौगोलिक क्षेत्र, वन क्षेत्र तथा बोया गया कुल क्षेत्रफल वर्ष 1983-84 के आधार पर निम्न प्रकार है:-

उप सम्भाग	कुल भौगोलिक क्षेत्रफल §हे0 में0§	वन क्षेत्र §हे0में0§	कुल बोया गया क्षेत्रफल §हे0 में0§
1	2	3	4
1-	157932	1831	148326
2-	127832	921	99672
3-	125136	2051	134357
जनपद योग	460900	4803	382355

1-4 उप सम्भागों की स्थिति:-

उप सम्भागवार स्थिति निम्न प्रकार है:-

1.4-1-प्रथम उप सम्भाग:-

प्रथम उप सम्भाग जनपद के उत्तर पश्चिम से लेकर जनपद के मध्य तक स्थित है । इस उप सम्भाग में एक हल्का ढलाव उत्तर पश्चिम से दक्षिण पूर्व तक है । उत्तर में कुछ नीची-ऊँची भूमि है, जिसके कारण कहीं-कहीं पानी का जमाव हो जाता है ।

1.4-2 द्वितीय उप सम्भाग:-

द्वितीय उप सम्भाग का बहुत बड़ा भाग जनपद के दक्षिण में है । कुछ भाग पश्चिम में भी पड़ता है । दक्षिण में इस सम्भाग को गंगा नदी फतेहपुर जनपद से अलग करती है । यह उप सम्भाग गंगा तथा सई नदियों के मध्य स्थित है । नदियों के किनारे भूमि ऊँची-नीची है अन्यथा सामान्य रूप से भूमि समतल है । गंगा के किनारे जहाँ नदियां या नाले मिलते हैं, कछार क्षेत्र है । जिसकी भूमि समतल न होने के कारण पानी का ठहराव हो जाता है ।

1.4-3- तृतीय सम्भाग:-

तृतीय उप सम्भाग का बड़ा भाग जनपद के पूर्व में स्थित है व कुछ हिस्सा जनपद के दक्षिण पूर्व में स्थित है । इस सम्भाग में सई नदी लगभग मध्य से बहती है , जिसमें बहादुरपुर व सलोन विकास खण्डों में कुछ नाले भी आकर मिलते है। सई नदी व उसमें मिलने वाले नालों के किनारे की भूमि ऊँची-नीची और कई स्थानों पर बीहड़ क्षेत्र है । दक्षिण ऊँचाहार विकास खण्ड के पास गंगा के किनारे बीहड़ कछार क्षेत्र है । जहाँ पानी का ठहराव हो जाता है ।

1-5- भूमि संरचना:-

सम्पूर्ण जनपद में भूमि की किस्म हल्की भूड़ से लेकर भारी मटियार किस्म की है । उप सम्भाग प्रथम के अधिकांश उत्तरी भाग में भूमि मटियार है । यह भूमि नमी को आवश्यकता से अधिक संचय करती है । कुछ क्षेत्रों में जाड़ों में काफी नमी रहती है । जिसके कारण खेतों की बुआई में देरी होती है या बुआई सम्भव नहीं हो पाती है ।

प्रथम उप सम्भाग के दक्षिण व पूर्व में दोमट व नदियों के किनारे हल्की भूमि है । दोमट भूमि की संरचना उत्तम है परन्तु हल्की भूमि में पानी के संचय की क्षमता अधिक नहीं है । इस उप सम्भाग में जगह-जगह पानी के निकास की व्यवस्था नहीं है ।

उप सम्भाग-2 में भूमि की किस्म अधिकतर दोमट है और भूमि की संरचना ऐसी है कि नमी के संचयकी क्षमता उत्तम है । इस सम्भाग के दक्षिण में गंगा नदी के किनारे काफी बड़े क्षेत्र में कछार व भूमि हल्की किस्म की है । इस भूमि में नमी के संचय की क्षमता बहुत कम है ।

तृतीय उप सम्भाग में अधिकतर भूमि की किस्म दोमट व हल्की दोमट है । इस भूमि में नमी संचय की क्षमता अधिक है । यह भूमि कृषि कार्यों के लिए उत्तम मानी जाती है । इस उप सम्भाग में सई नदी और उसमें मिलने वाले नालों के किनारे हल्की भूड़ किस्म की है ।

1-6- जलवायु व वर्षा:-

जनपद में जलवायु सामान्तः मध्य किस्म की है । जनपद की जलवायु पूर्वी तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जलवायु का मिश्रण है । स्वास्थ की दृष्टि से इस जनपद की जलवायु अच्छी है । यहाँ का तापमान अधिकतम 45 डिग्री सेन्टीग्रेड तथा न्यूनतम 3-5 डिग्री सेन्टीग्रेट के मध्य रहता है । जनपद में गत वर्षों में सामान्यतया औसत वर्षा निम्न प्रकार रही है ।

वर्ष	वर्षा (से०मी०)	
	सामान्य	वास्तविक
1	2	3
1977	925	393
1978	925	831
1979	925	322
1980	935	1561
1981	925	1803
1982	925	872
1983	925	1227
1984	925	928
1985	925	930

1-7-भूमिगत एवं सतत प्रवाहित जल:-

इस जनपद में पर्याप्त मात्रा में भूमिगत जल उपलब्ध है तथा सिंचाई कार्य की असीमित सम्भावनाएं हैं । गंगा, सई व लोन जनपद की प्रमुख नदियाँ हैं । इसके अतिरिक्त छोटी-छोटी कई नदियाँ नाले तथा झील भी है । गंगा नदी की लम्बाई जनपद में 86-5 कि०मी०सई 96 कि०मी० एवं

लान 25-5 कि0मी0 है। इन नदियों पर शारदा सिंचाई परियोजनायें कार्यरत हैं।

1-8 पेड़पौधे:-

इस जनपद में सामान्यत: महुआ, नीम, आम जामुन एवं ववूल के पेड़ पौधे पाये जाते हैं। शीशम भी कहीं-कहीं पाया जाता है।

1-9 नगर:-

इस जनपद में वर्ष 1985-86 के अन्त तक 2 नगर पालिका तथा 7 नगर क्षेत्र समिति हैं, जो निम्न प्रकार है:-

1-	रायवरेली	नगर पालिका
2-	जायस	,,
3-	महराजगंज	नगर क्षेत्र समीति
4-	डलमऊ	,,
5-	वछरांवा	,,
6-	लालगंज	,,
7-	सलोन	,,
8-	ऊँचाहार	,,
9-	परशदेपुर	,,

जनपद में वर्ष 1981 की जनगणना के अनुसार 1725 आवाद ग्राम हैं तथा 37 गैर आवाद ग्राम हैं, इस प्रकार कुल 1762 ग्राम है।

1-10-जनसंख्या एवं व्यवसाय:-

जनगणना 1981 के आधार पर इस जनपद की कुल जनसंख्या 1886940 है वर्ष 1971-81 में कुल वृद्धि 376120 है। जो कि दशक में 19-93 प्रतिशत वृद्धि है। जनसंख्या का घनत्व 409 प्रतिवर्ग कि0मी0 है जव कि प्रदेश की जनसंख्या 377 प्रति वर्ग कि0मी0 है। प्रतिहजार पुरुषों पर स्त्रियों की की संख्या 941 है। जनपद में कुल साक्षरता का प्रतिशत 23-08 है। जिसमें 35-24 प्रतिशत पुरुष तथा स्त्रियों का प्रतिशत 10-90 है। रायवरेली जनपद की जन-संख्या का प्रतिशत उत्तर प्रदेश की जनसंख्या का 17-02 है। जनसंख्या के आधार पर इस जनपद का प्रदेश में 32 वां स्थान है।

वर्ष 1981 की जनगणना के अनुसार कुल मुख्य कर्मकारों का प्रतिशत 31-35 है ग्रामीण कर्मकर का प्रतिशत 31-68 तथा नगरीय कर्मकरों का प्रतिशत 27-14 है। कृषि कर्मकरों का प्रतिशत 21-03 तथा कृषि श्रमिकों का कुल जनसंख्या से प्रतिशत 5-60 रहा है।

वर्ष 1971 कीजगणना के अनुसार कुल जनसंख्या के 31–12 प्रतिशत व्यक्ति श्रम कार्यों में भाग ले रहे हैं तथा 67–88 प्रतिशत श्रम कार्य के बाहर थे । श्रम शक्ति में भाग लेने वाले व्यक्तियों में 55–48 प्रतिशत कृषक 22–40 प्रतिशत कृषक मंजदूर 0–42 प्रतिशत पशुपालन, वन तथा मत्स्य 2–40 प्रतिशत घरेलू उद्योग में 0–30 प्रतिशत निर्माण कार्यों में 0–00 प्रतिशत अन्य निमार्ण कार्यों में 2–60 प्रतिशत वाणिज्य एवं व्यापार में 0–55 प्रतिशत यातायात, भण्डारण एवं संचार में तथा 4–65 अन्य सेवाओं में कार्यरत थे ।

1–11–अन्य

जनपद में कृषि की प्रधानता है तथा ग्रामीण उद्योगों में पिछड़ा हुआ है जिसके कारण यहाँ की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं कही जा सकती है । सिंचाई के साधन गत वर्षों में बढ़े हैं । जिससे सिंचन क्षमता बढ़ी है । और कृषि की वर्षा पर निर्भरता कम हुई है फिर भी सिंचाई के साधन और बढ़ाये जाने की आवश्यकता है । छोटे-छोटे उद्योगों के अभाव के कारण बेरोजगारी की समस्या है । उद्योगों के खोलने का प्रयास आरम्भ हो गया है । सीमेन्ट पाइप कारखाना तथा विद्युत थर्मल पावर ऊँचाहार की स्थापना हो रही है । यहाँ पर इन्डियन टेलीफोन इण्डस्ट्रीज, काटन मिल, स्पिनिंग मिल, मोदी कारपेट, पेपर मिल, उर्वरक मिल सीमेन्ट पाइप चीनी मिल आदि कार्यरत हैं, जो कि एक ओर जनपद के बेरोजगारी की समस्या हल करने में काफी सहायक है तथा दूसरी ओर आर्थिक स्थिति में सुधारक भी है ।

–:–

अध्याय-2

§अवस्थापना§

2-1- संचार प्रणाली:-

जनपद में वर्ष 1983 के अन्त तक 1357 कि0मी0 लम्बी सड़कें थी ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण पर विशेष बल दिया जा रहा है । ताकि अधिकांश ग्राम इन सड़कों . . . से जुड़ सकें और उन्हें शिक्षा ,चिकित्सा, पशु-पालन तथा अन्य सुविधाएं हेतु अधिक दूरी तक न जाना पड़े । 1009 कि0मी0 पक्की सड़कें सार्वजनिक निर्माण विभाग के रखरखाव में एवं 161 कि0मी0 जिला परिषद तथा अन्य स्थानीय निकायों के अन्तर्गत थी, तथा 187 कि0मी0 अन्य विभागों के अन्तर्गत थी । वर्ष 1971 तथा 1981 की जनसंख्या के आधार पर जनपद में 1000 वर्ग कि0मी0 पर पक्की सड़कों की लम्बाई क्रमशः 263.31 तथा 294.42 कि0मी0 थी । एक लाख जनसंख्या 84-79 तथा 71.92 कि0मी0 थी । मार्च 1985 के अन्त तक पक्की सड़कों से दूरी के अनुसार 431 ग्राम सड़क पर मिलते थे । जबकि 284 ग्राम 1 कि0मी0 से कम 477 ग्राम 1 से 3 कि0मी0के अन्दर 317 ग्राम 5 कि0मी0 के अन्दर तथा 216 ग्राम 5 कि0मी0 या इससे अधिक दूरी पर स्थित थे । रायबरेली जनपद के उत्तर पूर्व तृतीय उप सम्भाग में काफी गाँव सड़कों से वंचित थे । इस उप सम्भाग में कुछ सड़कों का नि निर्माण प्रारम्भ किया जा रहा है । जिसके अन्तर्गत समरौता, फतेहपुर, कठघर §20 कि0मी0§ फुरसतगंज, मऊडीह §16 कि0मी0§मऊ, बहादुरपुर 8 कि0मी0 तथा जायस जगदीशपुर आदि सम्मलित हैं ।

2-2- क्रय विक्रय सम्बन्धी सुविधाएँ:-

वर्ष 1985-86 के अन्तर्गत सहकारी क्षेत्र के अन्तर्गत जनपद में 4 क्रय विक्रय समितियाँ कार्यरत हैं जो कृषकों की उपज का उचित मूल्य दिलाने में सहयोग करती हैं । इस समय क्रय विक्रय सहकारी समितियों की दूरी के अनुसार 12 ग्राम 1 कि0मी0 से कम दूरी पर 68 ग्राम 1-3 कि0मी0 दूरी पर 118 ग्राम 3-5 कि0मी0 दूरी पर तथा 1527 ग्राम 5 कि0मी0 या उससे अधिक दूरी पर स्थित है । वर्तमान में एक-एक क्रय विक्रय समिति रायबरेली, लालगंज, बछरांवा तथा बहादुरपुर में कार्यरत है ।

माइक्रोलेविल प्लानिंग के अन्तर्गत 180 ग्रोथ सेन्टर का चुनाव किया गया था जहाँ पर सभी सुविधाओं को स्थापित करने का लक्ष्य है । वर्तमान में ... न्याय पंचायत स्तर पर आवश्यक वस्तुओं के वितरण की व्यवस्था है । सहकारी समितियों के माध्यम से की गयी है ग्रोथ सेन्टर स्तर पर योजना

भी इस उद्देश्य से वनायी जाती है ।

2-3-भण्डारण एवं विधायन सुविधाएं

वर्ष 1985-86 के अन्त तक जनपद में 190 कृषि ऋण सहकारी समीतियां थी उनमें से अधिकांश के पास भण्डारण हेतु अपने नि.जी भवन उपलब्ध हैं । इसके अन्तर्गत 242 हजार ... है । इसके अतिरिक्त क्रय-विक्रय मण्डी समीतियों में भी भण्डारण हेतु सुविधाएं उपलब्ध हैं । थोक मण्डी से दूरी के अनुसार । में 45 ग्राम । कि0मी0 से कम दूरी पर 96 ग्राम 1-3 197 ... 3-5 कि0मी0 की दूरी पर तथा 1386 ग्राम 5 कि0मी0 या उससे अधिक दूरी पर स्थित है ।

इस जनपद में राज्य भण्डारागार के निगम के 10 भण्डारगृह/उप भण्डारगृह कार्यरत हैं जिनकी संग्रह क्षमता 17 हजार मै0टन है । जनपद के तहसील मुख्यालय पर महराजगंज में 4 हजार मी0टन क्षमता का भण्डारगार भी पूर्ण हो चुका है ।

लालगंज सहकारी समीति में लिमिटेड में । दाल व तेल इकाई कार्यरत है । किसानों को विधायन सम्वन्धी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है । जो सहकारी संघ लिमिटेड रायवरेली एवं जायस सहकारी क्रय विक्रय समीति द्वारा क्रमशः सलोन व महराजगंज में कृषकों की आलू की उपज को सुरक्षित रखने हेतु शीतगृह चलाये जा रहे हैं ।

आलू के भण्डारण हेतु जनपद में 10 शीतगृहों में 25 हजार मै0टन भण्डार कुल क्षमता है । विभिन्न अंचलों में कुछ नये शीतगृहों के निर्माण भी विचाराधीन है ।

2-4- सिंचाई सुविधा:-

कृषि विकास हेतु सिंचाई की पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हैं । यह नितान्त आवश्यक है । कृषि सिंचाई के अन्तर्गत वर्ष 1985-86 के अन्त का स्तर 530999 है0 सिंचन क्षमता का था । वर्ष 1968 से पहले जनपद में उपलब्ध राजकीय साधनों द्वारा केवल 19 प्रतिशत क्षेत्र में ही सिंचाई हो पाती थी । इस आभाव को दूर के लिये शारदा सहायक परियोजना 1968 में वनायी गयी, जिसके अन्तर्गत 25 कि0मी0 पोषक नहर का निर्माण तथा पूरे क्षेत्र में छोटी व वड़ी नहरों का निर्माण किया गया है । पुरानी नहरों का पुनरोद्धार भी किया गया । सघन कृषि के समुचित ... समुचित रूप से सिंचन उपलब्ध कराने के लिये प्रत्येक 21 है0 कृषि योग्य क्षेत्र पर । कि0मी0 लम्वी नहर तथा 40 है0 पर एक कुलावे का प्राविधान है । कुलावें के कमाण्ड में प्रत्येक वर्ष तक पानी पहुंचने के लिये गूलों का निर्माण प्रति विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत शारदा सहायक समादेश विकास में शुद्ध स्तर पर हो रहा है ।

... वर्ष 1985-86 के अन्त में शारदा सहायक परियोजना के अन्तर्गत कुल नहरों की लम्बाई 2570 कि0मी0 थी

जनपद में राजकीय नलकूपों के निर्माण का कार्य वर्ष 1971-72 से प्रारम्भ । वर्ष 1985-86 के अन्तर्गत कुल 319 नलकूपों का कार्य सम्भावित हुआ इसके अतिरिक्त ... नलकूपों की संरचना 29213 है ।

2-5- विद्युत सुविधाएं:-

जनपद में विद्युत 1956 से जनसाधारण को उपलब्ध हुई । प्रारम्भ के वर्षों में विद्युत का विकास कुछ मन्द रहा । ग्रामों के विद्युतीकरण के कार्य में वर्ष 1985 से तीव्रता आई जब एक उच्च विभव 132000 वोल्ट के उप-गृह की स्थापना की गयी । इसके लिये सुल्तानपुर से रायबरेली तक 132000 वोल्ट की लगभग 100 मि0मी0 लम्बी लाइन बनायी गयी । मार्च 1981 के अन्त तक इस जनपद के 1725 ग्रामों को रा0ग्रा0वि0 परिभाषा के अनुसार विद्युतीकरण किया जा चुका है । इसके अतिरिक्त मुख्य औद्योगिक इकाईयों एवं अन्य मुख्य योजनाओं में से जैसे कि भारतीय टेलीफोन उद्योग, ऐन्द्रल, स्टेट स्पिनिंग मिल्स टैक्सटाइल मिल इंजीनीयरिंग काम्पलेक्स इत्यादि के उत्पादन के लिये विद्युतलाइनों एवं विद्युत उपगृहों का एक जाल बिछाकर विद्युत प्रदान की गयी ।

समाज के पिछड़े वर्ग एवं हरिजन व्यक्तियों को आसानी तथा कम खर्च पर उपलब्ध कराने के लिये जनता सर्विस कनेक्शन योजना इस जनपद में लागू की गई इसके अन्तर्गत लगभग 2000 हजार कनेक्शन दिये जा चुके हैं । जनपद में 11 कि0मी0 लाइन लम्बाई 3805-61 कि0मी0 तथा 33 के0वी0 लाइनों की लम्बाई 509-3 कि0मी0 के सभी सात नगरीय क्षेत्रों में तथा 2 नगरपालिका क्षेत्रों में विद्युत प्रकाश हेतु उपलब्ध है । वर्ष 1984-85 के अन्त तक जनपद में प्रति व्यक्ति शक्ति का उपयोग 43-17 किलोवाट है । एल0टी0 मेन्स द्वारा 667 ग्राम विद्युतीकृत है । 1585 ... बस्तियों का विद्युतीकरण जनपद में किया जा चुका है । सिंचाई हेतु 319 राजकीय नलकूपों का 8916 ... नलकूपों को विद्युत भार दिये जा चुके है । जनपद में ऊँचाहार विकास खण्ड में 420 कि0वाट क्षमता के ताप विद्युत गृह का निर्माण कार्य प्रारम्भ है । जिसके निर्माण से इस जनपद में विद्युत कठिनाई काफी हद तक दूर हो जायेगी ।

2-6 बैंक एवं ऋण सम्बन्धी सुविधाएं:-

जनपद में वर्ष 1985-86 के अन्त में कुल 145 बैंक शाखाएं कार्यरत थी , जिसमें 40 राष्ट्रीयकृत हैं , 71 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक 27 सहकारी बैंक तथा 7 भूमि विकास बैंकउ शाखाएं कार्यरत है ।

जनपद में सभी विकास खण्डों में शाखाएं कार्यरत हैं । उप सम्भागवार बैंक की स्थिति निम्न प्रकार है:-

क्रमांक	उप सम्भागों का विवरण	कुल बैंक	राष्ट्रीयकृत बैंक	क्षे० ग्रा० बैंक	सहकारी बैंक	भूमि विकास बैंक
1	2	3	4	5	6	7
1-	प्रथम उप सम्भाग में	62	18	30	11	3
2-	द्वितीय उपसम्भाग में	37	7	21	7	2
3-	तृतीय उप सम्भाग में	46	15	20	9	2
	योग-	145	40	71	27	7

वर्ष 84-85 से 86-87 में अब तक विभिन्न बैंकों द्वारा निम्न स्थानों पर हैं । शाखाएं खोली जा चुकी हैं ।

क्रमांक	स्थान का नाम	विकास खण्ड	बैंक का नाम	खुलने की तिथि
1	2	3	4	5
1-	बहादुरपुर	बहादुरपुर	बैंक आफ बड़ौदा	3-4-1984
2-	लालगंज	लालगंज	,,	21-3-85
3-	सेमरौता	तिलोई	,,	21-3-85
4-	दरियापुर	राही	,,	22-3-85
5-	मोहनगंज	तिलोई	,,	23-3-85
6-	रस्तामऊ	सिंहपुर	,,	23-3-85
7-	सलोन	सलोन	,,	29-3-85
8-	ऊँचाहार थ० प०	ऊँचाहार	,,	9-5-85
9-	बछरांवां	बछरांवां	,,	30-9-85
10-	डीह	डीह	,,	30-9-85
11-	दुर्गागंज	जगतपुर	क्षेत्रीय ग्रा०बैंक	3-9-84
12-	रहवां	हरचन्दपुर	,,	27-10-84
13-	मधुकरपुर	डलमऊ	,,	13-12-84
14-	कोन्सा	सतांव	,,	13-12-84
15-	खजूरगाँव	लालगंज	,,	14-12-84
16-	छतोह	छतोह	,,	15-12-84

क्रमांक	स्थान का नाम	विकास खण्ड	बैंक का नाम	खुलने की तिथि
1	2	3	4	5
17-	शाजीपुर सड़वा	राही	क्षेत्रीय ग्रामीण बैं0	10-1-85
18-	गांधीनगर	छतोह	,, ,,	19-1-85
19-	जलालपुरधई	जगतपुर	,, ,,	22-1-85
20-	अजीतपुर	खीरों	,, ,,	2-2-85
21-	दुधवन	सरेनी	,, ,,	4-2-85
22-	मतीनगंज	जगतपुर	,, ,,	28-3-85
23-	अहोरवा भवानी	सिंहपुर	,, ,,	29-3-85
24-	सलेथू	महराजगंज	,, ,,	29-3-85
25-	विराज	तिलोई	,, ,,	29-3-85
26-	शिवगढ़	शिवगढ़	,, ,,	9-8-85
27-	लक्ष्मणपुर	जगतपुर	,, ,,	30-12-85
28-	कठौरा	सिंहपुर	पंजाब नेशनल बैंक,	4-9-84
29-	रायबरेली §महिला शाखा§	राही	जिला सहकारी बैं0	23-5-84
30-	बछरांवां	बछरांवां	भूमि विकास बैंक	6-12-84
31-	रुस्तमपुर	राही	क्षेत्रीय ग्रा0 बैंक	23-11-84

व्यवसायिक बैंकों, एकीकृत ग्राम विकास योजना स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान योजना, बायोगैस संयन्त्र लगाने एवं प्राथमिकता क्षेत्र के अन्तर्गत स्वीकृत योजनाओं के ऋण वितरण का कार्यकर रहे हैं । शासन की नीतियों के अनुरूप बैंकों के माध्यम से अधिक से अधिक ऋण वितरण कराने का प्रयास किया जा रहा है । इस हेतु समय समय पर क्रेडिट कैम्प भी लगाये जा रहे हैं ।

सहकारिता जिला सहकारी बैंक अपनी शाखाओं के माध्यम से कृषक सदस्यों को कृषि ... से आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु अंल्प कालीन ऋण तथा मध्यकालीन ऋण की सुविधा प्रदान की जाती है ।

एकीकृत ग्राम विकास योजना व स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के अन्तर्गत चयनित लाभार्थियों को दुधारू पशु, सुअर, पालन, मुर्गीपालन आदि कार्यों हेतु मध्य कालीन ऋण की भी सुविधा प्रदान करायी जा रही है । दीर्घकालीन ऋण की व्यवस्था राज्य सहकारी भूमि विकास बैंकों के जनपद में कार्यरत शाखाओं के माध्यम से करायी जा रही है ।

अध्याय-3

प्रशासनिक तथा संस्थागत ढाँचा

3-1 प्रशासनिक ढाँचा:-

अन्य जनपदों की भाँति ही प्रशासन का प्रमुख अधिकार जिलाधिकारी को होता है । जो कि मुख्यरूप से राजस्व, विकास तथा सामान्य प्रशासन के प्रति उत्तरदायित्व होता है । विकास विभाग के कार्यों को देख-रेख करने के लिये अपर जिलाधिकारी§विकास§/ जिला विकास अधिकारी की नियुक्ति की गयी है । जनपद में विकास कार्यों को भली-भाँति चलाने हेतु विकास खण्ड स्तपर पर खण्ड विकास अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी होते हैं । तहसील स्तर पर राजस्व विभाग द्वारा तहसीलदार एवं अन्य कर्मचारीगणों की नियुक्ति की गयी है जनपद में एकीकृत ग्राम्य विकास परियोजना के कार्यक्रम की देख-रेख के लिये अपर जिलाधिकारी§परियोजना§का पद सृजित किया गया है जो कि खण्ड विकास अधिकारियों के माध्यम से एकीकृत ग्राम्य विकास परियोजना के कार्यक्रम का क्रियान्वयन करते हैं । इसके अतिरिक्त कृषि एवं अल्प सिंचाई, पशुपालन. पंचायत, सहकारिता ,उद्योग हरिजन एवं समाज कल्याण शिक्षा, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, सिंचाई, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल निगम, वन, मत्स्य तथा अर्थ एवं संख्या आदि विभाग भी है । विकेन्द्रित योजना के कार्यान्वयन हेतु जनपद स्तर पर एक अर्थ अधिकारी तथा एक सहायक अर्थ अधिकारी एवं संख्या अधिकारी की भी नियुक्ति की गयी है ।

शासन द्वारा नियोजन प्रक्रिया के विकेन्द्रीकरण के फलस्वरूप जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला योजना समन्वय एक कार्यान्वयन समीति का गठन किया गया है जो कि जनपद की योजना की संरचना और उसके कार्यान्वयन के लिये उत्तरदायी है । यह ..... जिला सेक्टर की योजना की रूपरेखा तैयार करती है । तथा विभिन्न विभागों के मध्य जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पूर्ण समन्वयस्थापित करने का कार्य देखती है । जिला परिषद तथा नगर पालिका एवं अन्य स्थानीय निकायों का प्रशासनिक भार भी जिलाधिकारियों में निहित है । जिला योजना की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा प्रत्येक माह में उक्त .... के माध्यम से की जा रही है ।

3-2 जिला परिषद की आय:-

मुख्य रूप से जिला परिषद की आय पशुमेलों की समस्त कर आदि से होती है । नगरपालिकाओं की आय सम्पत्ति कर, गृह-कर, जलकर, पशुओं व सवारियों पर कर लगाकर की जाती है ।

संस्थागत ढाँचा:-

3-3- व्यवसायिक बैंक:-

जनपद में वर्ष 1985-86 के अन्त में 145 कुल बैंक शाखाओं में से 121 व्यवसायिक बैंक,(क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक) की शाखाएं कार्यरत जिसमें से 71 हैं। जनपद की लीड बैंक, बैंक आफ बड़ौदा है। जिसकी सबसे अधिक 20 शाखाएं हैं। प्रत्येक विकास खण्ड में बैंक शाखाएं कार्यरत है। द्वितीय उप सम्भाग में बैंक सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता है। वर्ष 1986-87 में 34 स्थानों के नाम बैंक शाखाओं को खोलने हेतु संस्थागत वित्त निदेशालय को बैंक शाखा प्रसार कार्यक्रम के अन्तर्गत भेजे जा चुके है। परन्तु अभी तक स्वीकृति नहीं मिली है।

3-4- भूमि विकास बैंक:-

जनपद में 7 भूमि विकास बैंक की शाखाएं कार्यरत हैं जिनमें 5 तहसील मुख्यालयों पर स्थित है तथा 2 अन्य स्थानों खागुपुर तथा बछरावां में कार्यरत है। केवल तिलोई तहसील में इसकी शाखा नहीं है। इस जनपद में और अधिक भूमि विकास बैंक की शाखाएं खोलने की योजना है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक विकास खण्ड स्तर पर कृषि सेवा केन्द्र भी खोलने की योजना है।

3-5- सहकारी बैंक:-

जनपद में 1985-86 के अन्त में 27 सहकारी बैंक शाखाएं कार्यरत थी जो ऋण वितरण का कार्य करती है। जनपद मुख्यालय पर एक जिला-सहकारी बैंक कार्यरत है।

अध्याय-4

आर्थिक कार्य कलाप

आर्थिक कार्य कलाप के अन्तर्गत जनपद की अर्थ व्यवस्था कृषि प्रधान है । तथा औद्योगिक आधार अविकसित है । जनपद में 75. 09 प्रतिशत जोते 1. 0 हे0 से कम की है । इससे कृषि उत्पादन की प्रति हेक्टेयर उपज कम होने के कारण इस जनपद में कृषकों की आर्थक स्थित अच्छी नहीं है । जनपद की कुल जनसंख्या में से 23. 08 प्रतिशत साक्षर है । पुरूषों में साक्षरता का प्रतिशत 35-24 प्रतिशत है । जो स्त्रियों की साक्षरता के 10. 90 प्रतिशत से बहुत अधिक है । जनपद में 1981 की जनगणना के अनुसार 2 नगरपालिका तथा 5 नगरीय क्षेत्र थे परन्तु बाद में नगरीय क्षेत्रों के बढ़ जाने से वर्ष 1985-86 के अन्त तक 2 नगरपालिकाएं एवं 7 नगरीय क्षेत्र हो गये है । 1981 की जनगणना के अनुसार सबसे अधिक 538 ग्राम 500 से 999 जनसंख्या वर्ग में आते थे । तथा 19 ग्राम 5000 से अधिक जन-संख्या वाले थे । इसके अतिरिक्त 140 ग्राम 200 से कम 465 ग्राम 200-499, 386 ग्राम 1000-1999 तथा 183 ग्राम 2000-4999 जनसंख्या वर्ग 1971 से दशक 1981 में 24-89 प्रतिशत की जनसंख्या में वृद्धि हुयी है । 1981 की जनगणना के अनु-सार 60-42 प्रतिशत कृषक 1565 प्रतिशत कृषि श्रमिक तथा 1-8 प्रतिशत घरेलू उद्योगों में लगे थे । इस प्रकार यहाँ कृषि के ऊपर अधिक दवाव रहा है जवकि घरेलू उद्योगों की कमी के कारण जनता की आर्थिक दशा कमजोर रही । 1981 की जनगणना के अनुसार जनसंख्या का घनत्व प्रति वर्ग किमी0 409 रहा है ।

जनपद में सिंचाई के साधन बढ़ाने हेतु शारदा सहायक परियोजना के लागू होने के बाद सिंचाई के साधन बढ़ गये हैं । बहुत बड़ी संख्या में सिंचाई परि-योजनाओं के निर्माण के अन्तर्गत लोगों को रोजगार उपलब्ध हुआ । औद्योगिक विकास की दृष्टि से रायबरेली एक पिछड़ा हुआ जनपद है परन्तु विगत कुछ वर्षों से शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाओं एवं योजनाओं के कारण तीव्रता से औद्योगिकता विकास की ओर बढ़ रहा है । इस जनपद में 6 वृहद्स्तरीय उद्योग * 4028 लाख0 पूँजी विनियोजन से स्थापित हो चुके हैं । जिनमें लगभग 7000 व्यक्तियों को रोजगार सुलभ है और उनमें काटन यान टेलीफोन लाइन व स्विच उपकरण, ऊलन टफ्टेड कार्पेट वीमी तथा स्कूटर टायर व ट्यूव का उत्पादन हो रहा है । वृहद्स्तरीय क्षेत्र में कागज उत्पादन हेतु भवानी पेपर मिल में उत्पादन किया जा रहा है । तथा एस्वेस्टिस सीमेन्ट , प्रेशर पाइप मध्यम स्तरीय क्षेत्र में अनेक उद्योग स्थापित है तथा दो कागज के मध्य कारखाने निर्माणाधीन है ।

अधिकांशतः वृहद् मध्यम एवं लघु स्तरीय इकाईयाँ औद्योगिक क्षेत्र सुल्तानपुर रोड, एवं अमुवां रोड पर स्थापित हैं । ग्रामीण क्षेत्र में मुख्यतया लघुतर हस्त-शिल्प, हैण्डलूम एवं कुटीर औद्योगिक इकाईयां स्थापित है । इस प्रकार जनपद में 18 बड़े उद्योग तथा 1200 लघु उद्योग कार्यरत हैं । विपणन हेतु 12 बाजारों को नियन्त्रित किया गया है ।

लघु स्तरीय इकाईयों की उत्पादन क्षमता कम होने के कारण उनके उत्पादन को क्रय विक्रय समीतियों द्वारा किया है । तथा किसानों को फसल के समय अच्छे भाव न मिलने की दशा में उनका माल बन्धक रखकर उन्हें अग्रिम ऋण देने की इन समितियों द्वारा व्यवस्था की जाती है । व्यवसायिक बैंकों द्वारा जनपद का वर्ष 1986 की वार्षिक ऋण योजना तैयार की गई है । वर्ष 1985 में जनपद की ऋण योजना 1357-73 लाख रूपये थी । जिसके अन्तर्गत समस्त बैंकों द्वारा 1271.44 लाख रूपये वितरित किये गये हैं, जो मूल योजना का 93.64 है । बैंक वार स्थिति निम्नवत है :-

वार्षिक ऋण योजना वर्ष 1985-86 के अन्तर्गत लक्ष्य तथा 1985 की उपलब्धियों का विवरण §लाख रूपये में§

बैंक	वर्ष 1985 का लक्ष्य	वर्ष 1985 का उपलब्धि	लक्ष्य से प्रतिशत उपलब्धि	1986 का लक्ष्य
1	2	3	4	5
राष्ट्रीय कृत बैंक	626.70	640.10	102	808.08
ग्रामीण बैंक	201.05	195.36	70	246.51
जिला सहकारी बैंक	263.40	366.66	139	309.43
भूमि विकास बैंक	186.58	69.32	37	137.46
योग-	1357.73	1271.44	93.64	1501.48

उक्त से स्पष्ट है कि वर्ष 1986 हेतु वार्षिक ऋण योजना 1501.48 लाख रूपये की बनाई गयी है । जिसमें से 808.08 लाख रूपया राष्ट्रीयकृत बैंक , 246.51 लाख रूपया ग्रामीण बैंक, 309.43 लाख रूपया जिला सहकारी बैंक तथा 137.46 लाख रूपया भूमि विकास बैंक द्वारा वितरित का लक्ष्य रखा गया है ।

अध्याय-5

सेवा योजन सम्बन्धी समस्याएं

5-1- जनपद स्तर पर सेवा योजन कार्यालय स्थापित है, जिसमें रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों का पंजीयन करके समुचित रोजगार के अवसर ढूँढने में सहायकता दी जाती है । दिनांक-31-3-86 तक इस कार्यालय में 65624 बेरोजगार व्यक्ति पंजीकृत हैं । शिक्षित अभ्यर्थियों की संख्या 8046 है जो हाई स्कूल अथवा उच्च शिक्षा प्राप्त हैं, परन्तु उनके पास तकनीकी प्रशिक्षण अथवा अन्य कोई अनुभव नहीं है । वर्ष 1983-84 में सचल सेवा योजन इकाई की स्थापना हुई थी । तथा कोचिंग कम गाइडेंस सेन्टर की योजना भी वर्ष 1983-84 से चल रही है । वर्ष 1986-87में 1072 व्यक्तियों को इस कार्यालय के माध्यम से रोजगार सुलभ कराया गया ।

5-2- ऐसा देखा गया है कि इस जनपद में औद्योगिक प्रतिष्ठानों द्वारा अनेक प्रकार की रिक्तियों हेतु जनपद में सुयोग्य अभ्यर्थियों के न मिल पाने के कारण अन्यत्र जनपदों से अभ्यर्थी मँगाने पड़ते हैं । जिससे इस जनपद के बेरोजगार व्यक्तियों को मिलने वाले अवसरों में कमी हो जाती है ।

5-3- इस जनपद में रोजगार के अच्छे अवसर न होने के कारण यहाँ के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बेरोजगार युवकों को बड़े-बड़े नगरों की ओर रोजगार हेतु जाने की प्रवृत्ति है । भूमिहीन श्रमिक, शिल्पकार तथा पढ़े लिखे बेकार नवजवानों को जिला उद्योग केन्द्र के माध्यम से ट्राइसेम योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षण दिया जा रहा है । जिससे कि यह लोग नये उद्योगों को भली-भाँति आरम्भ कर सकें तथा जीविकोपार्जन कर सकें । एकीकृत ग्राम्य विकास योजना, स्पेशल कम्पोनेन्ट, तथा ट्राइसेम योजना के अन्तर्गत कृषि पशुपालन, अल्प सिंचाई, लघु उद्योग तथा अन्य छोटे-छोटे कार्यक्रमों में सहायकता दी जाती है । और बैंकों द्वारा इन योजनाओं हेतु ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है । राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना के माध्यम से भी ग्रामीण मजदूरों को रोजगार प्रदान किया जा रहा है ।

5-4- शासन द्वारा निर्धारित विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत जो सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है । उनसे बहुत लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगें । परन्तु दूसरी ओर बेरोजगार व्यक्तियों में इस प्रवृत्ति के जगाने की आवश्यकता है कि वे छोटें-छोटे उद्योगों को शासन की योजनाओं द्वारा आरम्भ करें । वर्तमान में जो सुविधा उपलब्ध है उन्हें और बढ़ाने की आवश्यकता प्रतीत होती है ।

5-5 महिलाओं कि सेवा योजन सम्बन्धी समस्या को देखते हुए वर्ष 1984-85 में दो महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कार्यरत है । जिसके अन्तर्गत स्टेनोग्राफी टेलरिंग व अन्य ट्रेडों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है ।

5-6- इस समय लीड बैंक, उद्योग विभाग तथा सेवा योजन विभाग के माध्यम से बेरोजगार शिक्षित एवं तकनीकी पंजीकृत व्यक्तियों हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है । एवं स्वतःरोजगार योजना के अन्तर्गत लाभान्वित किया जा रहा है ।

-:-

अध्याय–6

पिछड़े समुदायों की समस्या:–

पिछड़े समुदायों में अनुसूचित जातियाँ, अनुसूचित जन-जातियाँ तथा अन्य पिछड़ी जातियाँ आती हैं । 1991 की जनगणना के अनुसार अनुसूचित जाति/जनजाति के व्यक्तियों की संख्या 557840 जो कुल जनसंख्या की 2956 प्रतिशत थी । अन्य पिछड़ी जातियों की जन संख्या अलग से उपलब्ध नहीं है । इस जनपद में विकास खण्ड बछरावां, महराजगंज, राही, ऊँचाहार, हरचन्दपुर तथा सिंहपुर इस जाति के बाहुल्य क्षेत्र है ।

6–2– सामाजिक एवं सांस्कृतिक स्थिति:–

सबसे पिछड़े हुए तथा पद दलित इन समुदायों का सामाजिक स्तर, जनपद में अच्छा नहीं कहा जा सकता है, परन्तु शासन द्वारा उनके कल्याण एवं उत्थान की नीति के फलस्वरूप सामाजिक जागृति के कारण समाज में इनकी स्थिति पहले से कुछ सुधरी है । तथा समाज ने इनको अपने एक आवश्यक अंग के रूप में स्वीकार करना आरम्भ कर दिया है ।

6–3– जीविका के साधन:–

इस वर्ग के लोग अपना जीवन यापन परम्परागत रीति से करते आ रहे हैं । जैसे पासी सुअर पालन का कार्य, कोरियों द्वारा बुनाई का कार्य, मोची का बुनाई का कार्य, खटिक बागवानी का कार्य तथा डोम सफाई एवं डलिया बनाने का कार्य अभी भी कर रहे हैं । अतिरिक्त अन्य पिछड़े वर्ग के कृषि मजदूरी कर रहे है । कुछ परिवारों पर भूमि छोटे जोतों के है तो उन पर खेती एवं पशुपालन द्वारा अपना जीविकोपार्जन कर रहे हैं ।

6–4– इसी वर्ग के मुख्य समस्याएं मुख्य भागों में विभाजित की गयी है:–

1– शिक्षा

2– आर्थिक विकास

3– स्वास्थ्य आवास एवं अन्य सुविधाएं

1– शिक्षा:–

इस वर्ग में समुचित शिक्षा की कमी के कारण इस वर्ग का सामाजिक एवं सांस्कृतिक उत्थान नहीं हो सका है । अब भी इस वर्ग में अपने बालकों को शिक्षा दिलाने की प्रवृत्ति कम है परन्तु इसमें पहले से काफी जागरूकता आयी है । इन वर्गों के बच्चों हेतु अंशकालीन कक्षाएं भी चलायी जाती है ।

2— आर्थिक विकास:-

इस वर्ग की सामाजिक एवं सांस्कृतिक स्थिति के गिरे होने के कारण इनकी आर्थिक स्थिति खराब रही । इस वर्ग के द्वारा अधिकांश मजदूरी पर निर्भर रहने के कारण इनका आर्थिक स्तर भी नहीं उठ सका है । इससे अधिकांश लोग गरीबी की रेखा से नीचे जीवन व्यतीत कर रहे हैं । अब शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत इस वर्ग के लिये लघु उद्योग एवं स्वतः रोजगार कार्य क्रम-उपलब्ध कराये जाने से इस वर्ग का आर्थिक विकास होना प्रारम्भ हो गया है ।

स्वास्थ्य एवं अन्य सुविधाएं:-

सदैव से ही इस वर्ग के लोग समाज से अपनी बस्तियां अलग बसाकर रहते है । इनकी बस्तियों में कच्चे मकान एवं झोपड़ी के बने होने के कारण इनका आवासीय सुविधा बहुत निम्न स्तर की रही है । अच्छे स्थानों पर इनके आवास न होने के कारण इनके स्वास्थ्य पर भी इसका असर पड़ रहा है । इस वर्ग के लोगों को चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध न होने के कारण इस वर्ग में बीमारियां भी अधिक फैलती रही है । परन्तु अब निर्बल एवं पिछड़े वर्ग के लोगों के लिये आवासों का निर्माण किया जा रहा है । वर्ष 1986-87 में 85 मकानों हेतु 1.85 लाख रुपये का वित्तीय परिव्यय स्वीकृत है । जो कि विकास खण्डों के माध्यम से बनाये जाते हैं ।

—:—

अध्याय - 7

चालू योजना एवं नये कार्यक्रमों का विवरण

7.1 कृषि विभाग

7.1.1 प्रदेश के मैदानी भागों में बीज विधायन संयंत्र की स्थापना

इस जनपद में वर्ष 1983-84 के अन्तर्गत बीज विधायन संयंत्र की स्थापना की गई। वर्ष 84-85 में इनका भवन तथा संबंधित यन्त्र आदि की व्यवस्था की गयी। 1985-86 में इनके स्पेयर पार्टस तथा विद्युतीकरण का कार्य हुआ वर्ष 86-87 में दो बीज भण्डार बनाने हेतु प्राविधान किया गया है जिसके लिए शासन से धन आवंटित होना है।

वर्ष 1987-88 में इस संयंत्र पर कार्यरत कर्मचारियों का वेतन भत्ता तथा संयंत्र को चालू रखने के लिए तथा अन्य खर्चों के मद मे एक लाख रुपये की आवश्यकता पड़ेगी जिसका परिव्यय स्वीकृत हेतु प्रस्ताव किया जाता है।

7.1.2 प्रदेश मे उन्नतिशील बीजों के सम्वर्धन एवं संग्रहण की योजना

इस जनपद में पांच राजकीय बीज सम्वर्धन प्रक्षेत्र स्थित हैं इन प्रक्षेत्रों के उत्पादन बढ़ाने के दृष्टिकोण से जो योजनायें ली गयीं है उसका विवरण निम्नवत् है :

7.1.2.1- मजदूरी, मालसम्पूर्ति एवं अनुरक्षण तथा साज सज्जा:

प्रक्षेत्र के फसल उत्पादन संबंधी कार्यक्रम हेतु मजदूरों की मजदूरी उर्वरक कीटनाशक, बीज, कृषि यंत्र अनुरक्षण तथा साज सज्जा हेतु 8.31 लाख रुपया अनुमानित परिव्यय अपेक्षित हैं इसी प्रस्तावित परिव्यय में प्रक्षेत्र बीबीपुर तथा जमालपुर के लिए दो नये ट्रैक्टर 35,35 हार्स पावर के क्रय करने है इन प्रक्षेत्रों पर जोताई एवं बोवाई हेतु ट्रैक्टर उपलब्ध नहीं है। तथा इस मद के अन्तर्गत 8.31 लाख रुपया निम्न प्रकार से परिव्यय के रूप में प्रस्तावित है।

1- मजदूरी	2,00,000-00 लाख रुपया
2- माल सम्पूर्ति	3,00,000-00 लाख रुपया
3- अनुरक्षण	1,00,000-00 लाख रुपया
4- साज सज्जा (ट्रैक्टर)	2,31,000-00 लाख रुपया
	8,31,000-00 लाख रुपया

7.1.2.2- प्रक्षेत्र पर बीज गोदाम :

प्रक्षेत्र पर उत्पादित बीज को रखने के लिए निरन्तर बनी रहती है। समुचित गोदाम न होने के कारण बीज को दूसरे स्थान से ले जाकर रखने में अनावश्यक व्यय वहन करना पड़ता है तथा गोदाम की समुचित व्यवस्था न होने के कारण वर्षा एवं दैवी आपदाओं से बीज के गुणत्व का हरास होता है अतः राजकीय कृषि प्रक्षेत्र हरचन्दपुर एवं पल्टीखेड़ा पर एक-एक बीज गोदाम प्रस्तावित किया जा रहा है। प्रत्येक की लागत एक लाख रूपया विभाग से स्टीमेटेड है इस प्रकार इस मद में दो लाख रूपया का परिव्यय प्रस्तावित है, बीज गोदाम में एक बड़ा हाल आगे बरामदा तथा बरामदे में एक कार्यालय हेतु कमरा बनना है जिसका आगणन विभाग द्वारा शासन को भेजा जा चुका है।

7.1.2.3- थ्रेसिंग फ्लोर

राजकीय कृषि प्रक्षेत्र पल्टीखेड़ा पर मड़ाई करने के लिये थ्रेसिंग फ्लोर न होने के कारण मड़ाई करते समय बीज के गुणत्व पर कुप्रभाव पड़ता है तथा बहुत कुछ मात्रा मिट्टी में जाने के कारण बीज योग्य नहीं रह पाती है। अतः इस प्रक्षेत्र पर एक थ्रेसिंग फ्लोर प्रस्तावित किया जा रहा है जिसका अनुमानित लागत पचास हजार रूपया प्रस्तावित किया जाता है इसमें ईंट, सीमेन्ट, बालू, मोरंग मजदूरी तथा अन्य व्यय सम्मिलित होंगे।

7.1.2.4- नाली निर्माण :

राजकीय कृषि प्रक्षेत्र, हरचन्दपुर पर नाली की स्थिति बहुत ही जीर्ण-शीर्ण हो गयी है जिसके कारण प्रक्षेत्र पर उत्पादित करने वाली फसलों को सिंचाई का समुचित पानी नहीं मिल पाता है जिससे इसका सीधा कुप्रभाव उत्पादन पर पड़ता है तथा उत्पादन में गिरावट संभव है। अतः फसलों को भरपूर सिंचित पानी देने हेतु पक्की नई नाली निर्माण का प्रस्तावित है जिसके लिये पचास हजार रूपया का अनुमानित परिव्यय प्रस्तावित किया जाता है जिससे सिंचित क्षमता बढ़ाई जा सके। इस धनराशि से नाली निर्माण में सभी प्रयुक्त होने वाली सामग्री तथा मजदूरी का व्यय सम्मिलित है।

7.1.2.5- कृषि बीज भंडारों का निर्माण :

इसी योजना के अन्तर्गत 3 बीज भण्डारों का निर्माण कराना अत्यन्त आवश्यक है, कृषकों को उन्नतिशील खेती हेतु शासन द्वारा प्रमाणित बीजों एवं सही मानक में उर्वरकों के विक्रय का प्राविधान किया गया है इन कृषि निवेशों के रख रखाव के लिये कृषि बीज भण्डारों का निर्माण आवश्यक है। अतः विकास खंड खीरों मे सेमरी सीड स्टोर अमेठी संसदीय क्षेत्रों के विकास खण्डों में नसीराबाद, मऊ §डीह§ बीज भण्डार का निर्माण कराना है इस प्रकार 3 बीज

भण्डारों के निर्माण हेतु 3 लाख रुपया का व्यय प्रस्तावित है । बीज गोदाम में एक बड़ा हाल, हाल के सामने एक बरामदा तथा बरामदे में एक कार्यालय हेतु कमरा बनेगा जिसका आगणन विभाग तथा शासन द्वारा स्वीकृत है ।

7.1.3 <u>केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित राष्ट्रीय दलहन विकास परियोजना</u>:

इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 87-88 के लिए चार विकास खण्डों में किसानों के खेतो मे प्रदर्शन कराने की योजना है एक प्रदर्शन पर 627/- रु0 का कृषि निवेश अनुमन्य है । इस योजना से दलहन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत किसानों की तकनीकी ज्ञान प्राप्त होता है । शासन द्वारा जनपद रायबरेली में उर्द एवं मूंग का ब्लाक स्तरीय प्रदर्शन चलाया जानाचयनित किया गया है कुल 400 प्रदर्शन में 627/- रु0 प्रतिप्रदर्शन की दर से 2,50,800/- रु0 का व्यय होना हैं जिसमें 50 प्रतिशत केन्द्र अंश तथा 50 प्रतिशत राज्य अंश है । अत: राज्य अंश की धनराशि मात्र 1,25,000/- का परिव्यय प्रस्तावित किया जाता है ।

7.1.4 <u>गेहूँ की फसल पर गेहुआ एवं जंगली जई खरपतवार नियंत्रण की योजना</u>:

गेहूँ की फसल मे गेंहुआ एवं जंगली जई खरपतवार की वर्तमान समय में एक समस्या उत्पन्न हो गयी है इनका उपचार निराई गुड़ाई के माध्यम से सम्भव नहीं हो पाता तथा इन खरपतवारो के नियंत्रण हेतु जो रसायन उपलब्ध है उनकी कीमत बहुत अधिक है। इन रसायनों पर अनुदान उपलब्ध करा दिये जाने से इनका नियंत्रण सफलता पूर्वक किया जा सकता है ।

इस योजना के अन्तर्गत कृषकों को खरपतवार नाशकों के मूल्य पर 25 प्रतिशत अनुदान रसायन के रूप में उपलब्ध कराया जाना है जिसमें 12-5 प्रतिशत केन्द्र अंश व 12-5 प्रतिशत जिला सेक्टर में रहेगा । इस कार्यक्रम पर निम्नानुसार व्यय प्रस्तावित हैं :

1- सामान्य कृषक	20,000-00 रु0
2- अनुसूचित जाति	5,000-00 रु0
	25,000-00 रु0

7.1.5 <u>केन्द्र पोषित सघन तिलहन विकास</u> :

इस योजना मे कोई धनराशि प्रस्तावित नही है ।

7.1.6(अ) <u>प्रदेश के मैदानी क्षेत्रों में कृषि रक्षा सेवा के सुदृढ़ीकरण की योजना जनपद में नवसृजित तीन विकास खण्डो, अमावाँ, छतोह एवं शिवगढ़ हेतु तीन स्थापित कृषि रक्षा इकाइयों को चालू रखने की योजना</u>:

जनपद के नवसृजित तीन विकास खण्ड अमावां, छतोह एवं शिवगढ़

में तीन नई कृषि रक्षा इकाईयाँ वर्ष 84-85 से स्थापित की गयी है जिससे इन विकास खण्डों के कृषकों को आधुनिक कृषि के लिए कृषि रक्षा सेवा का लाभ मिल सके और अपनी फसलों को कीट व्याधियों से बचाकर अधिक से अधिक उत्पादन ले सके । इनइकाईयों के पूर्ववत् चालू रखने का प्रस्ताव है ।

इस योजना से सम्बन्धित तीन विकास खण्डो में कार्यरत कृषि रक्षा पर्यवेक्षक वर्ग -3 तथा क्षेत्र परिचारक चतुर्थ श्रेणी के तीन-तीन पदो की नियुक्ति की गयी है जिनके वेतन, भत्ते, कार्यालय की साज सज्जा मशीनों एवं उपकरणों का क्रय एवं अनुरक्षण हेतु निम्न व्यय प्रस्तावित हैं ।

1- वेतन	-रु0 30,000-00
2- महंगाई भत्ता	-रु0 27,500-00
3- मकान भत्ता	-रु0 500-00
4- यात्रा भत्ता	-रु0 10,000-00
5- कार्यालय व्यय	-रु0 8,000-00
6- मशीन का क्रय अनुरक्षण	-रु0 50,000-00
7- मजदूरी	-रु0 7,000-00
8- भवन किराया	-रु0 7,000-00
	रु0 1,40,000-00

{ब} अमेठी संसदीय क्षेत्र के विकास खण्डों के सुदूर अंचलो में जो विकास खण्ड मुख्यालय से 10-15 किमी0दूरी पर है। नयी कृषि रक्षा इकाईयों की स्थापना का प्रस्ताव है जिससे समीपवर्ती कृषक कीट/रोग लगने पर अपनी फसलों को पासकी इकाई से कीट नाशक रसायन एवं मशीन प्राप्त कर फसल की रक्षा कर सके और अपने उत्पादन को बढ़ा सकें ।

अमेठी संसदीय क्षेत्र के निम्नलिखित विकास खण्डों में उनके नाम के सम्मुख अंकित कस्बो में नयी कृषि रक्षा इकाई स्थापित करने की योजना है ।

1- संलोन - करहिया बाजार
2- बहादुरपुर - जायस
3- सिंहपुर - सेमरौता

इन इकाइयों की उद्घोषणा जनता के मध्य मुख्य मंत्री द्वारा की गयी है और इन क्षेत्रों में नकदी फसल जैसे आलू, सब्जी, तम्बाकू आदि की फसले पैदा होती है जिनकि कीट/रोग के बचाव के लिये इन स्थानों पर कृषि रक्षा इकाई स्थापित करना अति आवश्यक हैं ।

इन इकाईयों के स्थापित होने पर तीन कृ०र०प० एवं तीन क्षेत्र परिचारक {चतुर्थ श्रेणी} की नियुक्ति का प्रस्ताव किया जाता है जिनके वेतन उपकरण आदि में निम्नलिखित व्यय प्रस्तावित है :

1- वेतन एवं मंहगाई भत्ता - रु० 50,000-00
2- कार्यालय व्यय - रु० 10,000-00
3- मशीन एवं अनुरक्षण व्यय - रु० 5,000-00

योग: रु० 65,000-00

{स} जनपद में 19 इकाईयाँ कार्यरत हैं जिसमें किसी इकाई का राजकीय गोदाम उपलब्ध नहीं है जिससे रसायनों एवं उपकरणों के भण्डारण हेतु किराये के भवन लिये गये हैं जिससे शासन को बहुत अधिक धनराशि खर्च करनी पड़ती हैं किन्तु वैज्ञानिक ढंग से रसायनों/मशीनों का भण्डारण नहीं हो पाता है जिससे प्रति वर्ष काफी क्षति होती है । अतः इकाईयों के भवन निर्माण हेतु प्रस्ताव किया जाता है । इनके लिए भूमि एवं स्थल चयनित कर लिये गये हैं तथा भूमि निःशुल्क उपलब्ध है ।

कृषि रक्षा इकाई के भवन निर्माण हेतु निम्नलिखित स्थल चयन किये गये है जहाँ भूमि निःशुल्क उपलब्ध है :

1- सलोन - कृषि बीज भण्डार परिसर में
2- छतोह - विकास खण्ड परिसर में
3- अमावां - विकास खण्ड परिसर में

उपरोक्त कृषि रक्षा इकाई के भण्डारों के निर्माण हेतु प्रति भण्डार 1.25 लाख रु० प्रति भण्डार अनुमानित हैं जिनके निर्माण पर कुल 3.75 लाख रुपया होगा ।

7.1.7 व 7.1.8 - ये योजनाऐं अब राज्य सेक्टर में चली गई है ।

7.2 उद्यान विभाग:

7.2.1- वर्तमान उद्यानों प्रक्षेत्रों एवं पौधशालाओं के सुधार की योजना:

पहले से स्थापित टर्नर प्लांट पौधशाला में बाड़ न होने से उपलब्ध भूमि का उपयोग उत्पादन में नहीं हो पाता है तथा उत्पादित पौधों की सुरक्षा नहीं हो पाती है । इसके लिए फेंस के व्यय का प्राविधान आर०ई०पी०से प्राप्त किया गया है जिसे वित्त तालिका मे सम्मलित किया गया है । इससे उत्पादन में वृद्धि होगी तथा अच्छे किस्म के अलंकारिक पौधे उत्पादित किये जावेगें । इस हेतु 2.65 लाख रु० का परिव्यय प्रस्तावित है ।

7.2.2- प्रदेश मे औद्यानिक उत्पादन एवं बीज विधायन इकाईयों की स्थापना एवं सुदृढ़ीकरण :

इस योजना के अन्तर्गत अधिकतम जोत सीमा से प्राप्त भूमि/बाग शिवगढ़ सम्मिलित है । भूमि माननीय न्यायालय में विवेचना से निर्णय हो गया है जिसमे नम्बरान मे परिवर्तन किया गया है । रेखांकन कार्य शीघ्र सम्पन्न कराकर कार्यवाही की जानी है । इसके लिए एक माली का वेतन जिला सेक्टर से आहरित होता है । इसके अतिरिक्त 5 एकड़ की एक और पौधशाला सलोन में पूर्व से स्थापित है जिसमें उत्पादन कार्य किया जा रहा है । दोनो स्थानो पर व्यय का प्राविधान रू-पत्र मे निहित दर्शाया गया है । इस हेतु 83 हजार रुपया का परिव्यय प्रस्तावित है ।

7.2.3 प्रदेश के पिछड़े क्षेत्रों व अन्य क्षेत्रों मे औद्यानिकी विकास की योजना:

उद्यान विभाग में विकास खण्डों पर कोई फील्ड कार्यकर्ता न होने से किसानो को तकनीकी सलाह, उनकी समस्याओं का निराकरण तथा सामाग्री सम्पूर्ति नहीं होती है इसके लिए एक योजना प्रस्तावित किया जाता है ।

{क} सचल दल: योजना के आरम्भ मे जनपद के तीन विकास खण्डों मे सचल दल द्वारा कृषकों से सम्पर्क किया जायेगा तथा उद्यान प्रगति के कार्यो का सम्पादन किया जायेगा । इसके लिए कुल तीन सचल दल के लिए निम्नलिखित कर्मचारी की आवश्यकता होगी :

{1}	वर्ग - 2 उद्यान निरीक्षक	3
{2}	वर्ग - 3 सहायक उद्यान निरीक्षक	3
{3}	चतुर्थ श्रेणी {माली}	6
		12

सचल दल प्रत्येक विकास खण्ड में 1 हजार कृषक परिवार से सम्पर्क करेगा तथा समस्त औद्यानिक कार्यों के लिए विकास का उत्तरदायी होगा । इस हेतु 1.55 लाख रु0 का परिव्यय प्रस्तावित है ।

7.3 गन्ना विकास :

गन्ना विकास विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त गन्ना जनपदों हेतु चीनी मिल क्षेत्र में निम्नलिखित योजनायें लगातार कार्यान्वित कराई जा रही है । केवल इन्हीं योजनाओं के अन्तर्गत ही जिला स्तर पर योजनावार धन की व्यवस्था हेतु प्रस्ताव भेजे गये हैं तथा समस्त योजनाओं के अन्तर्गत गन्ना आयुक्त महोदय द्वारा वर्षवार लक्ष्य प्रत्येक चीनी मिल क्षेत्र हेतु निर्धारित किये जाते हैं । क्षेत्र में गन्ना कृषकों के लाभार्थी योजनावार उपयोगिता निम्न प्रकार है :-

7.3.1- गन्ना कृषकों को सस्ते दर पर फसल सुरक्षा यंत्र उपलब्ध कराने की योजना :-

इस योजना के अन्तर्गत कृषकों को गन्ना फसल एवं अन्य फसलों की सुरक्षा के लिये गन्ना रक्षा यंत्र सस्ते दर पर उपलब्ध कराये जाते हैं। जिस पर 25 प्रतिशत सामान्य कृषकों को तथा अनुसूचित जाति के कृषकों को सवा 33 प्रतिशत अनुदान शासन द्वारा दिया जाता है। वर्ष 1986-87 मे मु0 8,000-00 रु0 व्यय करके 50 गन्ना रक्षा यंत्र वितरित कराने का लक्ष्य रखा गया है तथा 1987-88 मे 8,000-00 रु0 व्यय करके 50 रक्षा यंत्र वितरित करने का प्रस्ताव है।

7.3.2- नई चीनी मिलों में गन्ना विकास की योजना:

इस योजना के अन्तर्गत स्थापित की जाने वाली नई चीनी मिल क्षेत्र में गन्ना का अधिकतम विकास करने के लिए जिससे कि कम से कम परिवहन व्यय देकर सीमित क्षेत्र में अधिक से अधिक गन्ना उपलब्ध हो सके। विकास कर्मचारियों की नियुक्ति कर गन्ना विकास कार्यक्रम को प्रगति की जाती है। इस योजना के अन्तर्गत समस्त व्यय वेतन व्यय है जो गन्ना आयुक्त महोदय द्वारा निर्धारित स्टाफ सीमा पर वेतन एवं निर्धारित देय अन्य भत्तों पर देय होता है। इस योजना मे वर्ष 1986-87 मे 5.20 लाख रुपये व्यय होने का अनुमान तथा वर्ष 1987-88 में 3.93 लाख रु0 खर्च होनें का प्राविधान प्रस्तावित है।

7.3.3- गन्ना बीज यातायात पर अनुदान की योजना:

निरोग, स्वस्थ, अधिक शर्करा एवं अधिक उपज प्राप्त करने मे उत्तम बीज का अधिक महत्व है। अधिकतम कृषक शुद्ध एवं निरोग बीज का बावग करें। इसके लिए कृषकों को प्रोत्साहन देने हेतु सीमान्त तथा लघु कृषकों को जो 10 कि0मी0 सेअधिक दूरी पर बीज यातायात करते हैं, उन सामान्य कृषकों को 1.50 रु0 प्रति कु0 तथा अनु0जाति के कृषकों को 2.00 रु0 प्रति कुन्तल की दर से इस योजना के अन्तर्गत अनुदान दिया जाता है। साथ ही प्रत्येक वर्ष में गन्ना शोध केन्द्र जो कि शाहजहांपुर, गोरखपुर, गोला में स्थापित हैं से शुद्ध वैज्ञानिक बीज § न्यूकीलीयस सीड § बीज लाकर चीनी मिल क्षेत्र मे किसी एक स्थान पर आधार पौधशाला में स्थापित किया जाता है। इस तरह लाये गये सम्पूर्ण बीज का परिवहन व्यय इसी योजना के माध्यम से वहन किया जाता है। इस योजना मे 1986-87 के अन्तर्गत 6,000-00 खर्च होने का अनुमान है तथा वर्ष 1987-88 में 7,000-00 खर्च करने का प्रस्ताव है।

7.3.4- आधार गन्ना बीज उत्पादन की योजना:

अच्छी उपज तथा अधिक शकर प्राप्त करने में उत्तम बीज का गन्ने में सर्वाधिक महत्व है। साथ ही वानस्पतिक फसल होने के कारण प्रति एकड़ अधिक बीज प्रयोग होता है। अतः चीनी मिल क्षेत्र में अधिकाधिक गन्ना बीज प्रत्येक कृषकों को उपलब्ध हो सके इसके लिए त्रिस्तरीय पौधशाला कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस योजना में आधार पौधशाला चीनी मिल क्षेत्र में किसी एक स्थान पर स्थापित की जाती है तथा आधार पौधशाला से अधिकतम बीज प्राप्त करके प्रत्येक पर्यवेक्षक सर्किल में जो जनपद में लगभग 30 है एक से दो प्राथमिक पौधशाला स्थापित की जाती है। प्राथमिक पौधशाला से बीज प्राप्त करके पर्यवेक्षक सर्किल में अधिकांश कृषकों के यहां माध्यमिक पौधशालायें स्थापित कराई जाती है। इस प्रकार प्रत्येक पौधशाला में मल्टीप्लीकेशन भी होता है और साथ ही ट्रायल तथा टेस्टिंग भी होती रहती है। माध्यमिक पौधशाला से बीज को सामान्य बावग हेतु कृषकों में वितरित किया जाता है। इस व्यवस्था से कृषकों को उत्तम एवं निरोग बीज अपनी निकट पौधशाला से ही सामान्य बावग हेतु प्राप्त हो जाता है। बीज हेतु गन्ने का रखरखाव करने मे कृषकों को कुछ विशेष सावधानी रखनी पड़ती है। अधिकांशतः कृषक पौधशालाओं में अधिकाधिक कराये तथा उत्तम रखरखाव पर अधिकतम बीज प्रति यूनिट क्षेत्रफल से [illegible] करें। इसके लिए प्रति एकड़ पौधशाला पर अनुदान देने की योजना है। 1986-87 के अन्तर्गत इस योजना में 20,000-00 रु० खर्च होने का अनुमान है तथा आगामी वर्ष 1987-88 मे 22,000-00 रु० खर्च होने का प्रस्ताव है।

7.3.5- चीनी मिलो के 16 कि०मी०क्षेत्र मे गन्ना विकास की योजना:

चीनी मिल के सीमित क्षेत्र से अधिकतम प्रति एकड़ उपज तथा निरोग एवं अधिक शकर वाला गन्ना मिल को प्राप्त हो तथा कृषकों को प्रति एकड़ उपज अधिक प्राप्त हो के लिए आवश्यक है कि रोग कीट नियंत्रण पर तथा अधिक खाद का प्रयोग हो पर विशेष बल दिया जाय। इस योजना के अन्तर्गत तीन कार्य किये जाते हैं। 1- बीज उपचार 2- भूमि उपचार, 3- पेड़ी गन्ने पर यूरिया छिड़काव।

उपरोक्त समस्त कार्यक्रम पर कृषकों द्वारा किये गये कुल व्यय का 20 प्रतिशत शासन, 25 प्रतिशत गन्ना विकास परिषद, 15 प्रतिशत चीनी मिल, 40 प्रतिशत कृषक व्यय भार वहन करते हैं। उपरोक्त तीनों कार्यों के प्रति ही कृषकों में जागरूकता कम पाई जाती है। अतः अनुदान देकर कृषकों को उत्साहित किया जाता है। जिससे प्रति एकड़ उपज को बढ़ाया जा सके।

इस योजना के अन्तर्गत 1986-87 में 20,000-00 रुपया व्यय करने का अनुमान है तथा 1987-88 हेतु 40,000-00 रुपया व्यय करने का प्रस्ताव है ।

7.3.6- <u>उत्तर प्रदेश में गन्ना विकास की योजना</u> :

अधिकतम उपज एवं अधिक से अधिक लाभ किस प्रकार गन्ने की खेती से प्राप्त किया जा सकता है के उद्देश्य से कृषक स्तर पर कार्यक्रम चलाया जाता है । इस कार्यक्रम मे गन्ना आयुक्त महोदय द्वारा मिल स्तर पर विभिन्न प्रकार के गन्ना प्रदर्शनों का लक्ष्य निर्धारित किया जाता है । जो कृषकों द्वारा उन्हीं के खेतों पर स्थापित किये जाते हैं जिनकी सम्पूर्ण देख-रेख गन्ना पर्यवेक्षक अपने निर्देशन में कृषकों से करवाते हैं । कृषक प्रति इकाई क्षेत्र में अन्य फसलों के साथ-साथ गन्ने की अधिकतम उपज अनुदान उन्हीं प्रदर्शन धारक कृषकों को [illegible] है । जिनका प्रदर्शन वर्ष के अन्त में सफल पाया जाता है । प्रति एकड़ प्रदर्शन अनुदान की दर 400-00 रु० है । वर्ष 1986-87 में कुल क्षेत्र में 73 एकड़ प्रदर्शन स्थापित किये गये हैं, जिन पर रुपया 29,200-00 व्यय होने का अनुमान है तथा वर्ष 1987-88 में 75 एकड़ प्रदर्शन क्षेत्र में स्थापित करके 30,000-00 रु० खर्च करने का प्रस्ताव है ।

<u>7.4 कृषि विपणन:</u>

7.4.1- <u>कृषि विपणन के अन्तर्गत वर्ष 1986-87 मे मण्डी परिषद को अनुदान:</u>

मण्डी परिषद को 1.41 लाख रुपये की धनराशि अनुदान के रूप में लालगंज एवं छतोह मे ग्रामीण गोदाम बनाने हेतु दिया गया है । अभी तक प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है । वर्ष 1987-88 हेतु सम्बन्धित विभाग द्वारा कोई योजना प्रस्तुत नही की गई है जिसके कारण कोई वित्तीय परिव्यय प्रस्तावित नहीं किया जा रहा है ।

<u>7.5 भूमि सुधार</u>

7.5.1- <u>सीलिंग भूमि आवंटियो को आर्थिक सहायता</u> :

राजस्व विभाग की सूचना के अनुसार मार्च 1985 तक 3418 व्यक्तियों को यह सहायता उपलब्ध करायी जा चुकी है । वर्ष 1985-86 में 550 व्यक्तियों को और लाभान्वित किया जा चुका है । वर्ष 1986-87 मे 500 व्यक्तियों को लाभान्वित किये जाने का प्रस्ताव रखा गया है । वर्ष 1987-88 हेतु 100 व्यक्तियों को लाभान्वित करने के लिए 50 हजार रुपये का परिव्यय राज्यांश के रूप में प्रस्तावित है । इतनी ही धनराशि केन्द्र अंश के रूप प्राप्त होगी ।

7.6 निजी लघु सिंचाई :

7.6.1- अनुदान :

वर्ष 1987-88 हेतु 1200 नि:शुल्क बोरिंग कराने का लक्ष्य प्रस्तावित है, जिसमे लघु / सीमान्त कृषकों को नि:शुल्क तथा पम्पसेट / नलकूप पर क्रमश: $33\frac{1}{3}$ % तथा 50% अनुदान विशेष कृषि उत्पादन योजना में शासन द्वारा स्वीकृत है । आई0आर0डी0 योजना में केवल 25 एवं $33\frac{1}{3}$% अनुदान अनुमन्य है । उपरोक्त $8^{1}/3$% तथा $16^{2}/3$% की भिन्नता जिला योजना के माध्यम से विभाग द्वारा वहन की जायेगी । इकाई लागत को ध्यान मे रखते हुए औसतन 800-00 रुपये प्रति कृषक अतिरिक्त अनुदान की आवश्यकतानुसार 960 हजार रु0 का प्राविधान किया गया है ।

7.6.2- अन्य व्यय:

अन्य व्यय मे प्लान के अन्तर्गत कार्यरत 10 बोरिंग टैकनीशियन / सहायक बोरिंग टैकनीशियन के वेतन भत्ते आदि हेतु 117 हजार का परिव्यय प्रस्तावित है ।

7.6.3- उपकरण एवं संयत्र:

उपरोक्त बोरिंग को करने के लिए पर्याप्त उपकरण एवं संयत्र आवश्यक है । न्यूनतम आवश्यकता को ध्यान में रख कर 230 हजार का प्राविधान प्रस्तावित है ।

क्र0सं0	उपकरण का नाम	मात्रा	दर	अनुमानित लागत
1-	स्क्रू रिन्च 4"	20	250-00	5,000-00
2-	सिंगल पुली 8"	20	300-00	6,000-00
3-	तार रस्सा 3/8"	10,000मी0	12-00	1,20,000-00
4-	हैन्ड पम्प 5"	2	550-00	1,100-00
5-	हैन्ड पम्प 3"	30	400-00	12,000-00
6-	हैन्ड पम्प $2\frac{1}{2}$"	30	350-00	10,500-00
7-	चैन रिन्च 4/6"	40	350-00	14,000-00
8-	पाइप रिन्च24"	50	250-00	12,500-00
9-	उठेन क्लैम्प 4"	10	1200-00	12,000-00
10-	मैटेलिक टेप 15 मी0	75	80-00	6,000-00
11-	यू वायर क्लैम्प	10दर्जन	90-00 प्रति दर्जन	900-00
12-	बोरिंग उपकरण की मरम्मत	-	-	30,000-00
				2,30,000-00

7.7- राज्य लघु सिंचाई :

7.7.1- सामान्य कार्यक्रम :

नये 20 सूत्रीय कार्यक्रम में इस बात पर विशेष बल दिया गया है कि सिंचाई हेतु पानी के प्रबन्ध को सुदृढ़ बनाया जाय । यह तभी सम्भव है जबकि निर्माणाधीन योजनाओं के अधूरे कार्य पूर्ण किये जावें । उक्त परिपेक्ष में ही जनपद रायबरेली की नलकूप निर्माण की वर्ष 87-88 की योजना तैयार की गई है । सातवीं पंचवर्षीय योजना में जनपद रायबरेली के लिए नये नलकूपों के निर्माण एवं पुनः निर्माण के नलकूपों का लक्ष्य निम्न प्रकार से प्रस्तावित है :

क्रमांक	वर्ष	नये नलकूपों का निर्माण	नलकूपों का पुनः निर्माण
1-	85-86	4	8
2-	86-87	3	8
3-	87-88	3	5
4-	88-89	20	5
5-	89-90	20	4
	योग	50	30

वर्ष 85-86 के लक्ष्य पूर्ण किये जा चुके हैं एवं वर्ष 86-87 के लक्ष्य पूर्ण करने हेतु कार्य चल रहा है एवं आशा है कि उक्त लक्ष्य भी वर्तमान वित्तीय वर्ष के अन्त तक पूर्ण कर लिया जावेगा ।

§अ§ दिनांक 1-4-87 जो नलकूप निर्माण के अधूरे कार्य शेष होंगे उनका भौतिक एवं वित्तीय विवरण नीचे दिया जा रहा है, उक्त अधूरे कार्य को पूर्ण करने के लिए 87-88 की योजना में रु0 115.11 लाख का धन प्रस्तावित की जा रही है । यदि अधूरे कार्य को पूर्ण करने हेतु धनराशि स्वीकृत कर दी जाती है तो इसका उपभोग 87-88 में कर लिया जावेगा तथा इसके पश्चात् अगले वर्ष मे कोई कार्य शेष नहीं रह जाएगा :-

क्रमांक	मद	इकाई	मात्रा	दर (लाख रु०)	धनराशि (लाख रु०)
1-	पम्पगृह/ई०टी०	संख्या	2	0.50	1.00
2-	पम्पसेट	"	2	0.50	1.00
3-	उर्जीकरण	"	2	0.50	1.00
4-	पी.वी.सी. पाईप	कि०	89	0.60	53.40
5-	कच्ची गूल का निर्माण	मि०	44	0.06	2.64
6-	पक्की गूल	"	47	0.75	35.25
7-	फील्डगूल/बराह	"	198	0.03	5.94
				योग :	100.23
	15% अधिष्ठान (उर्जीकरण छोड़कर				14.88
				कुल योग:	115.11 लाख

(ब) वर्ष 87-88 मे तीन अदद नये राजकीय नलकूपों को लगाया जाना प्रस्तावित है । जिनके ग्रामों का नाम स्थल चयन समिति के प्रस्ताव के पश्चात् ही प्रस्तुत करना सम्भव है । जिसके ऊपर रु० 18.75 लाख व्यय आयेगा जिसका विवरण नीचे दिया जा रहा है :-

क्रमांक	मद	इकाई	मात्रा	दर (लाख रु०)	धनराशि (लाख रु०)
1-	नये नलकूप का निर्माण	संख्या	3	6.25	18.75

उपरोक्त के अतिरिक्त वर्ष 87-88 मे पाँच अदद नलकूपों का पुन: निर्माण तथा पुन: निर्माण से संबंधित अन्य कार्य प्रस्तावित किये जा रहे हैं, जिसका विवरण निम्न प्रकार है :-

क्रमांक	मद	इकाई	मात्रा	दर (लाख रु०)	धनराशि (लाख रु०)
1-	नलकूपों का पुन: निर्माण	संख्या	5	1.50	7.50
2-	स्टार्टर का बदलना		50	0.02	1.00
3-	गूलों का जीर्णोद्धार	कि०मी०	5	0.50	2.50
				योग	11.00 लाख

योजना की कुल धनराशि अब §रु§ 115.11 + 18.75 + 11.00
= 144.86 लाख'

वर्ष 87-88 में इस प्रकार जनपद रायबरेली के राजकीय नलकूपों के निर्माण के लिये उक्त मे से 75 लाख रु0 प्रस्तावित हैं । उक्त योजना के कार्यान्वयन से 500 हैक्टे0 क्षेत्र में अतिरिक्त सिंचन क्षमता सृजित होगी एवं अवशेष कार्यों को पूर्ण किये जाने के फलस्वरूप 3200 हैक्टे0 क्षेत्र सृजित सिंचन क्षमता को पूर्ण उपयोग हेतु सुदृढ़ बनाया जा सकेगा ।

7.8 भूमि एवं जल संरक्षण §कृषि§

7.8.1- डलमऊ इकाई :

उत्तर प्रदेश के सम्पूर्ण पहाड़ी एवं मैदानी भाग मे भूमि कटाव एक गम्भीर समस्या है । भूमि के अनुचित प्रयोग, बन सम्पत्तियों के विनाश एवं वर्षा के कारण भूमि के ऊपरी तल का क्षरण होता रहता है, मिट्टी की ऊपरी सतह कट कर नालो एवं नदियों में बह जाती है जिससे उपजाऊ मिट्टी नष्ट हो जाती है । तथा फसलों की उत्पादकता में कमी हो जाती है । रायबरेली जनपद में गंगा नदी सई, एवं लोन नदी के जल-समेट क्षेत्र में लगभग 95500 हेक्टर भूमि समस्याग्रस्त है । भूमि के कटाव को रोकने एवं जल की समुचित उपयोग हेतु कृषि विभाग उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत भूमि संरक्षण इकाईयों की स्थापना की गई है । इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अधिक अन्न उत्पादन बाढ़ नियंत्रण तथा सिंचाई के लिये जल संचय करना है इसमें मुख्य रूप से बांध निर्माण, समतलीकरण अवरोध बांध जल निकास नाली, जल संचय बंधी पक्की सरंचनाओं का निर्माण ऊसर भूमि सुधार एवं वनीकरण आदि कार्यक्रम किये जाते हैं ।

भूमि संरक्षण इकाई डलमऊ की स्थापना वर्ष 68-69 में गंगानदी जल समेट क्षेत्र के अन्तर्गत कटाव ग्रस्त क्षेत्रों के संरक्षण हेतु राज्य बीहड़ भूमि सुधार योजना के रूप मे की गई है इस इकाई का कार्य क्षेत्र खीरों, सरेनी, लालगंज, डलमऊ, जगतपुर एवं ऊँचाहार विकास खण्डों में है इसके अतिरिक्त इस जनपद में इस नदी जलसमेट में भूमि संरक्षण इकाई बछरावां एवं रायबरेली दो अन्य इकाईयाँ भी कार्यरत हैं ।

वर्ष 82-83 से यह इकाई विकेन्द्रित नियोजन प्रणाली के अन्तर्गत जिला योजना के अधीन कार्यरत है तथा बजट का आवंटन जिला योजना से प्राप्त होता है । वर्ष 85-86 में कुल 1501 हजार का आवंटन प्राप्त था,

किन्तु विगत वर्ष के अन्तिम त्रैमास मे विभाग द्वारा बाढ राहत योजना के अन्तर्गत 675 हजार रुपये अतिरिक्त आवंटन प्राप्त होने के कारण जिला योजना का मात्र 200 हजार रुपया समर्पण करना पड़ा था वर्ष 86-87 हेतु कुल 1250 हजार रुपये का आवंटन प्राप्त है जिसमें 708 हजार रुपये स्थापना पर एवं 542 हजार रुपये कार्य एवं अनुदान मद में व्यय होना है । जिसमें 55 हजार रुपये का कार्य अनुदान मे अनुसूचित जाति/जनजाति के भूमि पर किया जायेगा ।

भूमि संरक्षण कार्य के लिये आवंटित धनराशि के विपरीत भूमि संरक्षण तकनीकी द्वारा कुल 1250 हे० समस्याग्रस्त क्षेत्र का उपचार के किए जाने का लक्ष्य निर्धारित है । इस लक्ष्य की शतप्रतिशत पूर्ति होने की सम्भावना हैं ! समस्याग्रस्त क्षेत्र का उपचार होने के उपरान्त उत्पादन में 15-20प्रतिशत वृद्धि की आशा है !

भौतिक लक्ष्यों की पूर्ति हेतु आवश्यक धनआवंटन न प्राप्त होने से लक्ष्यों की पूर्ति राज्य माध्यम के अतिरिक्त प्रसार माध्यम से पूर्ण किया जाता है ।

भूमि संरक्षण उपायोग का निष्पादन कार्य खर्चीला एवं तकनीकी होने के कारण प्रसार माध्यम से कार्य कराने मे कठिनाई होती है और लक्ष्यों की पूर्ति मे बाधा उत्पन्न होती है इसी लिये वर्ष 87-88 के लिये लक्ष्यों की पूर्ति हेतु इस इकाई के लिये 12-50 लाख रुपये परिव्यय स्वीकृत हेतु प्रस्तावित है ।

भूमि संरक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत निष्पादन कार्य दैनिक श्रमिको व चिट्ठी द्वारा किया जाता है यहा पर ठेकेदारी प्रथा नहीं है इस कार्यक्रम से ग्रामीण भूमिहीन एवं बेरोजगार एवं अनुसूचित जाति के श्रमिको को रोजगार प्राप्त होता है । उपरोक्त लक्ष्यों की पूर्ति हेतु लगभग दो लाख श्रमिको के मानव दिवस सृजित होने की सम्भावना है ।

7.8.2- रायबरेली इकाई :

वर्ष 1986-87 मे इस इकाई को कार्य स्थापना हेतु 8 लाख रुपये का प्राविधान है । अब इस इकाई की कोई उपयोगिता नहीं है और अनावश्यक बोझ जिला योजना पर परपड़ रहा है । अत: वर्ष 1987-88 हेतु कोई परिव्यय नहीं प्रस्तावित है । बछरावां इकाई की भाँति उसकी भी व्यवस्था केन्द्र के माध्यम से की जाय ।

7.8.3- उत्तर प्रदेश में क्षारीय एवं अल्काइन भूमि सुधार की योजना :

जिला योजना के अन्तर्गत वर्ष 1986-87 में 10 लाख रुपये का परिव्यय अनुमोदित है इसके अन्तर्गत भूमि संरक्षण इकाई, डलमऊ तथा रायबरेली में 505 हेक्टर भूमि को क्षारीय एवं अल्काइन से मुक्त कर भूमि सुधार की योजना है। वर्ष 1987-88 में इस मद में 11.33 लाख का परिव्यय प्रस्तावित है जिसमें भूमि संरक्षण इकाई, डलमऊ तथा रायबरेली के अन्तर्गत आने वाली ऊसर भूमि को क्षारीय एवं अल्काइन से मुक्त कर सुधार करने की योजना है जिससे कृषि क्षेत्रफल में वृद्धि कर उत्पादन बढाया जा सके। इस योजना के अन्तर्गत 825 मी. टन का जिप्सम एवं पाइराइट उपलब्ध कराया जायेगा।

7.9 पशुपालन विभाग : चालू योजनायें :- पशु चिकित्सा सेवायें एवं स्वास्थ्य

7.9.1- पशुचिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं का सुधार एवं विस्तार की योजना:

कुल प्रस्तावित परिव्यय - 244 हजार रुपया। विगत वर्ष में खोले गये एक पशुचिकित्सालय-अटौरा बुजुर्ग की निरंतरता हेतु मानक के अनुसार 65 हजार रुपया, एक "द" श्रेणी पशुचिकित्सालय हरदासपुर की निरंतरता हेतु मानक के अनुसार 23 हजार रुपये तथा एक पशुसेवा केन्द्र रालपुर की निरंतरता हेतु मानक के अनुसार 16 हजार रुपया का प्राविधान प्रस्तावित है।

एक चीफ वेटनरी कम्पाउन्डर के पूरे वर्ष का वेतन आदि का व्यय मानक के अनुसार 19 हजार रुपया प्रस्तावित है।

जनपद के कार्यरत 34 पशुचिकित्सालय और 13 "द" श्रेणी पशुचिकित्सालय तथा 61 पशुसेवा केन्द्रों पर दवा आदि की व्यवस्था हेतु 82 हजार रुपया प्रस्तावित है।

खुरपका, मुँहपका रोग के रोकथाम की योजना के अन्तर्गत 50% राज्यांश हेतु 8 हजार रुपया प्रस्तावित है।

सचल पशु चिकित्सालय द्वारा क्षेत्रीय पशुओं के उपचार आदि का विस्तार के अन्तर्गत 21 हजार रुपया का प्राविधान किया गया जो मानक के अनुरूप वाहन के अनुरक्षण एवं औषधियों आदि के क्रय हेतु प्रस्तावित है।

7.9.2- स्थानीय निकायों द्वारा चालित पशु चिकित्सालयों का प्रान्तीयकरण एवं सुधार की योजना :

कुल प्रस्तावित परिव्यय - 90 हजार रुपया।

वर्ष 1987-88 में विगत वर्ष प्रान्तीयकृत पशुचिकित्सालय-सतांव

तथा महराजगंज की निरन्तरता हेतु मानक के अनुसार 41 हजार रुपया प्रति चिकित्सालय की दर से 82 हजार रुपये तथा उन चिकित्सालयों की साज-सज्जा और उपकरण आदि बदलने हेतु 8 हजार रुपये का प्राविधान प्रस्तावित है । प्रस्तावित स्वीकार

7.9.3- पशुधन प्रक्षेत्रों पर प्रजनन कार्य हेतु साड़ों के उत्पादन की योजना :

कुल प्रस्तावित परिव्यय -

इस योजना के अन्तर्गत कोई धन प्रस्तावित नहीं है क्योंकि तरल वीर्य के द्वारा चालित कृतिम गर्भाधान कार्य को अतिहिमीकृत वीर्य द्वारा कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम में बदला जा रहा हैं । अत: साड़ों के निमित्त धन की कोई आवश्यकता नहीं है ।

79.4- अतिहिमीकृत वीर्य द्वारा कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम का सुदृढ़ीकरण विस्तार की योजना:

कुल पस्तावित परिव्यय - 250 हजार रुपये । इस योजना के अन्तर्गत 3 संयत्र आपरेटर एवं जीप चालक के वेतन भत्ते आदि पर मानक के अनुसार 44 हजार रुपये तथा शेष 206 हजार रुपये अन्य व्यय के अन्तर्गत योजना को सुचारु रुप से चलाने हेतु प्रस्तावित है ।

7.9.5- प्रदेश में कृत्रिम गर्भाधान ढाचे का सुदृढीकरण की योजना:

कुल प्रस्तावित परिव्यय : 44 हजार रुपये । इस योजना के अन्तर्गत एक वीर्य संग्रह केन्द्र एक ग्राम समूह केन्द्र 11 कृ0ग0केन्द्र, 39कृ0ग0 उपकेन्द्र तथा 6 ग्राम समूह इकाईयों को सुचारु रुप से निरंतरता हेतु मानक के अनुसार 30 हजार रुपया तथा उक्त केन्द्रो पर पुराने फर्नीचरों, साज सज्जा, संयत्रोंके परिवर्तन, परिवर्द्धन हेतु 14 हजार रुपये की अतिरिक्त व्यवस्था जनपद स्तर से आवश्यकता को देखते हुये प्रस्तावित है ।

7.9.6- लघु सीमान्त कृषकों एवं भूमिहीन श्रमिकों के लाभार्थ वर्धीकर बछियों के भरण पोषण हेतु संतुलित आहार कुक्कुट भेड़ एवं सूकर इकाईयों की स्थापना पर अनुदान तथा पशुपालन निदेशालय पर प्रोजेक्ट सेल की स्थापना §केन्द्र पोषित§ 50% राज्यांश :- प्रस्तावित

कुल प्रस्तावित परिव्यय 270 हजार रुपये । इस मैद में विशेष उत्पादन कार्यक्रम में सहायक परियोजना अधिकारी द्वारा 50% राज्यांश अन्तर्गत 270 हजार रुपये की ही मांग की गई है जो जनपद स्तर से स्वीकृति हेतु प्रस्तावित है ।

Sub. National Systems Unit,
National Institute of Educational
Planning and Administration
17-B, Sri Aurbindo Marg, New Delhi-110016
DOC. No.....3856........
Date....14/2/90.........

: कुक्कुट विकास :

7.9.7- संयुक्त राष्ट अन्तर्राष्ट्रीय बाल आपात निधि के सहयोग से व्यवहारिक पुष्टाहार कुक्कुट उत्पादन की योजना:

कुल प्रस्तावित परिव्यय- 4 हजार रुपये । विगत वर्ष की भांति इस योजना के अन्तर्गत जनपद के विकास खण्ड डीह मे 400 मुर्गी के बच्चे 2 माह उपलब्ध कराया जायेगा जिनके भरण पोषण हेतु 3 हजार रुपये तथा इस कार्यक्रम के निरीक्षण एवं मूल्यांकन हेतु एक हजार रुपये पेट्रोल आदि मद में मानक के अनुसार स्वीकृति हेतु प्रस्तावित है ।

: भेड़ एवं ऊन विकास :

7.9.8- राज्य में बकरी प्रजनन सुविधाओं के प्रसार की योजना:

कुल प्रस्तावित परिव्यय- 26 हजार रुपया । इस योजना के अन्तर्गत विगत वर्षो में खोले गये पशुचिकित्सालय सिंहपुर और खीरों बकरा केन्द्रों की निरंतरता हेतु मानक के अनुसार 2 हजार रुपये प्रति बकरा केन्द्र की दर से कुल 4 हजार तथा वर्ष 1987-88 मे चार नये बकरा केन्द्रों-नसीराबाद, परसदेपुर, मेजरगंज एवं संडवा पर एक-एक बकरा केन्द्र खोले जायेगें जिस पर मानक के अनुसार 4000 रुपया प्रति केन्द्र के दर से कुल 16 हजार रुपये व्यय होगें जो प्रस्तावित है ।

उपर्युक्त के अतिरिक्त जनपद में पुराने बकरों को बदलने तथा अंशदान पर वितरण हेतु 20 बकरो का क्रय मानक के अनुसार 400/- प्रति बकरे की दर से 8 हजार रुपये स्वीकृति हेतु प्रस्तावित है ।

7.9.9- भेड़ प्रजनन सुविधाओं का प्रसार एवं सुदृढ़ीकरण तथा स्वास्थ सेवायें:

कुल प्रस्तावित परिव्यय -288 हजार रुपये । इस योजना के अन्तर्गत सिंहपुर, डीह, तिलोई भेड़ा केन्द्रों की निरंतरता हेतु कर्मचारियों के वेतन भत्ते, मशीन द्वारा ऊन उतारने एवं रख रखाव तथा चालक के वेतन आदि तथा भेड़ों की खिलाई पिलाई पर 114 हजार रुपये मानक के अनुसार प्रस्तावित है ।

वर्ष 1986-87 में निर्माणाधीन भेंढ़ा केन्द्र डीह हेतु केवल 21.8 हजार रुपये का प्राविधान स्वीकृति हुआ है जबकि मानक के अनुसार उसका आकलन 130 हजार रुपये होता है । अत: शेष 48 हजार रुपये वर्ष 87-88 में प्राविधान कर केन्द्र को पूर्ण कराने की व्यवस्था पूँजीगत मद में की गई है ।

उपर्युक्त के अतिरिक्त 87-88 में एक नये भेढ़ा केन्द्र की स्थापना विकास खण्ड खीरों मे पशु चिकित्सालय सेमरी के अन्तर्गत जगन्नाथगंज में खोले जाने का प्राविधान किया गया है तथा भविष्य में धन प्राप्त होने पर

भेंड़ा केन्द्र स्थापित किया जावेगा ।

विगत वर्षों के कार्यरत ।। भेंड़ा केन्द्रों हेतु मास ड्रेचिंग के निमित्त मानक के अनुसार 66 हजार रुपये का प्राविधान किया गया है ।

उपर्युक्त के अलावा विगत वर्षों के कार्यरत वृद्ध एवं मृत भेंड़ा के स्थानापन्न तथा अंशदान पर वितरण हेतु 104 भेंड़ों के लिये 250 रुपये मानक के अनुसार 26 हजार रुपये का प्राविधान स्वीकृत हेतु प्रस्तावित है ।

: सूकर विकास :

7.9.10- सूकर प्रजनन सुविधाओं का प्रसार एवं सुदृढीकरण:

कुल प्रस्तावित परिव्यय - 10 हजार रुपये । इस योजना के अन्तर्गत विगत वर्षों मे खोले गये सूकर केन्द्रों सलोन, बाबूगंज, भदोखर तथा इन्हौना की निरन्तरता हेतु मानक के अनुसार 2 हजार रुपये प्रति केन्द्र की दर से 8 हजार रुपये तथा इस जनपद के 4 सूकर 500 रुपये की दर से 2 हजार रुपये में क्रय करके सूकर पालकों को अंशदान पर दिये जायेगें ।

: अन्य पशुधन विकास :

7.9.11- पशुधन विकास सम्बन्धी कार्यक्रमों के प्रचार की योजना :

कुल प्रस्तावित परिव्यय - 4 हजार रुपये । इस जनपद में एक दिवसीय प्रदर्शनी एवं गोष्ठी का आयोजन का प्रस्ताव है जिसके निमित्त मानक के अनुसार 5 हजार रुपये मानक के स्थान पर 4 हजार रुपये का प्राविधान किया गया है ।

: चारा विकास :

7.9.12- चारा/चारा बीज तथा चारागाहो के विकास की योजना:

कुल प्रस्तावित परिव्यय- 20 हजार रुपये । उत्तम कोटि के चारा बीज क्रय करके कृषकों मे वितरित हेतु इस वर्ष जनपद हेतु 20 हजार रुपये का परिव्यय प्रस्तावित है ।

7.10 मत्स्य :

7.10-1 मत्स्य पालक विकास अभिकरण की योजना :

इस विश्व बैंक पोषित मत्स्य पालक विकास अभिकरण का गठन जनपद मे वर्ष 1981-82 में किया गया । इस योजना के माध्यम से

ग्रामीण अंचल में स्थित तालाबों एवं पोखारों में सघन मत्स्य पालन को त्वरित गति प्रदान करने हेतु आगामी वर्ष में भी प्रयास आवश्यक है । इन मीनाशयों एवं पोखारों को पात्र व्यक्तियों को पटटे पर दिलाना ,तालाब सुधार एवं इनपुटस हेतु बैंकों से ऋण तथा स्वीकृत ऋण पर 25 प्रतिशत के अनुदान की व्यवस्था करना आधुनिक मत्स्य खेती में मत्स्य पालकों को अल्पकालिक प्रशिक्षण तथा मत्स्य अंगुलिकाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करना आदि कार्य पिछड़े व निर्बल वर्ग के लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए किये जा रहे हैं । इस योजना का मुख्य उददेश्य मत्स्य उत्पादन में वृद्धि करके निर्बल वर्ग के लोगों का आर्थिक स्तर उठाना है । अब तक जनपद में लगभग 500 हेक्टेयर का सुधार कार्य पूर्ण कराया जा चुका है । वर्ष के अंत तक 700 हेक्टेयर में सुधार कार्य हो जाने की सम्भावना है ।

वर्ष 1987-88 के लिए 100 हेक्टेयर जलक्षेत्र सुधार तथा 100 मत्स्य पालकों को प्रशिक्षण व स्टाफ का वेतन भत्ता आदि एवं विविध व्यय आदि मिलाकर रुपया 750 हजार की योजना प्रस्तावित है । इस योजना हेतु 315 हजार केंद्र अंश रहेगा ।

योजनांतर्गत मत्स्य पालकों के हितों का पूर्ण ध्यान रखा गया है । वर्ष 87-88 में 25 लाख मत्स्य बीज का वितरण किया जाना प्रस्तावित है जिससे 175 से 225 टन मत्स्य उत्पादन होना सम्भावित है । इससे 17 से 22 लाख रुपये की वार्षिक आय होने की सम्भावना है तथा वित्तीय वर्ष में लगभग 250 परिवारों को रोजी रोटी के साधन सुलभ हो सकेंगे तथा लगभग 80,000 मानव दिवस का सृजन होगा ।

अतएव 750 हजार की जिला सेक्टर योजना स्वीकृत हेतु संक्षिप्त विवरण के अनुसार निम्न प्रकार प्रस्तावित है ।

क्र०सं०	कुल परिव्यय	वेतन तथा भत्ते	प्रशिक्षण परव्यय	अनुदान	विविध व्यय
1	750	320	10	300	120

7-11 वन विभाग

7-11-1 भवन - कोई धन राशि प्रस्तावित नहीं है ।

7-11-2 सामाजिक वानिकी योजना- यह विश्व बैंक सहायतित योजना है इसके अंतर्गत स्वीकृत /तैनात स्टाफ आदि का व्यय इसी योजना से वहन किया जाता है। इस स्टॉफ के व्यय के लिये योजना सामाजिक वानिकी के अतिरिक्त अन्य किसी मद से धनराशि प्राप्त नहीं होती है विगत वर्षों में स्टाफ आदि के वास्ते धनराशि निरंतर उपलब्ध करायी जाती रही है। गत वर्ष 1985-86 के व्यय अनुसार ही स्टाफ व्यय पर धनराशि की मांग है चालू वित्तीय वर्ष 1986-87 में अनुमोदित परिव्यय अत्यंत सीमित है जिससे स्टाफ का व्यय भार वहन करना कठिन हो जाता है । स्टॉफ पर होने वाले व्यय भार का कुछ भाग विश्वबैंक से धनराशि सहायता रूप प्रदत्त हो जायगी अत: योजना के लिये चालू वित्तीय वर्ष 1986-87 के पुनरीक्षित मांग 2850 हजार आगामी वर्ष 1987-88 के लिये प्रस्तावित 16 लाख है । इससे 16 लाख रु0 विदेशी मुद्रा भी प्राप्त होगी । सामाजिक

7-11-3 शहरीक्षेत्र में वानिकी

नगरीय क्षेत्र में सडकों के किनारे तथा अन्य स्थानों पर वृक्षा रोपण कार्य कराया जायेगा । लगभग 5 है0 क्षेत्र में 10,000पौधों का रोपण किया जाना प्रस्तावित है । इस हेतु 50 हजार रु0 का परिव्यय प्रस्तावित है ।

7-11-4 वन मनोरंजन§वन चेतना केंद्र §

वन चेतना केंद्र डलमऊ , लालगंज तथा सलोन की व्यवस्था हेतु 1-50लाख रु0 प्रति केंद्र 50 हजार रु0 की दर से प्रस्तावित किया जा रहा है ।

7-11-5 कर्मचारियों को पेयजल विद्युत की सुविधा-

मद	स्थल	विकास खंड
1	2	3
वाटर टैंक	राजापुर	सलोन
निर्माण-2	वन कालोनी	रायबरेली

उक्त हेतु 60 हजार रु0 का परिव्यय प्रस्तावित है ।

7-12- पंचायत राज विभाग

7-12-1 प्रबंधकीय सहायता- कोई धनराशि प्रस्तावित नहीं है ।

7-12-2 सर्वोत्तम ग्राम सभाओं को प्रोत्साहन पुरस्कार

उन गांव सभाओं को जो अपने क्षेत्रों में विकास निर्माण कार्य जन सेवा एवं श्रमदान आदि सामूहिक कार्यों में स्वच्छ प्रति स्पर्धा की भावना से उत्साहवर्धक कार्य करें, को पुरस्कृत करने पर अन्य गांवों को प्रेरणा प्राप्त होगी । इस योजना में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त गांव सभाओं को क्रमशः 3 हजार, 2हजार एवं 1 हजार रु0 कीधनराशि से पुरस्कृत करने हेतु 6 हजार रु0 का बजट प्रस्तावित है ।

7-12-3 ग्रामीण पर्यावरण में स्वच्छता के लिए खडंजा/ नाली निर्माण

प्रस्तुत योजना में वर्ष 87-88 के लिए अंकन 6 लाख रु0 का प्राविधान प्रस्तावित है । शासकीय नियमों के अंतर्गत किसी गांव सभा को खडंजा निर्माण हेतु अधिकतम 15000रु0 देय है जिसके विपरीत सम्बंधित गांव सभा स्वयं के संसाधनों से कम से कम 5000रु0 व्यय करेगी जिसके अंतर्गत

अनुदान भी मान्य है । इसप्रकार वर्ष 87-88 में इस मद के लिए रामानुमान 3 लाख रु0 के विपरीत गाँव सभायें अंकन 1,50,000रु0 का अंशदान वहन करेंगी। इसप्रकार खड़ंजा /नाली मद होने वाला कुल व्यय 7,50,000 रु0 होगा। इस धनराशि से कुल 40 गाँव सभाओं को लाभान्वित कराने का लक्ष्य रखा गया है । चयनित सभाओं की सूची संलग्न है ।

7-12-4 पंचायत भवन निर्माण

औद्योगिक इकाइयों की निरंतर वृद्धि के दृष्टिकोण से ग्राम स्तर पर पंचायत भवनों के निर्माण की सार्थकता सिद्ध हो चुकी है । वर्ष 86-87 में इस प्रयोजन हेतु जिला सेक्टर से 3लाख रूपये का अनुदान इस प्रतिबंध के अधीन प्राप्त हुआ है कि कुल लागत का 50प्रतिशत गाँव सभा अर्थात 16 हजार रु0 तथा 50 प्रतिशत अनुदान से अर्थात 16,815रु0 व्यय किया जायेगा । जनपद में पंचायत भवन निर्माण हेतु अंकन 32,815रु0 व्यय अनुमान है । यदि इस योजना को एनआरईपी से सम्बद्ध कर दिया जाय तो कुल व्यय का 25 प्रतिशत गाँव सभा अर्थात 8 हजार रु0 25प्रतिशत जिला सेक्टर अर्थात 8000 रु0 तथा 50 प्रतिशत एनआर इपी अर्थात 16815 रु0 व्यय होगा । एनआरईपी से धनराशि प्राप्त न होने एवं गाँव सभाओं के पास अपेक्षित अंशदान उपलब्ध न होने के कारण 86-87 की धनराशि उपभोग नहीं हो पा रही है ।

ऐसी स्थिति में 50 प्रतिशत गाँव सभा अंशदान के अधीन यह योजना 3 लाख रु0 की प्रस्तावित की जा रही है ।

7-12-5 हाट बाजार तथा मेला सुधार

ग्राम स्तर पर बढ़ते औद्योगिक एवं व्यवसायिक प्रयासों के

फलस्वरूप ग्रामीण बाजारों एवं मेलों की महत्वपूर्ण भूमिका अस्वीकार नहीं की जा सकती है । स्वयं के संसाधनों से अपेक्षित में पूर्णतया सक्षम न होने पर शासकीय सहायता प्रदान की जाती है । जिससे बाजारों में कुछ आधार भूत सुविधाओं उपलब्ध होने के साथ गांव सभाओं की आय में वृद्धि होगी । इसी उद्देश्य से विकास खंड राही सतांव एवं डीह में क्रमशः रुस्तमपुर , दुर्गागंज एवं दीनगंज बाजारों के सामान्य सुधार की योजना है । इस योजना में गांव सभा के अंशदान के समतुल्य अनुदान से योजना संभावित होगी योजनांतर्गत अंकन 15000रु0 की धनराशि प्रस्तावित है ।

7-13 युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल, विभाग

7-13-1 स्वयं सेवकों का सुदृढीकरण- इस योजना में 1-92 लाख रु0 प्रस्तावित है विवरण निम्न है :-

क- वर्दी पर व्यय- प्रादेशिक विकास दल के 300 स्वयं सेवकों हेतु अंकन 190 रु0 प्रति सेट की दर से धन की मांग की गयी है ।

ख- प्रशिक्षण पर व्यय - 300 स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण हेतु 15रु0 प्रति स्वयं सेवक की दर से 15 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु धन की मांग है जिसके अंतर्गत स्वयं सेवकों को भोजन नाश्ता आयोजन का सर्व व्यय वहन किया जायगा । साथ ही अन्य आकस्मिक व्यय भी इसी मद से वहन किये जायेंगे।

ग- मानदेय (ब्लाक कमांडर) - 19 विकास खंडों के 19 ब्लाक कमांडरों को 75रु0 प्रति व्यक्ति की दर से 12 माह हेतु धन की मांग है ।

घ- हल्का सरदारों - इस पर 50 हजार रु0 मानदेय प्रस्तावित है।

7-13-2 युवक मंगल दलों / महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन

क- युवक मंगल दल प्रोत्साहन- 80 युवक मंगल दलों को प्रति 1000/- की दर से प्रोत्साहन हेतु धन की मांग है ।

ख- महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन -40 महिला मंगल दलों को 1000/

प्रति की दर से धान की मांग प्रस्तुत है ।

7-13-3 युवक मंगल दलों की सेमिनार

क- खण्ड स्तर — खंड स्तरीय सेमीनार हेतु 19 विकास खंडों के लिए 10,000/- की मांग है । जिसमें सेमीनार व्यवस्था , लंच आने जाने का मार्ग व्यय किया जायगा ।

जिला स्तर — जिला स्तर पर सेमीनार व्यवस्था लंच आने जाने का मार्ग व्यय किया जायगा ।

7-13-4 समाज सेवा कार्य - 19 विकास खंडों में स्वयं सेवकों की ड्यूटी हेतु 12000/- की मांग है । यह ड्यूटी मेला प्रदर्शिनी तीर्थ यात्रा आदि के समय लगायी जा यगी।

7-13-5 प्रकीर्ण व्यय- 19 विकास खंड तथा जिलाकार्यालय हेतु फर्नीचर स्टेशनरी आलमारी तथा अन्य कार्यालय व्यय पर किया जायगा ।

7-13-6 व्यवसायिक रोजगार- धनराशि प्रस्तावित नहीं की जा रही है ।

7-13-7 ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता

क- खंड स्तर — 19 विकास खंडों में ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु 29,000रु० की मांग है जिसमें व्यवस्था पुरस्कार आनेजाने का मार्ग व्ययआदि सम्मिलित है ।

ख जिलास्तर — जिला स्तर पर आयोजन हेतु 8,000/- की माग है जिसमें व्यवस्था पुरस्कार किटस प्रदेश /मंडल स्तर पर प्रतियोगिता में खिलाडियों को आने जाने का किराया

आदि परव्यय कियाजायगा ।

7513-8 व्यायाम शाला प्रोत्साहन स्थापना

क- व्यायाम शाला भवन निर्माण नगर क्षेत्र - 1,00,000/- की माग है। स्थल का चयन हो गया है फीरोज गांधी पालिटेकनिक भूमि दे रहा है ।

ख- व्यायाम शाला उपकरण- अंकन 50,000/- व्यायाम शाला उपकरण हेतु मागे गये हैं । यह उपकरण 2 व्यायाम शाला को दिये जायेंगे ।

7-14- कृषि उत्पादन एवं ग्राम्य विकास- इस विभाग के अंतर्गत विकास खंडों में आवासीय भवनों के निर्माण हेतु 22-74 लाख रु0 का परिव्यय प्रस्तावित है । विकास खंड ऊँचाहार सरेनीखीरों जगतपुर प्रत्येक में एक5एक खंड विकास अधिकारी आवास, 2सहायक विकास अधिकारी आवास, 2 तृतीय श्रेणी तथा । चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के आवास की व्यवस्था वर्ष 87-88 में की जायेगी । अन्य भवनों की व्यवस्था अगले वर्ष रखी जायगी। आगणन आवासीय भवनों का स्टीमेट संलगन है (शासनादेश सं0 4099/38-3-32074 दि0 31-10-85 [illegible])

क्रमांक	भवनों का विवरण	लागत प्रति भवन	स्वीकृत भवनों की सं0	कुल लागत रु0 में	अन्य विवरण
1-	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी आवास (टाइप 1)	35500	4	142000	
2-	तृतीय श्रेणी कर्मचारी आवास टाइप 2	66900	19	1271100	
3-	सहायक विकास अधिकारी टाइप 3	91600	6	549600	
4-	खंड विकास अधिकारी टाइप -4	216000	1	216000	

योग 21,78,700 /

7-15 एकीकृत ग्राम्य विकास

7-15-1 सामान्य योजना - वर्ष 1987-88 हेतु शासन से रु0 6-00 लाख प्रति विकासखंड की दर से राज्य सेक्टर के अंतर्गत परिव्यय की संस्तुति की है। जनपदमें 19 विकास खंडों हेतु इसी दर से परि परिव्यय प्रस्तावित किया कियागया है । शासन व्दारा विस्तृत निर्देश जारी किये जाने हैं जिसके आधार पर योजना में परिव्यय कर पुनरीक्षित किया जायेगा । इस योजना के अंतर्गत वर्ष 1986-87 में रु0 230-69 लाख का परिव्यय निर्धारित कियागया है ।इसमें 50प्रतिशत केंद्र वहन करेगा जिसके अंतर्गत 13848 परिवारों को लाभान्वित किये जाने का लक्ष्य है जिसमें 50 प्रतिशत परिवार अनुसूचित जाति के एवं 30 प्रतिशत महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर लाभान्वित किया जायगा । भौतिक लक्ष्यों में 9190 परिवार दुबारा लाभान्वित किये जायेंगे औरशेष 4658 परिवार प्रथम बार इस योजना के अंतर्गत लाभान्वित किये जायेंगे । इसप्रकार वर्ष 1987-88 हेतु 114 लाख रुपये का राज्यांश के रूप 11400 परिवोरों लाभान्वित किये जाने हेतु प्रस्तावित है ।

7-16 विशेष कृषि उत्पादन कार्यक्रम

7-16-1 लघु सीमांत कृषकों का आर्थिक सहायता

वर्ष 1987-88 में रु0 5-00 लाख प्रति विकासखंड की दर से निर्धारित किया गया है । इसके अंतर्गत निःशुल्क बोरिंग मिनीकिट का वितरण एवं भूमि विकास कार्य कियाजायगा। रु0 5-00 लाख में 3-5 लाख अल्प सिंचाई कार्य हेतु 0-50लाख मिनीकिट वितरण हेतु तथा 1-00 लाख रु0 भूमि विकास कार्य हेतु प्रस्तावित कीगयी है जिसमें से 4000रु0 भूमि विकवस कार्य से सम्बंधित रखे गये स्टाफ के वेतन पर भी दिये जाने का प्राविधान है। इस समस्त धनराशि का 50प्रतिशत राज्यांश तथा 50 प्रतिशत केंद्रांश के रूप में किया जायगा।

वर्ष 1987-88 में 40 लाख रुपये राज्यांश के रूप में प्रस्तावित किया जा रहा है जिससे लगभग 2000 परिवारों को लाभ मिलेगा ।

7-17- सहकारिता विभाग

7-17-1 से 7-17-4 तक ऋण एवं अधिकोषण योजना-

जिला सहकारी बैंक की दो शाखाओं मऊगवीं छतोह को जिला योजना 86-87 में प्रति शाखा 8000 रु की दर से कुल 16000 रु0 प्रबंधकीय अनुदान की द्वितीय किश्त स्वीकृत है । इन शाखाओं को 3 वर्ष तक प्रबंधकीय अनुदान देने का प्राविधान है। अत: वर्ष 87-88 में इन शाखाओं हेतु 16000 प्रबंधकीय अनुदान की तृतीय किस्त का प्राविधान जिला योजना में किया गया है ।

2- शासन की नीति के अनुसार अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों को सहकारिता की परिधि में लाकर उन्हें ऋण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अंश क्रय करने हेतु ब्याज रहित मध्यकालीन ऋण उपलब्ध कराने की व्यवस्था है । उक्त व्यवस्था के अंतर्गत वर्ष 1987-88 की जिला योजना में अनुसूचित जातियों जनजातियों को अंश क्रय करने हेतु 50,000 रु0 ब्याज रहित मध्य कालीन ऋण का प्राविधान किया गया है ।

7-17-5 से 7-17-9 तक क्रय विक्रय एवं भंडारण योजना

1- सहकारी क्रय विक्रय समितियों को खाद्यान्न की सीधी खरीद पर मूल्य उतार चढ़ाव होने के कारण हानि उठानी पड़ती है जिसकी प्रतिपूर्ति हेतु जिला योजना 87-88 में सीधी खरीद पर 2 प्रतिशत की दर से कुल 5000 रु0 मूल्य उतार चढ़ाव निधि हेतु अनुदान की व्यवस्था की जाती है ।

2- समितियों को जिला सहकारी बैंक से उर्वरक व्यवसाय हेतु ऋण प्राप्त करने के लिए ऋणसीमा निर्धारित होती है और निर्धारित ऋणसीमा के विरुद्ध ऋण प्राप्त करने के पूर्व समितियों को मार्जिन मनी के रूप में 20 प्रतिशत धनराशि जमा करनी पडती है। समितियों की आर्थिक स्थिति सुदृढ न होने के कारण वे उक्त धनराशि जमा करने हेतु समर्थ नहीं हैं अत: जिला योजना 87-88 में उक्त कार्य के लिए 30 समितियों हेतु प्रति समिति 15000रु0 की दर से कुल अंकन 450 हजार रुपया सीमांत धन का प्रावधान कियागया है ।

7-17-10 विधायन योजना- कोई धनराशि प्रस्तावित नहीं है

7-17-11 से 7-17-12 उपभोक्ता योजना-

1- सीधीखरीद पर उपभोक्ता बस्तुओं के भाव में उतार चढाव होने के कारण संस्थाको हानि की संभावना रहती है अत: केंद्रीय उपभोक्ता भंडार हेतु उपभोक्ता बस्तुओं की सीधीखरीद पर 2 प्रतिशत की दर से अधिकतम 25000 रुपया मूल्य उतार चढाव निधि हेतु अनुदान के प्राविधान के अंतर्गत वर्ष 1987-88 की जिलायोजना में 25000 रु0 का प्राविधान कियागया है।

2- प्रारम्भिक कृषि ऋण समितियों की आर्थिक स्थिति सुदृढ न होने के कारण वे अपना उपभोक्ता व्यवसाय सुचारु रूप से चलाने में समर्थ नहीं है। अत: शासन की व्यवस्था के अंतर्गत वर्ष 87-88 की जिला योजना में 11 समितियों हेतु प्रति समिति 7500 रु0 की दर से उपभोक्ता व्यवसाय हेतु कुल 83 हजार रुपये की सीमांत धन का प्राविधान कियागया है ।

बजट के अतिरिक्त अन्य स्रोतों से प्राप्त धनराशि संस्थागत वित्त पोषण संस्था द्वारा अतिरिक्त धन की प्राप्ति

1-- क्रय विक्रय एवं भंडारण योजना के अंतर्गत 30 कृषि ऋण समितियों को उर्वरक व्यवसाय हेतु 450 हजार सीमांत धन प्राप्त होने से उन्हें जिला सहकारी बैंक से 2250 हजार रु0 ऋण की सुविधा प्राप्त हो सकेगी ।

2- उपभोक्ता योजना के अंतर्गत उपभोक्ता व्यवसाय हेतु 11समितियों को 83 हजार रु0 सीमांत धन प्राप्त होने पर उन्हें जिला सहकारी बैंक द्वारा 413 हजार रु0 ऋण की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी ।

7-18 विद्युत

7-18-1 ग्रामों का विद्युतीकरण- 90 ग्रामों के एक एक पुरवे के विद्युतीकरण की व्यवस्था हेतु 1987-88 में 3 लाख रुपये का वित्तीय परिव्यय प्रस्तावित है यह योजना न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अंतर्गत आती है । इस हेतु 3 लाख रुपये का परिव्यय प्रस्तावित है ।

7-18-2 हरिजन बस्तियों का विद्युतीकरण

उक्त 10 ग्रामों से संबंधित पुरवों की विद्युत व्यवस्था हेतु 57 हजार का धन प्रस्तावित है ! यह योजना न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अंतर्गत है । इस हेतु 57 हजार रु0 का परिव्यय प्रस्तावित है ।

7-18-3- 40 नलकूपों के उर्जन हेतु 2-10 लाख रु0 का वित्तीय परिव्यय प्रस्तावित है ! यह योजना न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अंतर्गत है ! विद्युत ~~विभाग~~ विभाग को वित्तीय परिव्यय निर्धारित करते समय विद्युत विभाग द्वारा प्रस्तावित वित्तीय

परिव्यय ही निदेशानुसार रखा गया है ।

7-14- ग्रामीण एवं लघु उदयोग

7-19-1 औदयोगि अवस्थान छतोह औदयोगिक अवस्थान में उ0प्र0 लघु उदयोग विकास निगम द्वारा एक आदयोगिक आस्थान 11-64 एकड में निर्मित किया गया है जिसमें 4 शेड तथा 10 भूखंड हैं । इस आस्थान मे स्वतंत्र फीडर लगाने के लिये अनुमानित परिव्यय रु0 400 हजार निदेशालय के निदेशानुसार जिलासेक्टर मद में परिवर्तित करने हेतु प्रस्तावित है ।

7-19-2 औदयोगिक सहकारिता(आवस्त्रीय)-कोई धन प्रस्तावित नहीं है ।

7-19-3 मेला एवं प्रदर्शनी

अभी तक वर्ष 85-86 से पूर्व प्रदर्शनी एवं मेले योजना राज्य सरकार की योजना थी किंतु नियोजन विभाग द्वारा इसे राजय सेक्टर तथा जिला सेक्टर क्षेत्रों में कर दिया है । जनपद स्तर में प्रदर्शनी तथा सेमिनार आयोजित करने के लिए कठिनाई सा हो निदेशालय के निदेशानुसार प्रस्तुत मद में रु0 25 हजार प्रस्तावित है ।

7-19-4- जिला उदयोग केंद्र मार्जिन मनी ऋण

केंद्र सरकार द्वारा कायान्वित की गयी है । इस योजना का उददेश्य कुटीर उदयोग एवं लघुउदयोगों में लगे हुए छोटे छोटे उदयमियों को उदार शर्तों पर ऋण दिलाकर उनको उदयोग स्थापित करने में सहायता प्रदान करना है । प्रति जिला उदयोग केंद्र रु0 200 लाख की दर से मार्जिन मनी ऋण प्रदान करने का प्राविधान है । इसमें 50 प्रतिशत केंद्र सरकार तथा 50प्रतिशत राज्य सरकार द्वारा व्यय वहन किया जाता है।

इसी के अनुरूप वर्ष 1987-88 हेतु रु0 1 लाख प्रस्तुत मद में जिलासेक्टर योजनांतर्गत परिव्यय प्रस्तावित है ।

7-19-5 एकीकृत मार्जिन मनी ऋण

शासन द्वारा शासनादेश सं0 6006/10-2-34 (3)84 दिनांक 9-11-84 के द्वारा विकास केंद्र मार्जिन मनी ऋणयोजना शिक्षित बेरोजगार तथा तकनीकी उदयमियों के लिये मार्जिन मनी ऋणयोजना तथा विभिन्न औदयोगिक समूहों के स्थापित इकाइयों के लिए मार्जिन मनी ऋण योजना को मिलाकरएकीकृत मार्जिन मनी ऋणयोजना स्वीकृत की गयी है । प्रस्तावित योजनांतर्गत लघु औदयोगिक इकाइयों को जिसमें रु0 35 लाख तक मशीन एवं संयंत्र में (अनुषांगिक इकाई की अवस्था में रु0 45 लाख) अधिकतम रु0 3 लाख प्रतिइकाई की दर से मार्जिन मनी ऋण दिये जाने का निदेश है । चूंकि मशीन एवं संयंत्र की सीमा बढ़ जाने से तथा जनपद में जगदीशपुर औदयोगिक क्षेत्र के साथ- साथ अन्य क्षेत्रों में लघु उदयोगिक इकाइयों के लगने की अधिक संभावना है । इस उद्देश्य से वर्ष 87-88 में प्रस्तुत योजनांतर्गत कम से कम 14 लाभार्थी को लाभान्वित करने के लिए रु0 7 लाख का परिव्यय प्रस्तावित है ।

7-19-6 उदयमकर्ता विकास

निदेशालय के निदेशानुसार प्रति तहसील एक 6 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किये जाने के निदेश हैं। इसप्रकार 6 प्रशिक्षण शिविर जनपद में आयोजित किये जाने हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रति प्रशिक्षण रु0 6000-00 की दर से 36,000/ व्यय होगा। इसके अतिरिक्त 2 पंद्रह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाने हैं ।

इन पर प्रतिप्रशिक्षण रु0 16000 की दर से 32000 व्यय होगा। उपरोक्त दोनों प्रशिक्षण शिविरों हेतु वर्ष 87-88 के लिए रु0 75000 प्रस्तावित है ।

7-19-7 चिकन उद्योग केंद्र

कोई धन प्रस्तावित नहीं है ।

7-19-8(क) हिस्सा पूंजी ऋण हथ करघा योजना

समिति यों के आर्थिक दृष्टि कमजोर सदस्यों को समिति का अंशक्रय करने हेतु अंश पूंजी ऋण दिया जाता है । योजना के अंतर्गत सदस्यों को 25 प्रतिशत धनराशि जमा करने पर 75 प्रतिशत धनराशि राज्य सरकार द्वाराऋण के रूप में प्रदान की जाती है । वर्ष 87-88 के लिए 10,000 की मांग की गयी है ।

7-19-8(ख) प्रबंधकीय अनुदान

समितियों के लेखा जोखा के रखरखाव हेतु प्रशिक्षित सचिव की नियुक्ति विभाग द्वारा समिति में की जाती है जिसके अंतर्गत सचिव के वेतन भुगतान हेतु विभाग से समितियों का निम्न प्रकार से अनुदान दिया जाता है ।

	सरकार से सहायता	समिति का अंशदान
प्रथम वर्ष	5400	
द्वितीय वर्ष	3600	1800
तृतीय वर्ष	1800	3600

सचिव को 450 रु0 मासिक वेतन दिया जाता है और चतुर्थ वर्ष में सम्पूर्ण धनराशि का वहन समिति स्वयं अपने निजी साधनों से करती है। वर्ष 87-के लिए 13000-00 की मांग की गयी है ।

7-19-8(ग) कार्यशाला

समिति को अपने करघों की स्थापना एक स्थान पर ही करने हेतु व्ययनिर्माण करने के लिए ऋण देने की व्यवस्था है । एक कार्यशाला निर्माण में 75000रु0 धनराशिका अनुमान है जिसमें से 60,000 विभाग से ऋण के रूप में उपलब्ध कराया जाता है और शेष 15000 की व्यवस्था समिति अपने निजी स्रोतों से करती है। कार्यशाला हेतु ऋण उन्हीं समितियों को दिया जाता है जिनके पास निर्माण हेतु 250 वर्ग गज निजी भूमि उपलब्ध है चूंकि जनपद समितियाँ ऐसी सक्षम नहीं हैं जिनके पास निजी भूमि उपलब्ध हो एवं निजी श्रोतो से 15000 व्यय कर सकें इस दृष्टिकोणसे वर्ष 87-88 में इस मद में कोई मांग नहीं की गयी है ।

7-19-8 (घ) आधुनिकीकरण हेतु सहायता

समिति के पास उपलब्ध करघों का आधुनिकीकरण से सुधार लाने के लिए इस योजना में ऋण से सुधार लाने के लिए इस योजना में ऋण एवं अनुदान देने का प्राविधान है वर्ष 87-88 में इस मद में 30,000 की मांग कीगयी है ।

7-19-9 रंगाई घरों की स्थापना

सहकारी समितियोंको पक्के रंगों की रंगाई हेतु रंगाई घर की स्थापना हेतु सहायता देने की व्यवस्था है । एक रगाई घरकी लागत 50,000 आंकीगयी है जिसमें 37,500 ऋण दिया जाता है और 12500 समिति को व्यवस्था करना होता है तथा 200 वर्गगज भूमि में रंगाई घर स्थापित होता है। यह सहायता उन्हीं समितियों को दी जाती है जिनके पास 200 वर्ग गज निजी स्वामित्व की भूमि है तथा 12500 की व्यवस्था निजी श्रोतों से कर सकें चूंकि जनपद

में उक्त औपचारिकताओं को पूर्ण करने हेतु कोई सक्षम समिति नहीं है अतः इस मद में वर्ष 87-88 में 37,000 रु0 की मांग कीगयी है ।

इसी क्रम में आपको यह भी अवगत कराना है कि 1985-86 में समितियों के पक्ष में स्वीकृत किसी भी प्रकार की सहायता अभी तक मुख्यालय द्वारा मुक्त नहीं की गई है क्योंकि मुख्यावास द्वारा निर्धारित समिति के सदस्यों का मतदाता सूची से सत्यापन तथा उनका फोटोग्राफ उपलब्ध कराने सम्बंधी औपचारिकताएं समितियों द्वारापूर्ण नहीं की गयी हैं ।

7-20- : ग्रामीण सडकें एवं पुल

7.20.1 वर्ष 1987-88 के लिए 38ग्रामीण सडकें जो कि पहले निर्माणाधीन हैं का चयन किया गया है। इसके अतिरिक्त 19 नये मार्गों का मिटटी स्तर से सोलिंग स्तर तक का प्रस्ताव न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अनुसार कियागया है । एक मार्ग सोलिंग स्तर से लेपन स्तर पर भी लिया गया है । नये मार्ग प्रस्तावित है । प्रयास यह है कि प्रत्येक प्रस्तावित मार्ग ग्राम आबादी से जुडे एवं नये प्रस्तावित मार्ग हरिजन बाहुल्य ग्राम हों। इस हेतु 95-50 लाख रु0 का परिव्यय प्रस्तातिव है ।

7-21 पर्यटन

7-21-1 जायस

रायबरेली नगर से 35 कि0मी0 की दूरी पर रायबरेली सुलतानपुर रोड पर स्थित इस स्थान का मुख्य महत्व हिन्दी के प्रसिद्ध कवि जायसी के कारण है जिनका यहाँ जन्म हुआ था एवं यहाँ अभी तक उनके मकान के खंडहर विद्यमान हैं । जायसी का मकान जो अब खंडहर के रूप में है पर एक शिला जो 5 फिट ऊंची है पर निम्न चौपाई अंकित है :

केई न जगत जस बैंचा
कैई न लीन जस मोल।
जो सुने कहानी
हमें सुमिर दो बोली

सूफी कवि मलिक मोहम्मद जायसी का हिन्दी साहित्य में अपना एक विशिष्ट स्थान है अत: इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं कि हिन्दी के विद्वान जिज्ञासु तथा सूफी

विचार धारा के सामान्य जन भी इस स्थान का दर्शन एवं भ्रमण करने देश के कोने कोने से आते रहते हैं एवं यदाकदा विदेशों से भी पर्यटक इस स्थान का दर्शन भ्रमण करने आ ते रहते हैं । परंतु पदमावत जैसे महाकाव्य के यशस्वी लेखक का जन्म स्थान एवं विशेषकर उनके पैतृक निवास की दुराव्यवस्था है उससे एवं विशेषकर सुदूर प्रांतों से आने वाले जिज्ञासुओं को अपार मानसिक कष्ट पहुंचता है । सारा जायस कस्बा आधारभूत सुविधाओं से वंचित है । न तो वहां पर कोई अच्छा रेस्टा न कोई प्रसाधन सुविधा है एवं न तो मलिक मोहम्मद जायसी के पैतृक भवन जिसको कि स्मारक का रूप दिया जानाचाहिए था के रखरखाव की कोई व्यवस्था नहीं है । प्रारम्भिक चरण में जिन आधारभूत प्रस्तावों का कार्यान्वयन मैं आवश्यकीय समझता हूं उसका विवरण निम्नप्रकार है :-

1- जायसी के ध्वस्त मकान का संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण।

2- जायसी के स्मारक का जीर्णोधार एवं सौंदर्यीकरण

3- जायस में रेस्टा का निर्माण

4- जायसी के मकान के प्रांगण में उनके द्वारा लिखित समस्त साहित्यिक कृतियों का संग्रह एवं प्रदर्शन ।

जहां तक उपरोक्त प्रस्तावों के आधार पर जायस के पर्यटन विकास का प्रश्न है उसके संबंध में संस्तुति इस कार्यालय द्वारा 15 जून 82 को पूर्व में ही निदेशालय

को दे दी गयी है । वर्ष 1986-87 में इस हेतु 2-80 लाख रु० का परिव्यय स्वीकृत है ।

7-21-2 डलमऊ का पर्यटन विकास

यह ऐतिहासिक स्थान रायबरेली से 30 कि०मी० की दूरी पर गंगा के तट पर स्थित है । कहा जाता है कि इस स्थान को राजा डाल ने बसाया था। उनके समय की ध्वस्त गढ़ी एवं पुरातत्व की दृष्टि से महत्वपूर्ण अन्य खांडहर अभी यहां बाकी है। यहां पर गंगा नदी से लिफ्ट सिस्टम की प्रक्रिया के फलस्वरूप वृहद रूप से पानी खींचा जाता है जिससे गंगा कैनाल का प्रारम्भ हुआ है । इस स्थान पर एक बड़ा पावर हाउस निर्मित किया जा रहा है। इस प्रकार यहां पर बराबर निर्माणकार्य चल रहा है जिससे पुरातत्व की दृष्टि से महत्वपूर्ण सामग्रियां विनष्ट हो रही हैं । अतः यह उचित होगा कि इस स्थान की देख भाल भी पुरातत्व विभाग द्वारा की जाय एवं वहां पर पुरातत्व की दृष्टि से उपयोगी जो सामग्री मिले उसका संग्रह किया जाय। इस हेतु वर्ष 87-88 में 3-10 लाख रु० का परिव्यय प्रस्तावित है ।

7-21-3 अहोरवा भवानी

आस पास के क्षेत्रों में ख्यातिप्राप्त अहोरवा भवानी का महाराजगंज से 24 कि०मी० की दूरी पर इन्हौना रायबरेली रोड पर स्थित है । इस मंदिर के बारे में मान्यता है कि महाभारत काल में जब अर्जुन यहां आखेट खेलने आये थे जब उन्होंने मंदिर की स्थापना की थी यह मंदिर आस पास के क्षेत्रों में अत्यंत प्रसिद्धिप्राप्त है । यद्यपि प्रति सोमवार को इस मंदिर में मेला लगता है तथापि आषाढ़ तथा सावन मास में सोमवारों को दर्शनार्थियों की भीड़ अपेक्षाकृत अधिक होती है । यद्यपि

यहाँ पर इस बात को कोई रिकार्ड नहीं रखा जाता है कि कितने यात्री आते हैं तथापि आषाढ़ व सावन हर सोमवारों को अनुमानतः एक लाख व्यक्ति दर्शन पूजा के लिए आते हैं । मंदिर के पुजारी श्री केदारनाथ ने बताया कि मंदिर की आय संस्कृत महाविद्यालय जो कि अमर ... में स्थित है के उपयोग में आती है ।

इस मंदिर की मान्यता आस पास के क्षेत्रों में बहुत अधिक है। यहाँ काफी संख्या में दर्शनार्थी आते हैं अतः यह आवश्यक होगा कि कुछ आधार भूत सुविधायें उपलब्ध करायी जायें जिससे यात्रियों को सुविधा मिल सके एवं और अधिक यात्री वहाँ आने के लिए उत्साहित हो सके । इस हेतु 1987-88 में 20 हजार रु0 का परिव्यय प्रस्तावित है ।

7-21-4 रेवती राम का तालाब/

यह तालाब रायबरेली नगर में ही रायबरेली लखनऊ मार्ग पर स्थित है यद्यपि आज यह तालाब काफी ध्वस्त हो चुका है परंतु इसके निर्माण की शैली से पता चलता है कि यह तालाब मुख्यतः पुरुष एवं महिलाओं के स्नान के लिए बनाया गया था । तालाब ~~मुख्यत:~~ की संरचना उच्चकोटि की है एवं यह आज भी इस तालाब का सम्वर्द्धन एवं सौंदर्यीकरण कियाजाय तो पर्यटकों तथा नगरनिवासियोंके लिए यह एक आदर्श स्नान स्थली बन सकता है अभी तालाब इतनाध्वस्त नहीं हुआ है कि वह बिलकुल अनुपयोगी हो जाय। इसके पहले कि वह और ध्वस्त हो उसका सम्वर्धन किया जा सकता है । इस योजना पर कार्यवाही गत कई वर्षों से चल रही है।

इस सम्बंधT में कार्य अधिशाक वि0नि0ई§ मार्ग सा0नि0वि0 व्दारा बनाये गये आगणनों जिनकी लागत 23-16 लाखT है पर्यटन मुख्यालय को वर्ष 1983 में पूर्व ही भेजे जाचुके हैं जिन परस्वीकृति अपेक्षित है। इस तालाब के विकास हेतु प्रस्ताव निम्न प्रकार है :-

1- मुख्य मोटर मार्ग रामपुर से रेवतीराम तालाब तक 1 कि0मी0 पक्की सडक का निर्माणT।

2- तालाब के चारों ओर वृक्षTरोपण एवं पार्क का निर्माण

3- किओस्का का निर्माण

4- तालाब की सफाई एवं पानी निकासी की व्यवस्थTT

5- घTटों की मरम्मत

6- मुख्य व्दार का जीर्णोद्धTर

7- पार्किंग स्थल का विकास

8- कुएं की मरम्मत

~~7-21-5~~ इस योजना हेतु एक लाखT रुपये का परिव्यय वर्ष 87-88 में प्रस्तावित है ।

7-21-5 समसपुर झील

यह झील लखनऊ इलाहाबाद मार्ग पर सलोन तहसील से 8 कि0मी0 की दूरी पर ~~मवई नामक गांव है~~ स्थित है। सलोन-ऊँचाहार मार्ग पर 4 कि0मी0 की दूरर पर मवई नामक गांव है जहां से 4 कि0मी0 लम्बी तथTT कच्ची सडक व्दारा झीलको पहुचा जा सकता है । इस प्रकार यह झील रायबरेली से लगभग 40 कि0मी0 की दूरी पर है । समसपुर झील का क्षेत्रफल लगभग 671-10 एकड़ में फैली है जिसमें वर्ष भर पानी भरारहता है । इसकी विशालता के कारण यहां देशी पक्षियों की अनेक प्रजातियां तो मिलती ही हैं परंतु इसके अतिरिक्त दूर देशों के पक्षी भी झुण्ड के झुण्ड यहां आते हैं।

। सरोवर में बहुत बडी संख्या में अनेक प्रकार की मछलियां हैं झील अत्यंत आकर्षक है एवं इसकी विशालता इसमें पाये जाने वाले विविध देशी विदेशी पक्षियों के कारण यह पर्यटकों के लिए ~~यहां~~ अत्यंत आकर्षक सिद्ध हो सकती है। क्योंकि मुख्य मार्ग से इसकी दूरी केवल 4 कि0मी0 है । अत: पर्यटकों के लिए यहां पहुचना अत्यंत सुलभ है । इस झील के विकास के प्रस्ताव निम्न प्रकार से हैं :-

1- गवई गांव से सरो र तक 4 कि0मी0 पक्की सड़क का निर्माण।

2- झील के चारों ओ वृहद वृक्षारोपण

3- प्रसाधन सुविधायें

4- कैम्पिंग साइट का विकास

5- नौका विहार हेतु 4 नौकाओं का क्रय

6- कच्चा हट का निर्माण

इस संबंध में इस स्थान के विस्तृत योजना जिसकी लागत 12-80 लाख है इस कार्यालय के पत्र संख्या 1103 दिनांक 30 नवम्वर 1984 को जिलाधिकारी रायबरेली को वर्ष 85-86 की जिलायोजना में सम्मिलित करने हेतु पूर्व ह ी भेज दी गयी है । इस हेतु 80 हजार रु0 का परिव्यय प्रस्तावित है ।

7- [illegible]

[illegible] की दूरी [illegible]

[illegible] है । [illegible]

[illegible]

[illegible] का परिव्यय [illegible] हेतु प्रस्तावित [illegible]

जा रहा है ।

7-22 शिक्षा विभाग

7-12-1 ग्रामीण एवं नगर क्षेत्र में भवन रहित स्कूलों का निर्माण

इस योजना के अंतर्गत ऐसे विदयालय भवनों का निर्माण किया जाता है जो पूर्व चल रहे हैं परंतु वहां भवन नहीं हैं । 1987-88 हेतु ऐसे 5 भवनों के निर्माण पर 3-25 लाख रुपये प्रस्तावित हैं ।

7-22-2 राजकीय बेसिक स्कूलोंके भवनों एवं छात्रावास कानिर्माण -

जनपद रायबरेली में एक राजकीय बेसिक विदयालय है जो राजकीय इंटर कालेज के छात्रावास में लगता है इसका निजी भवन नहीं है अत: जिला प्लान में उक्त योजना हेतु 7-36 लाख रु० का परिव्यय वर्ष 86-87 में स्वीकृत है। अब कोई धन वर्ष 87-88 में प्रस्तावित नहीं है ।

7-22-3 असहायिक मान्यता प्राप्त सी०बे०स्कूलों कीअनुरक्षण अनुदान - जनपद रायबरेली में अनुदान सूची पर लिये जाने योग्य 10 विदयालय हैंअत: इनके अनुदान सूची पर लियेजने हेतु वर्ष 87-88 के जिला प्लान में 4-50 लाख रु० प्रस्तावित है ।

7-22-4 ग्रामीण तथा नगर क्षेत्र में सी०बे०स्कूलों का भवननिर्माण

इस योजना के अंतर्गत बेसिक शिक्षा परिषद ऐसे 4 विदयालय भवन हेतु 5-02 लाख रु० काप्रस्ताव जिला योजना में कियागया है ।

7-22-5 ग्रामीण क्षेत्रों में मिश्रित ज०बे०स्कूल खोलने हेतु अनुदान

इस वर्ष 5 नये विदयालय खोलने हेतु 4-26 लाख रु० कापरिव्यय प्रस्ताव किया जारहा है ।

7-22-6 नगर क्षेत्रों में बालक बालिकाओं के ज०बे०स्कूल खोलने हेतु अनुदान -

वर्ष 86-87 में इस योज ना के अंतर्गत कोई धन का प्रस्ताव नहीं किया गया था इस प्रकार वर्ष 87-88 में एक नया जूनियर

बेसिक स्कूल खोला जायेगा । इस हेतु 2-37लाख रु0 कापरिव्यय प्रस्तावित है ।

7-22-7 जू0बे0स्कूलों में विज्ञान शिक्षण के सुधार एवं विज्ञान सीज सज्जा हेतु अनुदान

जूनियर बेसिक विद्यालयों में विज्ञानशिक्षण में सुधार हेतु विज्ञान सामग्री क्रय करने के लिए 36 हजार रुपये प्रस्तावित हैं ।

7-22-8 ग्रामीण क्षेत्र में छात्र संख्या में वृद्धि तथा स्थिरता हेतु बालिकाओं तथा निर्बल वर्ग के बालकों को पाठ्य पुस्तकों के वितरणार्थ प्रोत्साहन अनुदान :

वर्ष 1987-88 में इस योजनाके अंतर्गत 12 हजार रु0 का परिव्यय प्रस्तावित है । इसके अंतर्गत निर्बल के बच्चों को पाठ्य पुस्तक वितरत किये जाते हैं ।

7-22-9 ग्रामीणक्षेत्र में बालक बालिकाओं के सीनियर बेसिक स्कूल खोलने हेतु अनुदान

इस योजना के अंतर्गत वर्ष 87-88 में नये विद्यालयों हेतु 5-60 लाख रु0 का वित्तीय प्राविधान प्रस्तावित किया जा रहा है ।

7-22-10 नगर सीनियर बेसिक स्कूलों में विज्ञान शिक्षा सुधार अनुदान: इस योजना के अंतर्गत 25 हजार रु0 प्रस्तावित हैं । इसमें नगर में में विज्ञान सामग्री क्रय की जाती है ।

7-22-11 6-14 वय वर्ग के बच्चों हेतु अंशकालीन कक्षायें

साक्षरता बढाने के उद्देश्य से सरकार ने ऐसे बच्चे जो विद्यालय नहीं जाते हैं अनौपचारिक शिक्षा के अंतर्गत सायंकालीन विद्यालयों की स्थापना हेतु उक्त मद में जिलायोजनावर्ष 87-88 में 8-68 लाख रु0 का वित्तीय प्राविधान प्रस्तावित है यह केवल वेतन हेतु है ।

7-22-12 जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का सुदृढ़ीकरण

इस योजना के अंतर्गत जीप एक मोटर ड्राइवर तथा ड्राइवर ~~###~~ का वेतन आता है । इस जनपद में जीप मोटर ड्राइवर के पद हैं अतः जिला योजना में 30 हजार रुपये का प्राविधान प्रस्तावित है।

7-22- 13 कक्षा 6 से 8 में 10/- प्रतिमास की दर से 33 वर्ष की छात्र वृत्ति

शिक्षा उन्नयन की दृष्टि कोण से प्रतिभाशाली छात्रों को छात्रवृति देने की योजना के अंतर्गत धन का प्राविधान जिला योजना में 35 हजार रु0 का प्रस्तावित है ।

7-22-14 बेसिक स्कूलों के अध्यापकों को दक्षता पुरस्कार

बेसिक शिक्षा परिषद के ऐसे अध्यापक जिनका शिक्षा कार्यक्रम उत्तम कोटि का है को प्रोत्साहित करने हेतु वर्ष 86-87 में 10 अध्यापकों को पुरुस्कृत करने हेतु 5 हजार रु0 का प्राविधान प्रस्तावित है ।

7-22-15 निःशुल्क पाठ्य पुस्तक उपलब्ध कराने हेतु सीनियर बेसिक स्कूलों में बुक बैंक योजना

इस योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति जनजाति के छात्रों को जिन्हें पुस्तकीय सहायता नहीं प्राप्त है तथा आर्थिक एवं सामाजिक रूप से निर्बल वर्ग के छात्र /छात्राओं को शैक्षिक सत्र 87-88 के लिए 25 हजार रु0 का प्राविधान प्रस्तावित है ।

7-12-16 जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय भवन निर्माण

जनपद रायबरेली में जिला बेसिक शिक्षा का कार्यालय को कोई भवन नहीं है अतः इसके निर्माण हेतु एक लाख रु0 का प्राविधान वर्ष 86-87 मे है अतः अब वर्ष 87-88 में कोई प्राविधान नहीं किया जा रहा है ।

7-22-17 सीनियर वेसिक स्कूलों को साजसज्जा अनुदान

सीनियर वेसिक स्कूलों के सुचारु रूप से चलने हेतु टाट पटटी मेजकुर्सी स्टेशनरी आदि की आपूर्तिइस योजना में 45 हजार रु० का प्राविधान किया गया है ।

7-22-18 जूनियर वेसिक स्कूलों में साजसज्जा तथा शिक्षा सामग्री अनुदान

प्रायमरी पाठशालाओं में टाट पट्टी मेज कुर्सी तथा स्टेशनरी आदि के आपूर्ति हेतु इस मद में 2-17 लाख रु० की धनराशि प्रस्तावित है ।

7-22-19 निर्बल वर्ग के वच्चों को पोशाक व्यवस्था

इस योजना में वच्चों को एक ड्रेस तथा प्रोत्साहन स्वरूप अनुसूचित जातियों के वच्चों जिनकी उपस्थिति नियमित व अच्छी है । वर्ष 1987-88 में कोई परिव्यय नही प्रस्तावित है ।

इस प्रकार वेसिक शिक्षा को 47-60 लाख रु० का परिव्यय प्रस्तावित है ।

7-22-20 माध्यमिक शिक्षा

खेल कूद तथा अन्य सुविदायों के वाहर शैक्षिक कार्यक्रम तथा युवक कल्याण हेतु प्राविधान

इस योजना में 87-88 में 3 हजार का परिव्यय प्रस्तावित किया गया है । इस योजना में जिला स्तर पर प्रत्येक वर्ष रैली आदि की जाती है जिसमें यह स्वीकृत धनराशि व्यय किये जाने की योजना है ।

7-22-21 उच्चतर माध्यमिक विदयालयों में वालचर योजना का प्रचार

इस योजना में अंतर्गत वर्ष 87-88 में 4 हजार का

परिव्यय प्रस्तावित किया गया है । जनपद के कुछ चुने हुए माध्यमिक विद्यालयों में §बेसिक /बालिका§ बालचर योजना §स्काउट§ के विस्तार हेतु 400/- प्रति विद्यालय की दर से 10 विद्यालयों को अनुदान स्वीकृत किया जायगा ।

7-22-22 संस्कृत पाठशालाओं को विकास अनुदान

इस योजना के अंतर्गत वर्ष 87-88 में 78 हजार का परिव्यय प्रस्तावित किया गया है। इस जनपद के 4 उत्कृष्ट संस्कृत पाठशालाओं को भवन सज्जा तथा पुस्तकालय अनुदान देने की योजना है । जिसके अंतर्गत भवन निर्माण हेतु 12000 सज्जा 1500 तथा पुस्तकालय हेतु 2000 प्रतिविद्यालय की दर से अनुदान निदेशालय व्दारा स्वीकृत किये जाने की योजना है अनुदान तथा प्रबंधकीय अंश का अनुदान 60-40 का होगा।

7-22-23 वर्तमान राजकीय जिला पुस्तकालय की स्थापना एवं विकास

इस योजना के अंतर्गत जनपद में एक नया राजकीय जिला पुस्तकालय की स्थापना वर्ष 86-87 में हो चुकी है जिसके लिए 135 हजार की धनराशि स्वीकृत भी हो चुकी है वर्ष 87-88 में पुस्तकालय भवन निर्माण आदि के लिए 157 हजार धनराशि की मांग की गयी है सातवीं योजना हेतु निर्माण की कुल लागत 6 लाख अनुमानित होगी।

7-22-24 सार्वजनिक पुस्तकालय को अनुदान

इस योजना के अंतर्गत वर्ष 87-88 में रु0 40 हजार का परिव्यय प्रस्तावित किया गया है । इस धनराशिकेवर्ष 87-88 में जिले के 5 सार्वजनिक पुस्तकालयों को 8 हजार प्रति पुस्तकालय की दर से विकास अनुदान पर व्यय किये जाने की योजना है ।

7–22–25 प्रदेश के प्रत्येक जिले के कक्षा 6 से 8 तक में 15/– प्रतिमाह की दर से 3 कक्षा तक के लिए योग्यता छात्रवृत्ति

इस योजना अंतर्गत वर्ष 87–88 में 67 हजार का परिव्यय प्रस्तावित किया जा रहा है विद्यालयों में अध्ययन रत योग्य छात्रों को कक्षा 6–8 तक में 15/– प्रतिमाह की दर से 120छात्रों को यह छात्रवृत्तियां दिये जाने की योजना है ।

7–22–26 राजीय इण्टर विद्यालयों में अतिरिक्त अनुभाग खोलना तथा नए विषयों का समावेश :– इस योजनांतर्गत वर्ष 87–88 में 50 हजार का परिव्यय प्रस्तावित किया गया है । राजकीय विद्यालयों में बढ़ती हुई छात्र संख्या के फलस्वरूप छात्रों के प्रवेश समस्या आदि के निराकरण के लिए अतिरिक्त अनुभाग खोलकर तथा नवीन विषयों के समावेश के लिए रा0इ0 कालेज रायबरेली में 2 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण किये जाने की योजना है ।

7–22–27 सहायता प्राप्त उ0मा0वि0 को पुस्तकालयों का सम्वर्धन

इस योजनान्तर्गत वर्ष 87–88 में 32 हजार का परिव्यय प्रस्तावित किया जाता है जनपद के 50उत्कृष्ट उ0मा0वि0को 64000 की दर से पुस्तक क्रय हेतु अनुदान स्वीकृत किया जायगा जिसमें कुल 8000/– की योजना है शेष 1600 प्रति विद्यालय प्रबंधक अपने निजी स्रोतों से व्यय करेगा ।

7–22–28 सहायता प्राप्त उ0मा0विद्यालयों को अति छात्र संख्या तथा सेनेटरी सुविधा हेतु अनुदान

इस योजना हेतु 87–88 में 144 हजार का परिव्यय प्रस्तावित है जनपद के 5 उत्कृष्ट विद्यालयों को 22500 की दर से अति0 कक्षा शौचालय §कामन रूम§ निर्माण हेतु अनुदान दिये जाने का प्रस्ताव है निर्माण की कुल लागत 25 हजार प्रति विद्यालय होगी शेष धन प्रबंधकीय अंश से विद्यालय करायेगा ।

7-22-29 ग्रामीण क्षेत्रों के बालकों के विद्यालय प्राप्त [illegible] में पढ़ रही बालिकाओं के लिये [illegible] :-

इस योजना के अन्तर्गत [illegible] में 1.[illegible] लाख रु० का परिव्यय प्रस्तावित किया गया है जिसमें [illegible] 25 हजार प्रति विद्यालय की दर से [illegible] हेतु अनुदान दिये जाने का प्रस्ताव है।

7-22-30 राजकीय उ०मा०वि० बालिका विद्यालय भवन निर्माण:-

इस योजनान्तर्गत वर्ष 87-88 में 15-5 लाख रु० का परिव्यय प्रस्तावित किया जा रहा है। जनपद में राजकीय उ०मा० बालिका विद्यालय भवन का निर्माण कार्य पूर्व में [illegible] सेक्टर से स्वीकृत था परन्तु यह योजना अब जिला सेक्टर में स्थानान्तरित हो गयी है।

7-23- खेलकूद:-

7-23-1 ग्रामीण क्षेत्रों में खेलकूद केन्द्रों का विकास तथा शासकीय/अशासकीय स्कूलों में खेलकूद केन्द्रों की स्थापना:-

इस योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में खेलकूद केन्द्रों की स्थापना व उस पर व्यय किया जाता है वर्तमान स्थिति में बछरावाँ, लालगंज, गंगागंज, सलोन, [illegible], तिलोई तथा गुराई का बाग कुल सात ग्रामीण खेलकूद केन्द्र स्थापित हैं इन केन्द्रों हेतु वर्ष 87-88 में 1 हजार [illegible] रुपये प्रतिकेन्द्र की दर से 11 हजार रु० की परिव्यय

प्रस्तावित है ।

7-232 खेलकूद उपकरण सामग्री की सम्पूर्ति

इस योजना के अंतर्गत जिला मुख्यालय पर बालक बालिकाओं के खेलकूद प्रशिक्षण शिविर के आयोजन स्थायी प्रकार के क्रीडा उपकरण /समग्री क्रय की जाती है वर्ष 87-88 में इस योजना हेतु 44 हजार रु0 का परिव्यय प्रस्तावित है ।

7-23-3 विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन

जिला मुख्यालय पर स्थानीय बालक/बालिकाओं को जिला स्तर खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है । वर्ष 87-88 में बालकों की 16 तथा बालिकाओं की 9 प्रतियोगिताओं का आयोजन कराने का अनुमान है । इस योजना हेतु 35 हजार रु0 का परिव्यय प्रस्तावित है ।

7-23-4 विभिन्न क्रीडा प्रतिष्ठानों का निर्माण

इस योजना के अंतर्गत पहले से निर्माणाधीन बहुउददेशीय स्टेपर्स हाल के निर्माण हेतु 1 लाख 60 हजार रु0 का परिव्यय प्रस्तावित है । तरण ताल के निर्माण 10 लाख रु0 तथा स्टेडियम की बाउडी वाल को ऊँचा करने हेतु 1 लाख 20 हजार रु0 का परिव्यय प्रस्तावित है । इस प्रकार इस योजना के अंतर्गत वर्ष 87-88 में कुल व्यय 12 लाख 80 हजार रु0 का परिव्यय प्रस्तावित किया जा रहा है । इनका आगणन संलग्न किया जा रहा है ।

खेलकूद की सभी योजनाओं का वर्ष 1987-88 का कुल परिव्यय 1370 हजार रुपये प्रस्तावित है ।

7-24 प्राविधिक शिक्षा
===================

7-24-1 नये ट्रेड का खोला जाना

फीरोज गांधी पालीटेकनिक रायबरेली के अवशेष भवन छात्रों की सुविधा हेतु छात्रावास में व्यवस्था सायकिल स्टैंड आदि की व्यवस्था प्रशिक्षण हेतु साज सज्जा की व्यवस्था प्रस्तावित है ! गुणात्मक सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों के प्रशिक्षण परिव्यय में व्यय का प्रस्ताव है ।

इसके साथ ही दो नये पाठ्यक्रम टेक्नालाज एवं सिविल इंजीनियरिंग आगामी जुलाई 1987 से प्रारम्भ करने का प्रस्ताव है । क्योंकि उक्त दोनों व्यवसायों में जन शक्ति की आवश्यकता है । रायबरेली व अमेठी क्षेत्र के त्वरित औद्योगिक विकास को दृष्टिगत प्रोडक्शन टेक्नालाजी में डिप्लोमा पाठ्यक्रम का प्रारम्भ किया जाना हरदशा में वर्ष 1987-88 में नितांत आवश्यक है ताकि आगामी वर्षों में इस क्षेत्र के लिए आवश्यक जनशक्ति की मांग पूर्ति हो सके । इस हेतु 10-50 लाख रु० का परिव्यय प्रस्तावित है ।

7-25 चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग
===========================

7-25-1 आयुर्वेदिक /यूनानी औषधालयों की स्थापना

8 चालू हैं तथा 3 प्रस्तावित हैं वेतन साज सज्जा में 350 हजार की धनराशि प्रस्तावित है । इसमें से 50 हजार रुपये हरिजन क्षेत्र में व्यय किया जायगा ।

7-25-2 उपकेंद्रों का भवन निर्माण

शासन की यह नीति है कि उपकेंद्रों का भवन अधिक

से अधिक बनवाया जाय । 5 उपकेंद्रों का भवन निर्माण प्रस्तावित है। इसमें 525 हजार रु0 व्यय होंगे । 140 हजार रु0 हरिजन क्षेत्र में व्यय किये जायगे ।

7–25–3 सब्सीडियरी हेल्थ सेंटर की स्थापना

~~जिला अस्पताल में 5 स्टाफ नर्स 3 सिस्टर के पद सृजन में तथा अन्य कर्मचारियों के वेतन में~~ निर्माणाधीन सब्सीडियरी हेल्थ सेंटर के निर्माण में 50 हजार रु0 व्यय किये जायगें ।

7–25–4 उपचारिका सेवाओं का प्रसार

जिला अस्पताल में 5 स्टाफ नर्स 3 सिस्टर के पद सृजन में तथा अन्य कर्मचारियों के वेतन में 200 हजार रु0 का प्राविधान किया गया है। ~~प्रदेश के~~

7–25–5 प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में 25/15 शैया युक्त आयुर्वेदिक यूनानी चिकित्सालयों की स्थापना

इस योजना में चालू । तथा 2 प्रस्तावित 25/15 शैया युक्त आयुर्वेदिक यूनानी चिकित्सालयों के स्थापना में 600 हजार रु0 का प्राविधान किया गया है । इसमें कर्मचारियों के वेतन साज सज्जा में व्यय किया जायेगा ।

7–25–6 वर्तमान आयुर्वेदिक चिकित्सालयों औषधालयों का प्रोन्नयन

प्रोन्नयन में 50 हजार रु0 की धनराशि का प्राविधान किया गया है ।

7–25–7 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का भवन निर्माण

85–86 में 2 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के भवन निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हो गयी है । 87–88 में एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन निर्माण प्रस्तावित है जिसमें 500 हजार रु0 की धनराशि का प्राविधान किया गया है ।

7-25-8 तहसील स्थिति चिकित्सालयों में दंत रुजालय की स्थापना

85-86 मे एक चालू तथा 2 प्रस्तावित हैं । 82 हजार की धनराशिका प्राविधान कियागया है । इसमें साजसज्जा कर्मचारियों के वेतन में व्यय कियाजागा।

7-25-9 अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्रों कीस्थापना

85 चालू में 4, 86-87 में 3 तथा 87-88 में 3 इसप्रकार 7 चालू तथा 3 प्रस्तावित स्थापना साजसज्जा में 340 हजार के व्यय का प्राविधान कियागया है । इसमें 30हजार रु0 हरजन बहुल क्षेत्र में व्यय किया जायगा ।

7-25-10 प्रा0स्वा0के0 का उच्चीकरण हेतु भवनों का निर्माण स्टाफ एवं साज सज्जा

5 प्रा0स्वा0 केंद्रों का उच्चीकरण प्रस्तावित है इसमें 500 हजार रुपये साज सज्जा स्टाफ के वेतन इत्यादि में व्यय किये जायगें ।

7-25-11 वर्तमान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का नवीनीकरण विस्तार बिजली पानी की व्यवस्था

इसके अंतर्गत प्रा0स्वा0के0 जतुआ टप्पा की चहार दीवारी का निर्माण कराया जागा जिसमें 100 हजार रुपये की धनराशिका प्रस्ताव है ।

7-25-12 राजकीय चिकित्सालयों एवं औषधालयें में रोगी शैयाओं की वृद्धि

जिला अस्पताल में 50 शैयाओं का नियमतीकरण प्रस्तावित है इस कार्य हेतु 75 हजार रु0 की धनराशिका प्राविधान है ।

7-25-13 तहसील स्थित चिकित्सालयों में मेडिकल सर्जिकल सुविधाओं की व्यवस्था

तहसील स्थित चिकित्सालयों में आपरेटस इत्यादि के लिए 100 हजार रुपये कीधनराशि प्रस्तावित है ।

7-25-14 शहरी तथा ग्रामीण चिकित्सालयों में जल सम्पूर्ति एवं विद्युतीकरण तविस्तार

जिलाचिकित्सालय में वाटर हेड टैंक प्राइवेट वार्ड डेनेज तथा लिंक रोड में 800 कीधनराशिका प्राविधान कियागया है ।

7-25-15 पुरुष तथा महिला चिकित्सालय की स्थापना

जगतपुर भिचकौरा में एक राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालय की स्थापना का प्रस्ताव है इसमें 35 हजार रु0 व्यय होंगे ।

7-25-16 तहसील स्थित चिकित्सालयों मुख्यालयों में एक्सरे तथा जल सम्पूर्ति

इस योजना के लिए 300 हजार रु0 की धनराशि का प्राविधान कियागया है । इसमें एक्सरे मशीन एक्सरे भवन तथा कर्मचारियों के वेतन में व्यय किया जायगा ।

7-25-17 चौरघर का निर्माण

7 हजार रु0 चौकीदार के वेतन में व्यय किया जायगा।

7-25-18महिला चिकित्सालयों तथास्वीकृत प्राथमिक स्वा0 केंद्रों और चुने हुए चिकित्सालयों में बाल रुजालय कीस्थापना

इस योजना के अंतर्गत । चालू । प्रस्तावित इसमें 50 हजार रुपये कीधनराशिका प्राविधान है। उपकरण कर्मचारियों के वेतन में व्यय कियाजायगा ।

7-25-19 अस्पतालों में डीजल जनरेटर की व्यवस्था उपकरण आदि

इस योजना के अंतर्गत डीजल जनरेटर तथा महिला चिकित्सालय मे लेव यूनिट की स्थापना में 230 हजार व्यय का प्राविधान कियागया है ।

7-25-20 क्षेत्र निरोधक औषधियां राज्य सेक्टर में स्थानांतरि

7-25-21 फाइलेरिया नियंत्रण - इस हेतु कोई धान

7-25-22 मलिरिया नियंत्रण ग्रामीण- प्रस्तावित नहीं है।

7-25-23 शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में होम्योपैथिक चिकित्सालय की स्थापना

10 चालू 3 प्रस्तावित इसमें 130 हजार का प्राविधान साजसज्जा वेतन में व्यय किया जायगा । 10 हजार हरिजन क्षेत्र में व्यय किया जायगा ।

7-25-24 आयुर्वेदिक यूनानी अस्पतालाओं एवं डिस्पेंसरियों का भवन निर्माण बिजली पानी की व्यवस्था

इस योजना के अंतर्गत आयुर्वेदिक चिकित्सालय के भवन निर्माण में 300 हजर रुपये का प्राविधान कियागया है।

इस प्रकार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य विभाग को 52-24 लाख रु० का परिव्यय प्रस्तावित है ।

7-26 जल निगम
==============

7-26 ग्रामीण जल सम्पूर्ति

जनपद रायबरेली में भारत सरकार द्वारा पोषित त्वरित कार्यक्रम के अंतर्गत 36 योजाओं पर पेयजल सुविधा

हेतु 1983-84 में निर्माणकार्य प्रारम्भ कियागया था। इन योजनाओं के अंतर्गत जल स्रोत के रूप में केवल एक नलकूप स्वीकृत किया गया था । इसके अतिरिक्त एक अवर जलागम राइजिंग मेन डिस्टव्यूसन पाइप पम्पगृह टांसमीशन लाइन पंपिंग प्लांट एवं बाउंडी वाल का भी प्राविधान किया गया था । उपरोक्त के अतिरिक्त जपद रायबरेली में कुछ और ऐसी योजनायें हैं जो राज्य सरकार व्दारा पोषित हैं एवं उनमें भी केवल एक नलकूप निर्मित है ।

ग्रामों में उचित जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए केवल एक नलकूप पर निर्भर नहीं रहा जा सकताहै क्योंकि एक नलकूप में यांत्रिक विदधुत खराबी आने पर योजना में जलपूर्ति अवरुद्ध हो जाती है अतः जल पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए योजना पर नलकूप नं0 2 की निर्माण करना अति आवश्यक है जैसा कि अन्य तमाम योजनाओं पर दो नलकूपों का निर्माण पूर्व में किया गया था ।

उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में भारत सरकार व्दारा पोषित 8 योजनाओं में नलकूप का प्राविधान तथा तत्सम्बंधित कार्य हरचंदपुर पेयज ल योजना के अंतर्गत 1 नग अवर जलाशय तथा 70 नग हैंड पंप के निर्माण हेतु 1987-88केसजिलायोजना में प्राविधान किया जा रहा है । जिसकी अनुमानित लागत रु0 66 लाख है । उक्त कार्य को वर्ष 87-88 में पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है ।

जिससे 169 ग्राम लाभान्वित होंगे । उक्त कार्य पुनरीक्षित न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अंतर्गत है ।

7-27 ग्रामीण पेयज ल §ग्राम्य विकास§

इस योजना के अंतर्गत वि ख०के माध्यम से हरिजन एवं निर्बल वर्ग के ग्रामों में कूप निर्माण कराया जाता है । 65 कूपों के निर्माण हेतु 6-50 ला ख रु० का परिव्यय प्रस्तावित है । यह योजना न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अंतर्गत है ।

7-28 ग्रामीण आवास§ग्राम्य विकास§

वि०ख० के माध्य से हरिजन एवं निर्बल वर्ग के आवास बनाने का.कार्य किया जाता है । वर्ष 1987-88 में 1-85लाख रु० का परिव्यय प्रस्तावित किया गया है । जिससे 84 आवास निर्मित किये जायेंगे । यह न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अंतर्गत है ।

7-29-1 ~~नवीन~~ श्रम विभाग

====================

7-29-1 नवीन श्रम कल्याण केंद्रों कीस्थापना तथा वर्तमान श्रम कल्याण केंद्रों में अतिरिक्त सुविधाओं का प्राविधान

योजना वर्ष 86-87 के लिए ~~1=लाख=रु०~~ स्वीकृत विकेंद्रित जिला सेक्टर योजना नामक प्रकाशित पुस्तक के अनुसार इस योजना के लिए 1 लाख रु० स्वीकृत हुआ था किंतु अभी तक बजट प्राविधान न होने के कारण यह धन मुक्त नहीं हो सका है । अत: उसका व्यय भी नहीं किया जा सका । किंतु आशा है कि वर्तमान विधान सभा के पावस सत्र में अनुपूरक मांगों द्वारायह रकम स्वीकृति और मुक्त हो जायगी । जिसके उपरांत उसका व्यय चालू वित्तीय

वर्ष में हो जायगा । चूंकि यह योजना चालू रहने वाली योजना है अतः वर्ष 87-88 में भी वचनबद्ध व्यय के रूप में इस मद में 72 हजार रु0 व्यय होगा जिसके लिए वर्ष 87-88 की जिलायोजना में 72 हजार रुपया वचन बद्ध व्यय के रूप में माग की जा रही है। विवरण संलग्न है ।

7-29-2 बंधुवा श्रमिकों का सत्यापन एवं पुनर्वासन

वर्ष 1985-86 के वार्षिक जिलायोजना में इस कार्य के लिए 40,000 का प्रस्ताव किया गया था जो जिलास्तरीय योजना समिति द्वारा मंजूर नहीं हो सका था । किंतु वर्तमान वर्ष में शासन स्तर से इस जिले के लिए 100 बंधुवा श्रमिकों का सत्यापन और पुनर्वासन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है । वर्ष 1985-86 इसकी सूचना जिलाधिकारी रायबरेली के पत्र सं0 1117 बीसू-2/86 दिनांक 7-8-86 द्वारा प्राप्त हुई है । यह योजना केंद्र द्वारा सहायता प्राप्त योजना है वर्ष 85-86 की योजना में धन का आवंटन न होने के कारण इस वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति में कठिनाई आयेगी । अतः वर्ष 87-88 की योजना में सावधानी के तौर पर धन उपलब्ध करने की आवश्यकता है को दृष्टिगत रखते हुए 3,126 रु0 प्रति बंधुवा श्रमिक की दर से 100 हजार रु0 का प्राविधान करने का प्रस्ताव है । इससे सत्यापित बंधुवा श्रमिकों के पुनर्वास में सुविधा होगी । इस वर्ष 19 बंधुवा श्रमिकों के होने की सूचना प्राप्त हुई है ।

(ख) राजकीय श्रमहितकारी केंद्र दुरभाडा नगर रायबरेली के लिए 7-29-3 टी0वी0सेट का क्रय

यह योजना वर्ष 84-85 में स्वीकृत हुई थी जिसमें स्वीकृत धनराशि रु0 3000 रु0 व्यय किया जा चुका है इस योजना के अंतर्गत वर्ष 1987-88 के लिए कोई मांग नहीं रक्खी ज रही है ।

7-30 शिल्पकार प्रशिक्षण

आई0टी0आई0 पुरुष एवं महिला में सुदृढ़ीकरण एवं साजसज्जा हेतु 2 लाख रु0 का परिव्यय प्रस्तावित है ।

7-31 सेवा योजन
============

वर्ष 1987-88 में इस विभाग को कोई परिव्यय प्रस्तावित नहीं किया गया क्योंकि पूर्व की योजनाऐं आयोजेतर हो गयी हैं ।

7-32 अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ी जाति का कल्याण
=====================================

जनपद रायबरेली वर्ष 1981 की जनगणना के अनुसार 1888 लाख आंकी गयी है । जिनमें से अनुसूचित जाति के व्यक्तियों की जनसंख्या 5-58 लाख है जो जनपद की कुल जनसंख्या का 29-5 प्रतिशत है । पिछड़ी जातियों की जनगणना अलग से उपलब्ध नहीं है किंतु इन जातियों की कुल जनसंख्या कुल जनसंख्या के 25 प्रतिशत आंकी जा सकती है । विमुक्त जातियों को जो अनुसूचित जातियों में सम्मिलित नहीं हैं उनकी जनसंख्या जनपद में नगण्य है । अनुसूचित जन

जातियाँ जनपद में निवास रत नहीं हैं ।

हरिजन एवं समाज कल्याण की योजनाओं का मूल उद्देश्य कमजोर वर्गों के जीवन स्तर को समुन्नत बनाकर इस योग्य बनाना है कि वे भी समाज के अन्य श्रेणियों वर्गों के समकक्ष आ सकें । इस उद्देश्य से अनुसूचित जाति विमुक्त जाति तथा अन्य पिछड़ी जातियों के शैक्षिक सामाजिक तथा आर्थिक विकास की योजनायें जनपद की वर्ष 1986-87 की जिलायोजना में शामिल की गयी थी और इसकी 1076000 रु० के प्रस्तावित परिव्यय के विरुद्ध 308000 रु की वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हुई है ।

(1) शिक्षा	1986-87 वित्तीय स्वीकृति	वर्ष 1986-87 अनुमानित व्यय	वर्ष 1987-88 कापरिव्यय
(क) अनु० जाति	274000	274000	650000
(ख) विमुक्त जाति	18000	18000	019000
(ग) पिछड़ी जाति	-	-	114000
योग	292000	292000	783000
(2) आर्थिक उत्थान			
(क) अनु०जाति	-	-	-
(ख) विमु० जाति	16000	16000	16000
(ग) पिछड़ी जाति	-	-	-
योग	308000	308000	799000

§अ§ अनुसूचि जातियों का कल्याण

शिक्षा
======

7-32-1 छात्रवृति पाठय पुस्तकीय तथा उपकरण हेतु अनावर्तक सहायता

§क§ जूनियर हाई स्कूल कक्षा .6 से 8

अनु0 जातियों में शिक्षा प्रसार के उद्देश्य से वर्ष 1986-87 की जिलायोजना के लिए इन जातियों के कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों के छात्रवृति पाठय पुस्तकीय एवं उपकरण हेतु अनावर्तक सहायता दिये जाने के निम्न लिखित वितीय स्वीकृतियां प्राप्त हुई हैं जिनका शतप्रतिशत उपयोग हो जायेगा ।

आगामी जिला योजना वर्ष 1987-88

	1986-87 की वितीयस्वीकृति	1986-87 अनुमानितव्यय	1987-88 का प्रस्तावितव्यय
§1§ निर्धनता के आधार पर	110000	110000	120000
§2§ योग्यता के आधार पर	44000	44000	50000

वर्ष 1987-88 की जिलायोजना में प्रस्तावित वृद्धि आवश्यकतानुसार छात्रों की संख्या के आधार पर कीगयी है जिसका इससे निर्धनता के आधार पर 902 तथा योग्य ता के आधारपर 365 छात्र लाभान्वित किये जायेंगे ।

(ख) प्रायमरी स्तर कक्षा 1 से 5

अनु0 जाति की कक्षा 1 से 5 तक की छात्रों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति पाठ्य पुस्तकीय तथा उपकरण हेतु नावर्तक सहायता के लिए वर्ष 86-87 की जिला योजना के परिव्यय के विरुद्ध जो वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हुई है तथा 87-88 के लिए प्रस्तावित परिव्यय का विवरण निम्न वत है। प्रायमरी स्तर कक्षा 1 से 5 तक के अनु0 जाति के छात्रों के लिए वर्ष 87-88 की जिला योजना प्रस्तावित परिव्यय हैं। निर्धनता के आधार पर 1110 तथा योग्यता के आधार पर 450 छात्र लाभान्वित किये जाने का लक्ष्य रखा गया है।

	1986-87 की स्वीकृति	1986-87 का अनुमानित व्यय	वर्ष 1987-88 प्रस्तावित व्यय
(1) निर्धनता के आधार पर	50000	50000	55000
(2) योग्यता के आधार पर	20000	20000	25000

7-32-2 अनु0 जाति की छात्राओं को अपरचुनिटी कास्ट अनुदान

प्रायः देखा गया है कि अनु0 जाति के परिवारों की महिलाओं /लड़कियों में शिक्षा का अभाव है। इनमें शिक्षा प्रसार करने और इनमें पढ़ाई छोड़ने की प्रवृत्ति को कम करने के उद्देश्य से इनके माता पिता/संरक्षकों को अपरचुनिटी अनुदान देने की योजना जिला योजना में वर्ष 85-86 में शामिल थी इस योजना के लिए वर्ष 85-86 में 9000 रुपये का परिव्यय 55 छात्राओं को लाभान्वित करने के लिए स्वीकृत था वर्ष 1986-87 की जिला योजना में भी प[illegible] व्यय 10000 का

परिव्यय प्रस्तावित कियागया था किंतु इस योजना की स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई । इस योजना की वर्ष 87-88 की जिलासे पुन: चलाये जाने का प्रस्ताव कियागया है और इसके लिए 15000 का परिव्यय है ।

7-32-3 दशम एवं दशमोतर कक्षाओं की अंतिम परीक्षाओं में प्रथम श्रेणी से उतीर्ण छात्रों के लिए विशेष पुरस्कार
=====================================

अनु0 जाति के दशम एवं दशमोतर कक्षा की अंतिम परीक्षा में प्रथम श्रेणी में अनु0 जाति के छात्रों के उत्साह वर्धन के लिए विशेषपुरस्कार दिये जाने की योजना जिला योजना में सम्मिलित कीगयी है। छात्रों को यह पुरस्कार नकद अथवा बस्तु के रूपमें दिया जाता है। इस योजना के लिए वर्ष 86-87 में 5000 रु0 का परिव्यय हुआ है इससे 10 छात्रों को लाभान्वित कियाजायेगा वर्ष 87-88 की जिलायोजना में 10000 रु0 का परिव्यय प्रस्तावित है ।

7-32- 4 अनक्लीन प्रोफेशान जैसे व्यवसाय करने वाले व्यक्तियों को बच्चों को पूर्वदशम कक्षा में छात्रवृति
==================

अनु0 जाति के व्यक्तियों को जो अस्वच्छ पेशों जैसे व्यवसायों में रत हैं के बच्चों को पूर्व दशम कक्षाओं में शिक्षा प्राप्त करने के लिए वर्ष 86-87 की जिला योजना में 15000रु0 का राज्य अंशकाप्राविधान प्रस्तावित कियागया है जिसकी वि..य स्वीकृति प्राप्त हो गयी है। यह केंद्र पुनिर्धानित योजना है2 इस के लिए 50 प्रतिशत कीधानराशि केंद्र सरकार से मिलेगी । इस योजना के

अंतर्गत 150 छात्रों को लाभान्वित किया जायेगा । वर्ष 87-88 की जिला योजना के लिए भी 15000 रु0 का परिव्यय प्रस्तावित है।

7-32-5 विभाग द्वारासहायता प्राप्त प्रायमरी पाठशाला पुस्तकालय एवं छात्रावास को अनुदान सुधार/विस्तार
===================

शिक्षा की सुविधा के साथ साथ छात्रों को आवासीय सुविधा प्रदान करने के लिए जनपद के 4 छात्रावास 4 प्रायमरी पाठशालायें व एक पुस्तकालय विभागीय अनुदान से विगत कई वर्षों से चलाये जा रहे हैं टाट पट्टी फर्नीचर शिक्षा उपकरण आदि के लिए अनुदान की व्यवस्था के अतिरिक्त इनके जिला योजना में संचालन किये जाने हेतु व्यवस्था किये जाने के आदेश हैं अत: इस कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 87-88 में वर्ष 86-87 के 20000 रु0 ~~विमुक्त जातियों का~~ के परिव्यय का विरुद्ध 3,60,000 परिव्यय प्रस्तावित है ।

7-32-6 छात्रवृति पाठय पुस्तीय तथा उपकरण हेतु अनावर्तक सहायता
============

(क) जूनियर हाई स्कूल स्तर कक्षा 6 से 8

विमुक्त जातियों की कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए निर्धनता व योग्यता के आधार पर छात्रवृति पाठय पुस्तकीय सहायता तथा उपकरण हेतु अनावर्तक सहायता देने का प्राविधान है। वर्ष 1986-87 की भांति 5000 जिलायोजना में परिव्यय स्वीकृत है तथा निर्धनता के आधार पर 5000 का परिव्यय स्वीकृत है जिसमें 27 छात्र

लाभान्वित होंगे । वर्ष 1987 [illegible]
निर्धनता तथा योग्यता के आधार पर क्रमश: 6000
तथा 5000 का परिव्यय प्रस्तावित है जिसमें 64 छात्र
लाभान्वित होंगे ।

(ख) प्रायमरी स्तर कक्षा 1 से 5

प्रायमरी कक्षा के विमुक्त जाति के कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों को भी शिक्षा प्राप्त करने के लिए निर्धनता व योग्यता के आधार पर छात्रवृत्ति व पुस्तकीय तथा उपकरण हेतु अनावर्तीय सहायता का प्राविधान वर्ष 86-87 की योजना में क्रमश: 6000 व 2000 रु का था । जिसकी स्वीकृति प्राप्त हो गयी है जिसमें 120 व 40 छात्र लाभान्वित होंगे । वर्ष 87-88 में इस योजना के लिए निर्धनता के आधार पर 6000 व योग्यता के आधार पर 2000 प्रस्तावित है जिसमें कुल 206 छात्र लाभान्वित होंगे ।

विमुक्त जाति आर्थिक उत्थान
======================

7-32-7 कृषि / बागवानी विकास हेतु अनुदान
=================

विमुक्त जाति के परिवारों को कृषि/बागवानी विकास के कार्य के लिए भी आर्थिक सहायता देने की योजना लागू है। इस योजना के लिए कुटीर उद्योग विकास हेतु वर्ष 86-87 जिला योजना में 8000 का प्राविधान है वर्ष 87-88 की जिला योजना में 8000 का परिव्यय 8 व्यक्तियों को लाभान्वित करने हेतु किया गया है ।

7-32-8 लघु कुटीर उदयोग विका[illegible]

==============================

विमुक्त जातियों को लघु कुटीर उदयोग धंधों की स्थापना और अपने पैतृक व्यवसायों के विस्तार के लिए आर्थिक सहायता देने की योजना लागू है । इस योजना के लिए वर्ष 86-87 की जिला योजना में 8000 का प्राविधान स्वीकृत है । वर्ष 87-88 की जिला योजना में भी 8000 का परिव्यय प्रस्तावित किया गया है जिससे 16 व्यक्तियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य है ।

अन्य पिछड़ी जातियों का विकास

==========================

7-32-9 छात्रवृत्ति पाठय पुस्तकीय एवं उपकरण हेतु अनावर्तक सहायता

=============

(क) अनु0 जाति व विमुक्त जातियों की भांति अन्य पिछड़ी जातियों में भी शिक्षा प्रसार के उद्देश्य से इन जातियों के कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए वर्ष 86-87 की जिला योजना में प्रस्तावित परिव्यय की स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है । वर्ष 87-88 की जिला योजना के निमित्त निर्धनता व योग्यता के आधार पर पुनः 28000 व 71000 का परिव्यय प्रस्तावित है ।

प्राथमिक स्तर कक्षा 1 से 5

===================

(ख) पिछड़ी जाति कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों को छात्रवृत्ति व पुस्तकीय सहायता एवं उपकरण हेतु अनावर्तीय सहायता दिये

जाने हेतु वर्ष 86-87 की जिला [illegible] नहीं हुई है। वर्ष 87-88 की जिला योजना हेतु [illegible] व योग्यता के आधार पर क्रमश: 5000 व 13000 का परिव्यय प्रस्तावित है।

7-32-10 गृह निर्माण/ सुधार अनुदान
============================

वर्ष 1986-87 में 6-64 लाख रुपये स्वीकृत हैं जिसके व्यय होने की संभावना नहीं है। अत: वर्ष 87-88 में कोई धनराशि प्रस्तावित नहीं की जा रही है।

7-33 समाज कल्याण
===============

समाज के कमजोर वर्गों जैसे विकलांगों निराश्रित विधवाओं को समाज में सम्मानित व्यक्तियों की भांति जीवन यापन करने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से समाज कल्याण क्षेत्र में वर्ष 85-86 में 13,98,000 तथा 86-87 में 13,98,700 परिव्यय स्वीकृत हुआ है जिसके विरुद्ध वर्ष 85-86 में 1872 व्यक्तियों को लाभान्वित f किया गया तथा 86-87 में 1883 व्यक्तियों को लाभान्वित करने क करने का लक्ष्य है। वर्ष 87-88 के लिए 1674260रु० का परिव्यय प्रस्तावित है। जिससे 2275 व्यक्तियों को समाज कल्याण की योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित किया जायगा।

~~7-33-4 नेत्रहीन बधिर तथा शारीरिक रूप से अक्षम विकलांगों को अनुदान~~

========

7-33-1 शारीरिक रूप से अक्षम तथा हड्डी के रोग से ग्रस्त विकलांगों को शिक्षा तथा व्यवसायिक प्रशिक्षण हेतु छात्रवृति
=========

शारीरिक रूप से अक्षम तथा हड्डी के रोग से

ग्रस्त विकलांग विद्यार्थियों को सामान्य शिक्षा व व्यवसायिक एवं वृतिक (टेक्निकल) शिक्षा प्राप्त करने के लिए वर्ष 86-87 में 5000 रु० परिव्यय निर्धारित है उसके विरुद्ध 2500 की वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हुई है इस योजना का अनुमानत 2500 रु० का व्यय होगा और इससे 24 व्यक्ति लाभान्वित होंगे वर्ष 87-88 के लिए 3000 रु० प्रस्तावित है ।

7-33-2 शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों के बच्चों को शैक्षिक तथा व्यवसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु छात्रवृति

=========

ऐसे विद्यार्थी जिनके संरक्षक माता पिता शारीरक रूप से व्याधिक एवं विलांग हैं तो भी शिक्षा ग्रहण करनेके लिए छात्र वृति की योजना गत वर्ष की भांति वर्ष 87-88 की जिलायोजना में सम्मिलित कीगयी है। इस योजना के लए वित्तीय एवं भौतिक लक्ष्य 86-87 के समान हैं ।

7-33-3 शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों को कृतिम अंग/समान आदिखारीदने के लिए अनुदान

==============

विकलांग व्यक्तियों की कार्य क्षमता एवं समाज में स्वावलम्बी जीवन विताने के उददेश्य से वर्ष 86-87 की भांति 87-88 की जिलायोजना में इस योजना के लिए परिव्यय प्रस्तावित कियागया है और इस के भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य वर्ष 86-87 के समान हैं।

7-33-4 नेत्रहीन बधिर तथा शारीरिक रूप से असहाय विकलांगों को अनुदान

===============

असहाय एवं निराश्रितविकलांगों जिनके जीवन यापन का कोई सहारानहीं है और वे समाज पर एक भार बने हुए हैं के भरण पोषण तथा उनको शोषण से बचाने के उद्देश्य से जनपद में उनके भरण पोषण हेतु योजना लागू कीगयीहै। वर्ष 86-87 में 288000 के विरुद्ध 295200 रु० की वित्तीय ~~सहस्र~~ स्वीकृति प्राप्त हुई है। अनुमानत: ये सम्पूर्ण धनराशि का उपभोग हो जायेगा और इससे 410 विकलांगों व्यक्तियों को लाभान्वित किया जा सकता है वर्ष 87-88 में 359000 परिव्यय प्रस्तावित था जिसमें 500 व्यक्ति लाभान्वित होंगे।

7-33-5 निराश्रित विधवाओं को सहायक अनुदान

==================

असहाय एवं निराश्रित विधवाओं को समाज में सम्मानित व्यक्तियों की भांति जीवन यापन करने का अवसर देने के उद्देश्य से इनके भरण पोषण तथा उनके बच्चों के भरणपोषण एवं उनकी शिक्षा दीक्षा के लिए सहाय अनुदान देने की योजनावर्ष 86-87 की भांति वर्ष 87-88 की जिलायोजना मेंशामिल की गयी है इस योजना के लिए वर्ष 86-87 में 10,88,800 रु० कीवित्तीय स्वीकृति प्राप्त हुई है जो इसका उपभोग वर्ष के अंत तक हो जायेगा जिससे 1410 विधवायें लाभान्वित होंगी। वर्ष 87-88 के लिए इस योजना के लिए 1224 रु० प्रस्तावित हैजिससे 190 अतिरिक्त विधवाओं को लाभान्वित कियाजयेगा इसप्रकार कुल 1600 विधवाओं को लाभान्वित किया

किया जयेगा

7-33-6 शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की मलिन मेहतर कालोनी में शिशुशाला का खोलना

====================

यह योजना वर्ष 86-87 की जिलायोजना मेंशामिल नहीं थी इसको वर्ष 87-88 के जिला योजना 75 रु0 का परिव्यय प्रस्तावित है यह योजना वर्ष 86-87 में राज्य सेक्टर के बजट पर चलायी जा रही है । इस योजना का मुख्य उद्देश्य शिशुशाला में प्रवेश देकर बच्चों की मा जो नौकरी परचली जाती है दिन के समय उनकी देख रेख एवं भरण पोषण करना है ताकि सफाइ कर्मचारी की मातायें अपने बच्चों की ओर निश्चिंत होकर अपना कार्य सुचारु रूप से करने में सक्षम हो सकें ।

7-34 पुष्टाहार (समाज कल्याण)

=========================

7-34-1 पूरक पुष्टाहार

==================

वर्ष 1982 से इस जनपद में पांच विकास खंडों में बाल विकास परियोजना संचालित है जिनमें हरचंदपुर, बछरावां महराजगंज ऊँचाहार तथा डलमऊ की परियोजनायें सुचारू रूप से संचालित की जा रही हैं । इन परियोजनाओं में पुष्टाहार कार्यक्रम महत्वपूर्ण

है । जिसका उद्देश्य 0-6 वर्ष ... आहार देकर उनकी मृत्यु दर में कमी करना तथा स्वास्थ्य एवं पौष्टिकता के स्तर को उठाना है । साथ ही धात्री एवं गर्भवती माताओं को भी भावी संतान को संपुष्ट रखना है जिससे भावी नागरिक स्वस्थ कुशाग्रबुद्धि एवं शिक्षित एवं उन्नत समाज की परिकल्पना को साकार करना है । जनपद में बाल विकास परियोजना सरेनी भी संचालित होनी है किंतु यह परियोजना स्वैच्छिक संस्था साक्षरता निकेतन लखनऊ के माध्यम से संचालित की जायेगी जिसके लिए व्यय का अनुमान इस परियोजनाओं के साथ नहीं दिया जा रहा है ।

उपरोक्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिए यह विभाग पूर्ण तथा कटिबद्ध है तदनुसार उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर है । वर्ष 87-88 हेतु अनुमानित व्यय का लक्ष्य लगभग रु0 54 लाख रखा गया है। इसके अतिरिक्त इस जनपद में तिलोई व बहादुरपुर एवं सलोन में भी बाल विकास परियोजनायें वर्ष 86-87 हेतु प्रस्तावित हैं किंतु उक्त परियोजनाओं की अनौपचारिक स्वीकृति शासनस्तर पर विचाराधीन है । जिसके लिए भी जिलायोजना के अंतर्गत व्यवस्था नहीं की जा रही है । अत: 54 लाख रुपये का प्राविधान प्रस्तावित है जिससे, गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले बच्चे गर्भवती एवं धात्री महिलाओं का स्तर ऊँचा उठाया जा सके ।

54 लाख रुपेय केंद्र अंश के रूप में प्राप्त होंगे यह योजना न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अंतर्गत आती है ।

अध्याय

स्थानीय संसाधन

8-1- जनपद में स्थानीय संसाधनों में प्रमुख स्रोत निम्न प्रकार है:-

1- व्यवसायिक बैंक (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक सहित)

2- जिला सहकारी बैंक तथा सहकारी समीतियां ।

3- जिला भूमि विकास बैंक ।

4- अनुसूचित जाति/जनजाति वित्त निगम ।

जनपद में दिनांक-31-3-86 तक कुल बैंक 145 हैं, जिसमें 27 सहकारी बैंक 7 भूमि विकास बैंक तथा 111 व्यवसायिक बैंक हैं । वर्ष 1986 में बैंकों से वित्तपोषण का लक्ष्य 1501.48 लाख रूपये प्रस्तावित है । जिसमें से व्यवसायिक बैंकों द्वारा 1054.59 लाख रूपये जिला सहकारी बैंक द्वारा 309.43 लाख रूपये तथा भूमि विकास बैंकों द्वारा 137.46 लाख रूपये वित्त पोषण किया जाना है । इसके अतिरिक्त जिला परिषद द्वारा तथा अन्य स्थानीय निकायों द्वारा धन उपलब्ध कराया जाता है । भूमि विकास बैंक अल्प सिंचाई कार्य हेतु उपकरण क्रय करने के लिये ऋण उपलब्ध करा रहा है । वर्ष 1985-86 में जिलासहकारी समीतियों द्वारा अल्प कालीन ऋण 239.39 लाख रूपये, मध्य कालीन ऋण 41.73 लाख रूपये तथा दीर्घकालीन ऋण 83.19 लाख रूपये का वितरण किया गया है । समितियों के अन्तर्गत जनपद के सभी 1725 आबाद ग्राम आते हैं ।

-:-

अध्याय-9

9-1 दीर्घ कालीन विकास की रूप रेखा:-

नियोजन प्रक्रिया के अन्तर्गत दीर्घकालीन परिप्रेक्ष्य में एक निर्धारित अल्प अवधि के भीतर आर्थिक विकास तीव्र करने तथा समान एवं संतुलित वितरण को सुनिश्चित कराने तथा प्राथमिकताओं एवं उद्देश्यों को निर्धारित करने का कार्य किया जाता है । दीर्घकालीन परिप्रेक्ष्य में अर्थ - व्यवस्था के विभिन्न सेक्टरों के अन्तर्गत क्षेत्रीय निर्भरता का भी पता चलता है वांछित विकास की दर एवं व्यवस्था एवं उसे प्राप्त करने में आने वाली बाधाओं का भी ज्ञान हो जाता है , और उससे इस ढाँचे की भी जानकारी होती है । जिसे ध्यान में रखते हुए सीमित संसाधनों की विभिन्न सेक्टरों के बीच उपयुक्त एवं संतुलित आवंटन करने के लिये सामयिक एवं सही निर्णय लेने में सहायता मिलती है ।

9-2 ग्रामों/शहरों में व्यापार ,वाणिज्य एवं परिवहन के कार्यक्रम का प्रस्ताव:-

हरचन्दपुर, डलमऊ, सरेनी, तिलोई, इन्हौना, परशदेपुर, और सलोन में वाणिज्य, व्यापार एवं परिवहन के विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तावित हैं । इन स्थानों पर मण्डी एवं उप मण्डी स्थलों के बन जाने से इन क्षेत्रों का व्यापारिक, वाणिज्य एवं परिवहन का पूर्ण सम्भावना है । ग्रामीण अंचलों में कृषि उत्पादन को इन मण्डी समीतियों द्वारा क्रय विक्रय एवं भण्डारण की सुविधा मिल जावेगी तथा उत्तरोत्तर विकास भी इन क्षेत्रों का होगा ।

ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में आगामी वर्षों में कृषि उत्पादन का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु सिंचाई के साधन उपलब्ध कराये जा रहे हैं । विश्व बैंक परियोजना के माध्यम से सलोन तथा डीह विकास खण्डों में 39 नलकूपों का निर्माण किया जा चुका है । वर्ष 1986-87 हेतु सामान्य कार्यक्रम के अन्तर्गत 15 नलकूपों का पुनः निर्माण कार्य प्रस्तावित है । इसके अतिरिक्त शारदा सहायक परियोजना के अन्तर्गत नहरों एवं गूलों का जाल बिछाकर असिंचित क्षेत्रों को सिंचित क्षेत्रों में परिवर्तित किया जावेगा । ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नतिशील बीजों के भण्डारण एवं संग्रहण हेतु भी एक बीज विधायन संयन्त्र की स्थापना की जा चुकी है । तथा आगामी वर्षों में इसका विस्तार भी किया जायेगा । उत्पादन में निरन्तर वृद्धि को ध्यान में रखते हुए शीतगृहों के निर्माण का लक्ष्य भी प्रस्तावित है । जिससे आलू व फलों का भण्डारण एवं वितरण का विशेष प्रबन्ध होगा ।

9-3 ग्रामीण एवं वृहद् उद्योग:-

ग्रामीण उद्योगों के विकास के साथ जनपद के बड़े उद्योगों का विकास निरन्तर हो रहा है । इस समय जनपद में 18 बड़े उद्योग तथा 1200 लघु उद्योगों का जाल बिछा हुआ है ।

अध्याय-10

वर्ष 1987-88 सप्तम् पंचवर्षीय योजना का तृतीय वर्ष होगा । अतः जिला योजना की संरचना करते समय राष्ट्रीय तथा राज्य स्तरीय प्राथमिकताओं का ध्यान रखा गया है जो निम्न प्रकार है:-

1- खाद्य पदार्थों तथा कृषि उत्पादन में वृद्धि ।

2- कृषि निर्भर लोगों के लिये ऐसे पूरक व्यवसाय और उत्पादन कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करना जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके ।

3- ऐसे उपाय करना जिसमें गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले परिवार की आय में वृद्धि हो सके और वह गरीबी रेखा से ऊपर आ सके ।

4- लघु एवं कुटीर उद्योगों में कार्यरत कारीगरों के उत्पादन एवं आय में वृद्धि करना ।

5- निर्धन में पिछड़े वर्ग के लोगों की आधारभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिये सुविधाएं प्रदान करना जिससे उनके रहन-सहन का स्तर ऊँचा उठ सके ।

6- कृषि उत्पादन में वृद्धि हेतु अधिक उपज देने वाली प्रजातियों के क्षेत्रफलों के विस्तार की रणनीति अपनायी गयी है । जिसके आधार पर वर्ष 1986-87 का धान उत्पादन का लक्ष्य 610 हजार टन निर्धारित किया गया है । जबकि वर्ष 1982-83 एवं 83-84 में जनपद का खाद्यान उत्पादन क्रमशः 444-6 हजार टन और 477-6 हजार टन था । वर्ष 1984-85 में खाद्यान उत्पादन 573-6 हजार टन का वर्ष 1985-86 में 600 हजार टन का लक्ष्य निर्धारित था सिंचाई साधनों के साथ-साथ उर्वरकों के प्रयोग की उपयोगिता बढ़ी है । जिसके फलस्वरूप उत्पादन में आशातीत वृद्धि हुई है ।

ट्राइसेम योजना एवं एकीकृत ग्राम्य विकास योजना के अन्तर्गत कुटीर उद्योगों एवं पूरक व्यवसाय वृद्धि हेतु उत्साहित किया जा रहा है । तथा विभिन्न एकीकृत योजनाओं के माध्यम से लघु एवं कुटीर उद्योगों में कार्यरत कारीगर की उत्पादकता बढ़ाने के साथ निर्धन एवं पिछड़े वर्ग के लोगों की आधारित आवश्यकताओं की पूर्ति कि विभिन्न सुविधायें प्रदान की जा रही है ।

एकीकृत ग्राम्य विकास योजना के अन्तर्गत प्रत्येक विकास खण्ड को पूर्व वर्षों की भाँति 16 विकास खण्डों के आधार पर 1986-87 में 8 लाख रूपये अनुदान के रूप में आवंटन करने का प्रयास है । जिसमें 4 लाख प्रत्येक विकास खण्ड के हिसाब से राज्य का अंश होगा । तृतीय उप सम्भाग में जो कि इस जनपद का दूरस्थ क्षेत्र होने के कारण आर्थिक रूप से पिछड़ा हुआ है, के उत्थान के लिये सभी विभागों द्वारा योजनायें प्रस्तावित की गयी है । इस क्षेत्र में सम्पर्क मार्गों का निर्माण, कृषि उत्पादन, कुटीर उद्योग धन्धों की स्थापना, भण्डारण एवं व्यवसायिक बैंकों का विस्तार व 20 सूत्रीय कार्यक्रमों के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यक्रमों के द्वारा इस क्षेत्र की जनता के पिछड़ेपन एवं आर्थिक दशा सुधारने का लक्ष्य रखा गया है ।

-:-

अध्याय

राष्ट्रीय न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम:-

11-1 राष्ट्रीय योजना में न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम को विशेष महत्त्व दिया गया है। योजना का एक उद्देश्य आर्थिक तथा सामाजिक दृष्टिकोण से पिछड़े हुए लोगों के रहन-सहन के स्तर को समुन्नत करना और उनका मौलिक आवश्यकताओं को पूरा करना है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कुछ राष्ट्रीय मानकों के अनुसार क्षेत्र के सभी भागों में सामाजिक सुविधाओं का जाल बिछाया जाना है। इस कार्यक्रम के निम्नांकित भाग हैं:-

1- प्राथमिक शिक्षा
2- प्रौढ़ शिक्षा
3- ग्रामीण स्वास्थ्य
4- ग्रामीण पेय जल
5- ग्रामीण सड़कें
6- ग्रामीण विद्युतीकरण
7- ग्रामीण निर्धनों के लिय आवास
8- पर्यावरण सुधार
9- पौष्टिक आहार

वर्ष 1986-87 में स्वीकृत तथा वर्ष 1987-88 में प्रस्तावित की जिला योजना में न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के परिव्यय का विस्तृत विवरण निम्न तालिका में दिया गया है।

क्रमांक	सेक्टर/विभाग	स्वीकृति परिव्यय वर्ष 1986-87 (रु0)	प्रस्तावित परिव्यय वर्ष 1987-88 (रु0)
1-	प्राथमिक शिक्षा	4231	~~4760~~ 3710
2-	चिकित्सा एवं जनस्वास्थ्य	768	1919
3-	1-पेयजल (जल निगम)	6520	6600
	2-ग्राम्य विकास (ग्रामीण पेयजल)	-	650
4-	ग्रामीण सड़कें एवं पुल	8390	9550
5-	ग्रामीण विद्युतीकरण	567	567
6-	ग्रामीण आवासों का विकास	185	185
7-	पुष्टाहार (समाज कल्याण)	5172	5400
8-	पर्यावरण सुधार (वन विभाग)	-	-
योग-		25833	~~29631~~ 28581

उक्त से स्पष्ट है कि न्यूनतम आवश्यकता [illegible] कार्यक्रम में पिछले वर्ष से परि-व्यय में 14.70 प्रतिशत की वृद्धि है ।

11-2-1-1 शिक्षा:-

शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक एवं परिणात्मक सुधार लाने हेतु प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के द्वारा जनपद के समस्त विकास खण्डों में निम्नतर क्षेत्रीय विषमताओं को कम किया जा सकता है । इस योजना के अन्तर्गत छठी योजना के प्रथम दो वर्षों में 16 जूनियर तथा 6सी0बे0स्कूल खोले गये । तथा 1984-85 में 12 जू0 बे0 स्कूल खुले थे । शासन द्वारा स्वकृत मानकों के आधार पर अभी 243 जू0बे0 तथा 35 सी0बे0 स्कूल खोले जाने का लक्ष्य था ।

वर्ष 1986-87 में 14 भवन रहित प्राइमरी पाठशाला तथा 7 भवन रहित जूनियर बेसिक स्कूलों के भवन निर्माण का कार्य स्वीकृत है । वर्ष 1987-88 में 5 जूनियर बेसिक तथा 2 सी0बे0स्कूलों का खोलना प्रस्तावित है ।

सातवीं पंचवर्षीय योजना की रणनीति का विवरण निम्न प्रकार है:-

1-5 किलोमीटर की दूरी तक एवं ग्रामीण क्षेत्र जिनमें प्राथमिक विद्यालय का अभाव है । 6-11 वर्ष आयु के सभी बच्चों के लिए नये प्राथमिक पाठशालाओं को खोलकर शिक्षा सुविधा प्रदान करना है । 800 जनसंख्या वाले सभी ग्रामों को जिनकी दूरी सी0बे0 स्कूल से तीन(3) किलोमीटर अनुसूचित जाति, जनजाति तथा पिछड़ें वर्गों का बच्चों का शैक्षिक स्तर सामान्य वर्ग के बच्चों के बराबर करना ।

1- नये सी0बे0 स्कूलों का खोला जाना ।

2-6-11 वर्ष आयु समूह के सभी बच्चों एवं 11-14 वर्ष आयु के समूह के 50% बच्चों का सारभौमिक प्रवेश ।

3- नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें, यूनीफार्म स्टाइपेन्ड एवं छात्रवृत्ति का प्राविधान करके लागातार उपस्थिति सुनिश्चित करना विशेष रूप से समाज के निर्धन वर्ग के लिये माध्यान्ह काल का भोजन एवं भवनों का प्राविधान कराना ।

11-2-1-2 प्रौढ़ शिक्षा:-

प्राथमिक शिक्षा के साथ-साथ अशिक्षित प्रौढ़ लोगों का क्षमता का विकास एवं आर्थिक सामाजिक तथा सांस्कृतिक विकास में क्रियात्मक योगदान देने हेतु प्रौढ़ शिक्षा भी आवश्यक है । इस जनपद में यह योजना वर्ष 1980-81 से चालू हुई विकास खण्ड बकरांवां तथा महराजगंज में 300 प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र कार्यरत हैं । जिनके माध्यम से वर्ष 83-84 में 35000 हजार प्रौढ़ों को तथा वर्ष 1985-86 तक 50,000 प्रौढ़ों को साक्षर बनाये जाने का प्रस्ताव है तथा वर्ष 1986-87 तक

50500 पौदों को [illegible] लगाये जाने का लक्ष्य है तथा वर्ष 1987-88 में 55 हजार लोगों को इस योजना के अन्तर्गत [illegible] कराने का लक्ष्य है ।

11-2- चिकित्सा एवं जनस्वास्थ्य:-

इस योजना के अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं उप केन्द्रों पर दवा सुनिश्चित करके स्थानीय लोगों की साधारण बीमारियों को ठीक करने एवं ऐसी अनिवार्य सेवायें जिनका कि विशेषज्ञ चिकित्सकों की तुरन्त आवश्यकता है देखभाल करें । 5 उप केन्द्रों का खोला जाना प्रस्तावित है ।

11-2-1 पेयजल:-

इस जनपद में जिन अंचलों में पेयजल की विशेष समस्या है वहाँ निगम के द्वारा पेयजल सुविधा का विस्तार किया जा रहा है । ग्रामीण अंचलों में 1985-86 के अन्त में 1175 ग्रामों के द्वारा पेयजल सम्पूर्ति की गई है । जिससे 782312 लोगों को पेयजल सुविधा उपलब्ध करायी जाती है । वर्ष 1987-88 में 169 ग्रामों को लाभान्वित किये जाने का लक्ष्य रखा गया है ।

11-3-2 हरिजन पेयजल योजना के अन्तर्गत 31-3-85 तक 1570 कूप निर्मित किए जा चुके हैं । वर्ष 1985-86 में राज्य सेक्टर से 100 हजार रुपये कूप निर्माण हेतु प्राप्त हुए हैं । वर्ष 1987-88 में 65 कूपों हेतु परिव्यय प्रस्तावित 6.50 लाख रुपये का है ।

11-4-सड़कें:-

अधिकतर ग्रामों में पक्की सड़कों की सुविधा का अभाव है । तथा संचार सुविधाओं की उपलब्धि के स्तर पर अधिक क्षेत्रीय असन्तुलन है । इस लिये 1500 से अधिक ग्रामों के श्रेष्ठता के आधार पर पक्की सड़कों से जोड़ने का प्रस्ताव है । ग्रामीण क्षेत्रों में खराब होने वाली ग्रामीण सड़कों से भी न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम में लिया गया है । वर्ष 1985-86 में 6 कि0मी0 पक्के कार्य का लक्ष्य रखा गया है । 7 कि0मी0 खड़न्जा एवं 35.5 कि0मी0 मिट्टी स्तर के कार्य का प्रस्ताव है । वर्ष 1986-87 में 23 ग्रामीण सड़कें एवं 2 पुल निर्माण हेतु प्रस्तावित है । वर्ष 1987-88 में 19 ग्रामीण सड़कें ली जावेगी ।

11-5 ग्रामीण विद्युतीकरण:-

राज्य योजना आयोग द्वारा निर्धारित न्यूनतम आवश्कता कार्यक्रम का लक्ष्य जो कि 40% ग्रामों का विद्युतीकरण है । इस जनपद में प्राप्त कर लिया गया है । इस जनपद के वि0प्र0 के अनुसार सभी ग्राम विद्युतीकृत है । अत: वर्ष 1983-84 में नलकूपों के ऊर्जाकरण ग्रामों का विद्युतीकरण तथा हरिजन बस्तियों के विद्युतीकरण का लक्ष्य प्रस्तावित है । वर्ष 1987-88 में एल0टी0मैन्स द्वारा 10 ग्रामों का विद्युतीकरण 10 हरिजन बस्तियों का विद्युतीकरण तथा 50 निजी नलकूपों के उर्जन का प्रस्ताव पुन: किया जा रहा है ।

11-6 ग्रामीण आवासों का विकास:-

निर्बल वर्ग की ग्रामीण जनता की आवासीय आवश्यकता अनुसूचित जाति, भूमिहीन कृषक मजदूर एवं अन्य पिछड़े वर्ग के लोगों को पूरी की जावेगी । वर्ष 1985-86 के अन्त में जनपद में इस वर्ग के लिये 1999 आवासों के निर्माण कराया गया था । वर्ष 1987-88 में 1.85 लाख रूपये 84 आवासों हेतु प्रस्तावित है ।

11-7 पौष्टिक आहार:-

बच्चों में कुपोषण की समस्या का मूलरूप से समाप्त करने के लिये यह आवश्यक है कि निर्बल वर्गीय गर्भवती महिलाएं एवं प्राथमिक स्कूल के बच्चों का विशेष रूप से ध्यान रखा जायेगा । जनपद में उपरोक्त वर्ग के लोगों को पौष्टिक आहार प्रदान करने की समस्या अधिक जटिल है । क्यों कि उनका आर्थिक स्तर काफी नीचा है । जनसंख्या की अधिकता के कारण गरीब परिवार के बच्चों को वांछित न्यूनतम आवश्यकता से भी कम भाग प्राप्त होता है । इस जनपद में ग्राम विकास विभाग तथा हरिजन एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा पौष्टिक आहार योजना का संचालन किया जा रहा है । ग्राम्य विकास विभाग द्वारा डीह में तथा हरिजन एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा सभी विकास विभाग द्वारा सभी विकास खण्डों में यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है । वर्ष 1984-85 में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा 770 लोगों को लाभ दिया जायेगा । तथा समाज कल्याण विभाग द्वारा 37-5 हजार बच्चों एवं महिलाओं को लाभ देने का लक्ष्य रखा गया है । वर्ष 1985-86 में ग्राम्य विकास के अन्तर्गत कोई योजना प्रस्तावित नहीं है। केवल समाज कल्याण विभाग द्वारा 120 हजार महिलाओं एवं बच्चों को इस योजना के अन्तर्गत लाभान्वित कराने का लक्ष्य रखा गया है । वर्ष 1986-87 में जिला योजना के अन्तर्गत 51.72 लाख रूपये का परिव्यय स्वीकृत है । वर्ष 1987-88 में इन्हीं केन्द्रों को चलाने हेतु 54 लाख रूपये का परिव्यय प्रस्तावित है । वर्ष 1987-88 में उनमें केन्द्र खोले जाने का भी प्रस्ताव है ।

अध्याय ...

पिछड़े समुदाय के लिए कार्यक्रम

जनपद में पिछड़े वर्ग के व्यक्तियों के अलग से आँकड़े उपलब्ध नहीं है । 1981 की जन गणना के अनुसार अनुसूचित एवं अनुसूचित जन जाति के व्यक्तियों की संखया 557848 थी ।

पिछड़े समुदायों अनुसूचित तथा परिगणित जातियों भूमिहीन अथावा कुशल श्रमिकों के त्वरित विकास हेतु शासन द्वारा एकीकृत ग्राम्य विकास योजना विशेष समन्वित योजना, स्पेशल कम्पोनेन्ट योजना, ट्राइसेम योजना एवं स्थानीय योजना के अन्तर्गत छोटी-छोटी योजनाएं तैयार की गई है । जैसे दुधारु पशुओं की योजना, मुर्गी पालन, भेड़ पालन, बकरी पालन, सुअरपालन, कुटीर उद्योग स्थापितकरना, शिल्पकारों एवं अन्य उद्योगों का प्रशिक्षण का देकर व्यापार एवं स्वत: रोजगार की योजना है । इन योजनाओं के माध्यम से इन वर्गों के व्यक्तियों को त्वरित लाभ पहुंचता है ।

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना के अधीन भी पिछड़े समुदाय के लोगों को सीधे रोजगार उपलब्ध कराया जाता है । उपरोक्त सभी योजनाएं इस वर्ग के लोगों के त्वरित उत्थान हेतु उपयुक्त है, वहाँ वह भी विशेष उल्लेखनीय है कि व्यावसायिक बैंकों की कार्य प्रणाली एवं ऋण वितरण की प्रक्रिया को सरल बनाने की आवश्यकता प्रतीत होती है ताकि अधिक से अधिक निर्बल लोगों को गरीबी रेखा के ऊपर लाया जा सके । इस वर्ग के लोगों को सहकारी समितियों के माध्यम से योजनाओं का कार्यान्वियन कराया जा सके । इसके अतिरिक्त इस वर्ग के लोगों में अधिक से अधिक प्रचार एवं आत्म विश्वास लगाने की आवश्यकता के माध्यम से कराई जाने की ग्रामीण अंचलों के दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले व्यक्तियों को त्वरित लाभ मिलने की सम्भावना है । विशेष गारण्टी योजना तथा लघु सीमान्त कृषकोंको सहायता के अंतर्गत भी इन्हीं वर्गों के लोगो को लाभ पहुंचाया जाता है । जिला योजना वर्ष 1987-88 हेतु हरिजनों के लिए 4595 हजार रुपए (31.10 प्रति) का प्राविधान प्रस्तावित है ।

13.1 जनपद के नए प्रस्तावित कार्यक्रम व अन्य विवरण

वर्ष 1987-88 में इस जनपद को 790-91 लाख रुपए परिव्यय शासन द्वारा आवंटित किया गया था जो कि गत वर्ष 1986-87 के परिव्यय से 13-45 प्रतिशत से अधिक है। जनपद को कुल आवंटित परिव्यय का विभागवार विवरण संलग्न है।

कुल परिव्यय का 258-08 लाख रु0 पूंजीगत परिव्यय हेतु प्रस्तावित है जो कि कुल परिव्यय का 32.63 प्रतिशत है।

न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अंतर्गत 296-31 लाख रुपए (37-46 प्रति0) का प्रस्ताव किया गया है। हरिजनों हेतु 245-95 लाख रुपया (31-10 प्रति0) का विभिन्न विभागों द्वारा वित्तीय परिव्यय मानकृत किया गया।

वर्ष 1987-88 के लिए कोई नई योजना नहीं प्रस्तावित की गई है। कुल नए कार्यक्रम चालू योजना के अंतर्गत के लिए गए हैं जिनका विभागवार विवरण निम्नवत है :-

1- कृषि :-

(क) राजकीय कृषि प्रक्षेत्रों पर बीज गोदाम के भवन निर्माण हेतु 5 लाख रुपया का प्राविधान किया गया है। इस हेतु हरचन्दपुर (विकासखण्ड हरचन्दपुर) तथा बीबीपुर (विकासखण्ड महराजगंज) का चयन किया गया है। इस हेतु भूमि उपलब्ध है।

(ख) जनपद के विकास खण्डों पर राजकीय कृषि बीज भाण्डार के के भवन निर्माण हेतु 4 लाख रुपए का प्राविधान परिव्यय प्रस्तावित किया गया है। इस हेतु सूमरी (विकास खण्ड खीरों) धुरवारा (विकास खण्ड डलमऊ) नसीराबाद (विकासखण्ड छतोह) फुरसतगंज (विकासखण्ड बहादुरपुर) का चयन किया गया है इस हेतु भूमि उपलब्ध है।

कृषि विभाग को सभी योजनाओं 22-59 लाख रुपया का परिव्यय प्रस्तावित है।

[illegible]

[illegible] 5-0[illegible] [illegible]

2- उद्यान विभाग ::- वर्तमान उद्यानों, प्रक्षेत्रों/पौधशालाओं के सुधार की योजना हेतु 2-65 लाख रुपया का परिव्यय निर्धारित किया गया है जिसके अंतर्गत फेन्सिंग आदि का कार्य सुरक्षा के दृष्टिकोण से किया जाएगा। सब्जी बीज वितरण मद पर 10 हजार रुपये का व्यय प्रस्तावित है।

उद्यान विभाग को कुल 5-03 लाख रुपए का परिव्यय प्रस्तावित किया गया है।

3- गन्ना ::- इस विभाग की सभी योजनाओं हेतु 5 लाख रुपए का परिव्यय प्रस्तावित है। इसमें गन्ना बीज, यातायात आधार गन्ना बीज उत्पादन तथा गन्ना विकास के प्रदर्शनों पर तथा नई चीनी मिलों में गन्ना विकास कार्यक्रम हेतु व्यय किया जाना प्रस्तावित है। गन्ना प्रदर्शनों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकाधिक प्रदर्शन करके ग्रामीणों को गन्ना कार्यक्रम की जानकारी दी जाएगी।

4- कृषि विपणन ::- वर्ष 1986-87 में लालगंज तथा छतोह में ग्रामीण गोदाम बनाने हेतु मण्डी परिषद को 1-41 लाख रुपए का वित्तीय परिव्यय दिया गया था परन्तु प्रशासनिक स्वीकृति आज तक प्राप्त नहीं हो पाई है जिसके कारण वर्ष 87-88 हेतु इस योजनान्तर्गत कोई धनराशि का प्रस्ताव नहीं किया जा रहा है।

5- भूमि सुधार ::- सीलिंग भूमि आवंटियों को आर्थिक सहायता देने हेतु वर्ष 1987-88 में 50 हजार का परिव्यय प्रस्तावित किया गया है। इतनी ही धनराशि केन्द्र सरकार के माध्यम से प्राप्त होगी। इससे लगभग 100 लोगों को लाभान्वित किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

6- निजी लघु सिंचाई ::- लघु/सीमान्त कृषकों को निः शुल्क बोरिंग हेतु 9-50 लाख रुपए का परिव्यय प्रस्तावित किया गया है। इससे 1000 लोगों को

इस विभाग को कुल 13-07 लाख रुपए का परिव्यय प्रस्तावित है ।

7- राजकीय लघु सिंचाई ::- वर्ष 87-88 में तीन नए राजकीय नलकूप लगाने हेतु 10-75 लाख रुपया का परिव्यय प्रस्तावित किया गया है । अवशेष स्थल चयन अभी नहीं हो सका है । अवशेष कार्यों तथा नलकूपों के पुनः निर्माण हेतु 56-25 लाख रुपए का परिव्यय प्रस्तावित किया गया है ।

इस प्रकार इस विभाग को कुल 75-00 लाख रुपए का परिव्यय प्रस्तावित है ।

8- भूमि एवं जल संरक्षण ::- इस विभाग के अंतर्गत दो इकाइयाँ डलमऊ तथा रायबरेली कार्यरत है । वर्ष 87-88 में केवल डलमऊ इकाई हेतु 12-00 लाख रुपए का परिव्यय प्रस्तावित किया गया है । रायबरेली इकाई हेतु परिव्यय प्रस्तावित नहीं किया गया है । जिला योजना समन्वय एवं कार्यान्वयन समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि रायबरेली इकाई को धनराशि बछरावां इकाई की भांति केन्द्र सरकार के माध्यम से दी जाए ।

ऊसर सुधार हेतु 11-33 लाख रुपए का परिव्यय निर्धारित किया गया है जिसके अंतर्गत 925 मी०टन जिप्सम एवं पाइराइट का वितरण किया जाएगा ।

इस प्रकार इस विभाग को 23-03 लाख रुपए का परिव्यय प्रस्तावित है

9- पशुपालन::- पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं तथा अन्य योजनाओं हेतु इस विभाग को 12-50 लाख रुपए का परिव्यय प्रस्तावित किया गया ।

10- मत्स्य::- इस विभाग को तालाबों के सुधार, अंगुलिका उत्पादन एवं वितरण हेतु 7-50 लाख रुपए का परिव्यय प्रस्तावित है ।

11- वन ::- सामाजिक वानिकी योजनान्तर्गत बृहद वृक्षारोपण कार्य हेतु 16 लाख रुपए शहरी क्षेत्रों में सामाजिक वानिकी हेतु 50 हजार एवं वन मनोरंजन के तीन केन्द्रों तथा लालगंज, डलमऊ तथा सलोन की स्थापना हेतु 1-50 लाख

[illegible] हेतु [illegible]

[illegible] कर्मचारियों [illegible] व्यवस्था [illegible] 60 [illegible] प्रस्तावित

किया गया है । इस प्रकार इस विभाग को [illegible] परिव्यय प्रस्तावित किया गया है ।

12- पंचायतीराज ::-
==================

इस विभाग को 20 पंचायत भावनों के निर्माण हेतु तीन लाख रुपए का प्रव्यिय प्रस्तावित है । इतना ही धन ग्राम सभा अपने कोष से व्यय करेगी । ग्रामीण खड़ंजा एवं नाली निर्माण हेतु 3 लाख रुपए का परिव्यय प्रस्तावित किया गया । अन्य योजनाओं हेतु 21 हजार का परिव्यय प्रस्तावित है ।

इस प्रकार इस विभाग को कुल 6-21 लाख रुपए का परिव्यय प्रस्तावित किया गया है ।

13- प्रादेशिक विकास दल ::-
========================

